3 राजधानी
पोषण के साथ लगेगा जायके का तड़का

6 अभिमत
लोकतांत्रिक गरिमा से वंचित राहुल गांधी

10 विदेश
रूसी मिसाइलों के हमले पांच यूक्रेनी की मौत

12 स्पोर्ट्स
मुंबई इंडियंस की जीत की हैट्रिक



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 123
नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




फडणवीस के बजट में महिलाओं-किसानों को राहत

राष्ट्रीय-11

# पाक-चीन ने उकसाया तो भारत देगा मुंहतोड़ जवाब

● अमेरिकी खुफिया तंत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा कहीं अधिक सैन्य बल के जरिए जवाबी कार्रवाई किए जाने की आशंका



प्रतीकात्मक चित्र

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** खुफिया तंत्र ने बुधवार को सांसदों से कहा कि उसे भारत-पाकिस्तान और भारत-चीन के बीच तनाव बढ़ने तथा उनके बीच संघर्ष होने की आशंका है। खुफिया तंत्र के अनुसार, पाकिस्तान के कथित या वास्तविक उकसावों की स्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहले की तुलना में भारत द्वारा कहीं अधिक सैन्य बल के जरिए जवाबी कार्रवाई किए जाने की आशंका है।

यह मूल्यांकन अमेरिकी खुफिया तंत्र के वार्षिक खतरे के आकलन का हिस्सा है, जिसे राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के कार्यालय द्वारा अमेरिकी कांग्रेस के समक्ष प्रस्तुत किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, भारत-चीन द्विपक्षीय सीमा विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने में लगे हुए हैं, लेकिन 2020 में दोनों देशों की सेनाओं के बीच हुए संघर्ष के मद्देनजर संबंध तनावपूर्ण ही रहेंगे। इस घटना के बाद से दोनों के बीच संबंधों की स्थिति गंभीर है। रिपोर्ट में कहा गया है, विवादित सीमा पर भारत और चीन दोनों द्वारा सेना का विस्तार दो परमाणु शक्तियों के बीच सशस्त्र टकराव के जोखिम को बढ़ाता है, जिससे अमेरिकी लोगों तथा हितों को सीधा खतरा हो सकता है। इसमें अमेरिकी हस्तक्षेप की मांग की जाती है।

पिछले गतिरोधों से स्पष्ट है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर लगातार निम्न-स्तर के संघर्ष तेजी से बढ़ सकते हैं। मई 2020 में दोनों देशों के बीच पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद से चीन और भारत के बीच संबंध बेहद तनावपूर्ण हैं। भारत का कहना है कि जब तक सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। रिपोर्ट के अनुसार, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ता तनाव विशेष रूप से चिंता का विषय है। हालांकि दोनों देश संभवत: 2021 की शुरुआत में नियंत्रण रेखा पर दोनों पक्षों के फिर से संघर्ष विराम पर राजी होने के बाद से अपने संबंधों को मजबूत करने के इच्छुक हैं। रिपोर्ट में कहा गया, पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों का समर्थन करने का लंबा इतिहास रहा है और पाकिस्तान की ओर से कथित या वास्तविक उकसावे का जवाब अब भारत द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहले से कहीं अधिक सैन्य बल के जरिए दिए जाने की आशंका है। भारत और पाकिस्तान के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान से कथित तौर पर अंजाम दिए जाने वाले सीमा पार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं। इस बीच, पाकिस्तान और अमेरिका ने एक और दौर की आतंकवाद रोधी वार्ता की। इस दो दिवसीय चर्चा में बहुपक्षीय मंचों पर आतंकवाद-रोधी सहयोग, क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी परिदृश्य का आकलन, साइबर सुरक्षा और हिंसक उग्रवाद का मुकाबला करने सहित कई विषयों पर ( शेष पेज 8 )

# ईडी ने सिसोदिया को किया गिरफ्तार

● आबकारी नीति मामले में जेल में बंद सिसोदिया की जमानत पर आज होगी सुनवाई, राहत मिली तब भी नहीं छूटेंगे



मनीष सिसोदिया की फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितता से संबंधित धन शोधन के आरोपों को लेकर बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया। ईडी ने तिहाड़ जेल में दूसरे दौर की पूछताछ में 51 वर्षीय नेता से आठ घंटे तक सवाल-जवाब किए।

एजेंसी ने आरोप लगाया कि सिसोदिया अपने जवाब में टालमटोल कर रहे थे और जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। सिसोदिया की जमानत याचिका पर सीबीआई अदालत के समक्ष 10 मार्च को सुनवाई होनी है, जिसके एक दिन पहले ईडी ने सिसोदिया को गिरफ्तार किया। दिल्ली में वर्ष 2021-22 के लिए बनाई गई और अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति को तैयार करने और इसे लागू करने में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा 26 फरवरी को गिरफ्तार किए जाने के बाद सिसोदिया फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में हैं। ईडी को एक विशेष पीएमएलए अदालत से पेशी वारंट प्राप्त करने की उम्मीद है, जिसके बाद एजेंसी पूछताछ के लिए सिसोदिया की हिरासत का अनुरोध करते हुए उन्हें शुक्रवार को अदालत के सामने पेश करेगी। ईडी ने सिसोदिया से पहले दौर की पूछताछ सात मार्च को की थी। यदि ईडी को सिसोदिया की हिरासत मिल जाती है, तो शुक्रवार को सीबीआई मामले में जमानत मिलने की स्थिति में भी उन्हें पूछताछ के लिए मध्य दिल्ली में एजेंसी के मुख्यालय ले जाया जाएगा और उनके बयान दर्ज करने के साथ ही अन्य आरोपियों से सामना कराया जाएगा।

बीते माह 26 फरवरी को गिरफ्तार सिसोदिया आबकारी नीति मामले में अनियमितता को लेकर 20 मार्च तक न्यायिक हिरासत में हैं। जांच एजेंसी के सिसोदिया से उनके पास मौजूद सेलफोन को कथित रूप से बदलने एवं नष्ट करने और दिल्ली के आबकारी मंत्री के रूप में लिए गए नीतिगत फैसलों तथा उनके कार्यान्वयन के समय के बारे में पूछताछ किए जाने की संभावना है। आरोप है कि 2021-22 में शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने से संबंधित दिल्ली सरकार की आबकारी नीति ने शराब व्यापारियों को साठगांठ का अवसर प्रदान किया और कुछ कारोबारियों को फायदा पहुंचाया, जिन्होंने इसके लिए कथित रूप से रिश्वत दी थी। हालांकि, आम आदमी पार्टी (आप) ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है। सूत्रों के अनुसार ईडी ने सिसोदिया से पूछा कि दिल्ली सरकार के आबकारी विभाग का आधिकारिक आबकारी नीति का मसौदा प्रकाशित होने से पहले कथित रूप से शराब व्यापारियों और कथित कार्टेल के पास कैसे उपलब्ध था।

उन्होंने बताया कि सिसोदिया से शराब नीति के मुद्दे पर जीओएम की बैठकों में भाग लेने/अध्यक्षता करने और इस पैनल के अन्य मंत्रियों और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ उनकी बातचीत के बारे में भी पूछताछ की गई। ईडी ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि उसकी जांच में पाया कि सिसोदिया सहित कम से कम 36 आरोपियों ने कथित घोटाले ( शेष पेज 8 )

## आतिशी बनीं नई शिक्षा मंत्री भारद्वाज को स्वास्थ्य विभाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कालकाजी** से आप विधायक आतिशी मार्लेना को दिल्ली का नया शिक्षा मंत्री बनाया गया है। वहीं, ग्रेटर कैलाश से विधायक सौरभ भारद्वाज स्वास्थ्य विभाग संभालेंगे। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राजभवन में दोनों नए मंत्रियों को शपथ दिलाई है।

इस मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। आतिशी शिक्षा के अलावा ऊर्जा और पर्यटन विभाग भी संभालेंगी। वहीं भारद्वाज स्वास्थ्य के साथ शहरी विकास, पानी और उद्योग विभाग का कार्यभार भी देखेंगे। भारद्वाज अरविंद केजरीवाल की 49 दिन की पहली सरकार में परिवहन मंत्री थे। दूसरी ओर आतिशी, शिक्षा के क्षेत्र में पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया की सलाहकार थी।

दिल्ली को अब, नया उपमुख्यमंत्री मिलने की संभावना नहीं है जो पहले मनीष सिसोदिया के पास था। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के मंत्री पद से इस्तीफे के बाद पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज और विधायक आतिशी को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों में क्रिकेट कूटनीति का तड़का

● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज ने अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा और अंतिम टेस्ट मैच देखा



भारत-ऑस्ट्रेलिया के कप्तानों के साथ पीएम नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज

**भाषा।** नई दिल्ली

**कूटनीति** की पिच पर खेलना एक कठिन काम है, लेकिन कई बार क्रिकेट के जरिए भारतीय नेताओं ने उपमहाद्वीप के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया। क्रिकेट कूटनीति बृहस्पतिवार को एक बार फिर तब सुर्खियों में आई, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा और अंतिम टेस्ट मैच देखा। दोनों नेताओं ने गोल्फ कार्ट (गोल्फ खिलाड़ियों को गोल्फ कोर्स ले जाने में इस्तेमाल होने वाला छोटा मोटर वाहन) में बैठकर विशाल स्टेडियम का एक चक्कर लगाया। मोदी और ( शेष पेज 8 )

## दोनों देश शिक्षा संबंधी योग्यता मान्यता तंत्र पर सहमत

**अहमदाबाद( भाषा )।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने बुधवार शाम को घोषणा की कि उनके देश और भारत सरकार ने ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा योग्यता मान्यता तंत्र को अंतिम रूप दे दिया है। अल्बनीस ने एक कार्यक्रम में आधिकारिक तौर पर यह घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया का डीकिन विश्वविद्यालय गुजरात के गांधीनगर के गिफ्ट सिटी में एक अंतरराष्ट्रीय शाखा परिसर ( शेष पेज 8 )

# पंजाब में 11,200 किसान बने भूमि के मालिक



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● राष्ट्रपति ने दी विधेयक को मंजूरी, वर्षों से 4,000 एकड़ से अधिक जमीन पर काबिज लोगों को मिला स्वामित्व का अधिकार

**पंजाब** में किसानों को तोहफा देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पंजाब के उस विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी है, जिसमें काश्तकारों को उस भूमि पर स्वामित्व का अधिकार मिल जाएगा, जिसे वे वर्षों से जोतते आ रहे थे, लेकिन उसे अपनी नहीं कह सकते थे।

राज्य में ऐसे 11,200 से अधिक किसान हैं जिनका लगभग 4,000 एकड़ से अधिक भूमि पर कब्जा है। अब ये किसान इस भूमि पर लोन भी सकेंगे और आपदा की स्थिति में सरकार इन्हें मुआवजा भी देगी। पंजाब भोंदेदार, बुटेमार, डोहलीदार, इंसार मिआदी, मुकर्रिदार, मुंधिमार, पनाही कदीम, सौंजीदार, या तारादादकर ( शेष पेज 8 )

# संसद में जांच एजेंसियों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

● बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू होने से पहले विपक्षी दलों की बैठक रविवार को होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** में सोमवार को शुरू हो रहे बजट के दूसरे सत्र के दौरान सरकार को घेरने के लिए विपक्ष नए सिरे से रणनीति बना रहा है। विपक्षी दल इस बार विरोधी नेताओं के खिलाफ सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग द्वारा शिकंजा कसने का मुद्दा जोर-शोर से उठाएंगे। इसकी रणनीति बनाने के लिए रविवार शाम को बैठक बुलाई गई है।

विपक्षी दलों के नेताओं ने कहा कि वे केंद्र द्वारा गैर-भाजपा शासित प्रदेशों से राजनीतिक प्रतिशोध और मनरेगा जैसी योजनाओं का धन रोके जाने, कथित चीनी घुसपैठ, मूल्य बढ़ोतरी पर स्पष्टता का अभाव जैसे मुद्दे को भी संसद में उठाएंगे। बजट सत्र का दूसरा चरण 7 अप्रैल को समाप्त होगा। जहां कांग्रेस अडानी समूह से संबंधित आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) जांच की मांग करती रही है, वहीं समाजवादी पार्टी, वामपंथी दलों और डीएमके जैसे अन्य दलों ने एजेंसियों का दुरुपयोग कर संघीय ढांचे और कथित हमले के ( शेष पेज 8 )

## मैंने कुछ गलत नहीं किया, जांच को तैयार: कविता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/हैदराबाद

● ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को किया तलब

**भारत** राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता ने बृहस्पतिवार को कहा कि चुनाव के समय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर नेताओं को निशाना बनाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कार्यशैली रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लगातार ईडी जैसी एजेंसियों को तेलंगाना भेज रही है, ऐसा इसलिए क्योंकि वहां इसी साल के अंत में चुनाव होने हैं।

कविता ने कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच का सामना करने के लिए तैयार हैं। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को तलब किया है। ईडी ने उन्हें बृहस्पतिवार को पेश होने के लिए बुलाया था, लेकिन एजेंसी 11 मार्च को पेश होने के उनके अनुरोध पर सहमत हो गई, क्योंकि उन्होंने महिला आरक्षण विधेयक के समर्थन में 10 मार्च को अनशन की घोषणा की है।

कविता महिला आरक्षण विधेयक को पारित करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को अनशन पर बैठेंगीं। उन्होंने कहा कि विधेयक वर्ष 2010 से ही ठंडे बस्ते में पड़ा है और मोदी सरकार के लिए ऐतिहासिक मौका है कि वह वर्ष 2024 से पहले इसे संसद से पारित कराए। कविता ने दावा किया कि माकपा और शिवसेना सहित 18 पार्टियों ने ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,806 | ⬇ | 541 | |
| निफ्टी | 17,589 | ⬇ | 164 | |
| सोना | 55,025 | ⬇ | 80 | /10g |
| चांदी | 61,955 | ⬇ | 390 | /kg |

## क्विक न्यूज

### वित्त मंत्रालय ने लाभार्थी स्वामी की परिभाषा कठोर की

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने धनशोधन कानून के अंतर्गत लाभार्थी स्वामियों की परिभाषा और सख्त कर दी है। मंत्रालय ने बैंकों और क्रिप्टो मंचों जैसी रिपोर्टिंग इकाइयों को अपने ग्राहकों से जानकारी एकत्र करना अनिवार्य कर दिया है। धनशोधन रोकथाम अधिनियम में हुए संशोधनों के अनुसार, किसी रिपोर्टिंग इकाई में 10 प्रतिशत स्वामित्व रखने वाले किसी व्यक्ति या समूह को अब लाभार्थी मालिक माना जाएगा, जो पहले 25 प्रतिशत था। वित्त मंत्रालय ने सात मार्च को संशोधित कानून सूचीबद्ध किए थे। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत बैंक और वित्तीय संस्थान, रियल एस्टेट और आभूषण उद्योग की कंपनियां रिपोर्टिंग इकाई है। इनमें कैसीनो और क्रिप्टो या वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के बिचौलियों को भी शामिल किया गया है।

# रामचंद्र पौडेल बने नेपाल के राष्ट्रपति

**भाषा।** काठमांडू



**नेपाली** कांग्रेस के उम्मीदवार रामचंद्र पौडेल बृहस्पतिवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में विजई घोषित किए गए हैं और वह देश के तीसरे राष्ट्रपति होंगे। पौडेल ऐसे समय राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं जब राजनीतिक अस्थिरता बढ़ रही है और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड के नेतृत्व में कमजोर गठबंधन सरकार शासन कर रही है।

पौडेल आठ दलों के गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार थे जिनमें नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल- माओइस्ट सेंटर (सीपीएन-माओइस्ट सेंटर) शामिल है। पौडेल को संसद के 214 सदस्यों और प्रांतीय विधानसभाओं के 352 सदस्यों का समर्थन मिला। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर मेरे मित्र रामचंद्र पौडेल को हृदय से बधाई। आठ पार्टियों के समर्थन की वजह से 78 वर्षीय पौडेल का निर्वाचित होना लगभग तय था। उनके खिलाफ पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-एकीकृत मार्कसिस्ट लेनिनिस्ट (सीपीएन-यूएमएल) के सुभाष चंद्र नेमबांग मैदान में थे। वर्ष 2008 में देश को गणतंत्र घोषित किए जाने के बाद यह तीसरा राष्ट्रपति चुनाव है।

नेपाल की निवर्तमान राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी का कार्यकाल 12 मार्च को समाप्त हो रहा है। राष्ट्रपति चुनाव में कुल 882 मतदाता हैं जिनमें 332 सदस्य संसद के हैं जबकि 550 सदस्य सात प्रांतीय विधानसभाओं के हैं। निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता शालीग्राम ने बताया कि राष्ट्रपति चुनाव में प्रांतीय विधानसभाओं के 518 सदस्यों और संसद के 313 सदस्यों ने ( शेष पेज 8 )

# मशहूर अभिनेता एवं फिल्मकार सतीश कौशिक नहीं रहे

**भाषा।** मुंबई

**अपने** चार दशक लंबे करियर में थिएटर, सिनेमा, टीवी और ओटीटी मंच पर अभिनय, निर्देशन, लेखक और बतौर निर्माता अपनी छाप छोड़ने वाले फिल्मकार सतीश कौशिक का बृहस्पतिवार तड़के दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 66 वर्ष के थे। कौशिक के परिवार में पत्नी और बेटी है।

फिल्म जाने भी दो यारो और मिस्टर इंडिया में यादगार भूमिकाएं निभाने वाले कौशिक के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित फिल्म जगत की अनेक हस्तियों ने शोक जताया है। अभिनेता को गुरुग्राम के अस्पताल ले जाया जा रहा था और इसी दौरान रास्ते में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। कौशिक ने अपने चार दशक लंबे करियर में थिएटर, सिनेमा, टीवी और ओटीटी मंच पर अभिनय, निर्देशन, लेखक और बतौर निर्माता अपनी छाप छोड़ी। उनके करीबी दोस्त एवं अभिनेता अनुपम खेर ने बताया कि कौशिक दिल्ली में अपने एक दोस्त के घर पर थे, जब उन्होंने बेचैनी होने की शिकायत की। खेर ने कहा, उन्होंने अपने वाहन चालक से उन्हें अस्पताल ले जाने को कहा। देर रात करीब एक बजे उन्हें (अस्पताल जाते समय) रास्ते में ही दिल का दौरा पड़ा। अभिनेता का पोस्टमार्टम दिल्ली के दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में किया गया।

दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) मनोज सी. ने कहा, जब भी किसी मौत की सूचना मिलती है, हम सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता) की धारा 174 के तहत नियमित कार्रवाई करते हैं। इसका मकसद यह पता लगाना होता है कि मौत रहस्यमय परिस्थितियों में हुई या अप्राकृतिक कारणों से मौत हुई। कौशिक का अंतिम संस्कार मुंबई के वर्सोवा श्मशान भूमि में लगभग रात आठ बजकर 30 मिनट पर परिवार के सदस्यों और अभिनेता अनुपम खेर तथा निर्देशक अशोक पंडित सहित





13-04-1956 से 09-03-2023

करीबी मित्रों की मौजूदगी में किया गया। कौशिक के प्रबंधक संतोष राय ने कौशिक के साथ उनके आखिरी पलों को याद करते हुए कहा, उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। उन्होंने मुझे फोन किया और मैं उन्हें अस्पताल ले गया। कौशिक ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर किए गए आखिरी पोस्ट में प्रसिद्ध गीतकार एवं लेखक जावेद अख्तर द्वारा सात मार्च को मुंबई में आयोजित वार्षिक होली समारोह की तस्वीरें साझा की थीं। सूत्रों ने बताया कि वह दिल्ली में अपने एक दोस्त के फार्महाउस पर होली मनाने के लिए पहुंचे थे। अस्पताल के सूत्रों बताया कि रात में उन्हें चक्कर आने लगे और उन्हें गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत लाया घोषित कर दिया। रूप की रानी चोरों का राजा से निर्देशन की दुनिया में कदम रखने वाले कौशिक ने हम आपके दिल में रहते हैं हमारा दिल आपके पास है, बधाई हो बधाई, तेरे नाम और मुझे कुछ कहना है जैसी कई फिल्मों का निर्देशन किया।

कौशिक नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) और फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के छात्र थे। उनके असामयिक निधन से फिल्म जगत और उनके प्रशंसकों में शोक व्याप्त है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, प्रख्यात फिल्मी हस्ती सतीश कौशिक के असामयिक निधन से दुखी हूं। वह एक रचनात्मक प्रतिभा थे, जिन्होंने अपने अद्भुत अभिनय और निर्देशन की बदौलत सभी का दिल जीता। उनके परिवार और प्रशंसकों के ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 मार्च, 2023



# 12 साल बाद 20 हजार फ्लैट खरीदारों की जगी उम्मीद

## यमुना एक्सप्रेसवे का बदलेगा प्रबंधन, टोल वसूली से मिले पैसों से बनेगा घर



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेपी इंफ्राटेक 22 से ज्यादा परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। जिनके करीब 32 हजार बायर्स है। 2007 में जेपी इंफ्राटेक ने बुकिंग शुरू की थी। इन 32 हजार में से 5 हजार खरीदार प्लाट से संबंधित है। करीब 12 हजार घर खरीदारों को उनका मकान दिया जा चुका है।

शेष करीब 20 हजार घर खरीदारों को अब उनका आशियाना मिलेगा। इसके साथ करीब 164 किमी लंबे एक्सप्रेस वे का प्रबंधन भी बदल दिया जाएगा। ऐसे में करीब 12 साल बाद जेपी के बायर्स को तीन साल में घर मिलने की उम्मीद है।

नोएडा क्षेत्र में सेक्टर 128, 129, 131, 133, 134 और 151 में लगभग 500 हेक्टेयर भूमि नोएडा प्राधिकरण द्वारा 2003 और 2011 के बीच विकास और निर्माण के लिए यमुना प्राधिकरण को दी गई थी। इस भूमि को कन्सेशन एग्रीमेंट के तहत जेपी को दिया गया है।

एनसीएलटी का ये आदेश आने के बाद जेपी इंफ्राटेक की नौ परियोजना, जेपी अस्पताल के अलावा यमुना एक्सप्रेसवे का अधिग्रहण सुरक्षा समूह के पास चला गया है। जिसका प्रयोग कर वह अपने खर्चे निकालेगी साथ ही घर खरीददारों के लिए मकानों का निर्माण करेगी।

जेपी इंफ्राटेक व यमुना विकास प्राधिकरण के बीच कंसेशन एग्रीमेंट 7 फरवरी 2003 को किया गया। इस समझौते के तहत जेपी इंफ्राटेक को 36 साल के लिए एक्सप्रेस.वे पर टोल वसूली का अधिकार दिया गया।

प्राधिकरण ने एक्सप्रेसवे के साथ जेपी इंफ्राटेक को पांच जगहों पर पांच पांच सौ हेक्टेयर जमीन लैंड फॉर डेवलपमेंट एलएफडी भी दी गई। यह जमीन नोएडा, यमुना प्राधिकरण में दनकौर के नजदीक, अलीगढ़ में टप्पल के पास व आगरा में दी गई। इन जमीनों के लिए करीब तीन दर्जन गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया गया।

यमुना में सेक्टर-19 व सेक्टर-26 के लिए के लिए मिर्जापुर, अच्छेजा बुजुर्ग, सलारपुर, डोंगरपुर रेलखा, ढिढौली शाहपुर, भूसाखेड़ा इसका अलावा जगनपुर असरगरपुर, औरंगपुर, अट्टागुजरान, गुनपुरा।

वहीं अलिगढ़ के पास टप्पल में जोहा नगर, चिकरपुर, कनसेरा। विशटाउन सेक्टर-128 में सुल्तानपुर, सदरपुर, असगरपुर, शाहपुर, गेझा, रोहिल्लापुर, बदौली बांगर, बदौली खुर्द के अलावा अन्य स्थानों पर दी गई एलएफडी जमीन के लिए अन्य गांवों की जमीनों का अधिग्रहण किया गया। यमुना एक्सप्रेस वे अभी तक जेपी इंफ्राटेक कंपनी के पास था।

एनसीएलटी के आदेश के बाद अब इसका संचालन सुरक्षा के पास चला जाएगा। एक्सप्रेस वे से होने वाली टोल वसूली और उसका रखरखाव सुरक्षा कंपनी ही करेगी। एनसीएलटी में जो योजना सौंपी गई है, उसमें भी बताया गया है कि टोली वसूली का पैसा भी परियोजनाओं को पूरा करने में खर्च किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा से आगरा तक 165 किलोमीटर लंबे एक्सप्रेस वे का प्रबंधन अब बदल जाएगा।

### इन प्रभावित परियोजनाओं पर होगा काम

केंसिंगटन पार्क.प्लॉट्स प्लॉट डवलपमेंट, यमुना एन्क्लेव, किंग्सवुड ओरिएंटल, जेपी अमन, पेबल कोर्ट, क्लासिक, केंसिंगटन पार्क अपार्टमेंट, कॉसमॉस, कासा आइसलेस, केंसिंगटन बुलेवर्ड, क्लूब, विश प्वाइंट, गार्डन आइसलेस, क्रीसेंट होम्स, यमुना विहार, सनवैली होम्स, तनिष्ठ स्क्वायर, विला एक्सपेंजा, बुद्ध सर्किट स्टूडियो फेज-1, नेचरव्यू अपार्टमेंट फेज.1, उड़ान बुलेवर्ड कोर्ट, अमन-3 फेज-1 आदि।

# बहुमंजिला इमारत से गिरकर बुजुर्ग की मौत, युवक घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सेक्टर 47 में सुबह आठवीं मंजिल से गिरकर एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वृद्ध ने आत्महत्या की है अथवा वह दुर्घटना का शिकार हुए हैं इसका पता लगाने के लिए पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। वो अपनी के साथ यहां रहते थे। जिस समय हादसा हुआ उस समय पत्नी घर में नहीं थी। उनके आने के बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

सेक्टर 47 चौकी प्रभारी अजय सिंह यादव ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि सेक्टर 47 के जलवायु टावर में रहने वाले एक व्यक्ति की आठवीं मंजिल से गिर कर मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान राजेश मलिक पुत्र चंद्र कुमार मलिक 65 वर्ष के रूप में हुई। राजेश मलिक जलवायु टावर में अपने परिवार सहित रह रहे थे और अपना व्यवसाय करते थे। उन्होंने बताया कि परिजन भी राजेश मलिक की मौत के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजेश मलिक ने आत्महत्या की है अथवा वह फिसल कर बालकनी से नीचे गिरे हैं इसका पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। वहीं इंदिरापुरम इलाके में 12वीं का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में तीसरी मंजिल से गिर गया। वह गंभीर रूप से घायल है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, छात्र का नाम अथर्व सिंह है। वो बोर्ड 12वीं का छात्र है और अभय खंड स्थित मिलन विहार फेज 2 में परिवार सहित रहता है। बुधवार शाम अथर्व सिंह अपने फ्लैट की तीसरी मंजिल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे अस्पताल लेकर गए।

# होली की मस्ती के दौरान डीजे पर डांस करते समय युवक को आया हार्ट अटैक, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


विनीत का फाइल फोटो

नगर के फफराना बस्ती मार्ग स्थित लक्ष्मी नगर कालोनी में डीजे पर डांस करने के दौरान 30 साल के एक युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। युवक की मौत के बाद से घर में कोहराम मचा हुआ है।

मृतक की कमाई से ही पूरे परिवार का लालन पालन होता था। नगर की फफराना बस्ती मार्ग स्थित लक्ष्मी नगर कालोनी निवासी विनीत कुमार 30 परिवार सहित रहते थे। वह फोटोग्राफर करके परिवार का लालन पालन करते थे। बताया जा रहा है कि बुधवार को पहले अपने परिवार व दोस्तों के साथ मिलकर जमकर होली खेली। होली खेलने के बाद वह कॉलोनी में ही बज रहे डीजे पर डांस करने लगे। बताया जा रहा हैं कि दस मिनट तक डांस करने के बाद अचानक पहले उनके सिर व सीने में जोर से दर्द हुआ। पहले उन्होंने अपना सिर पकड़ा और फिर छाती पर हाथ रखा और नीचे गिर गए। डीजे पर डांस करने वाले अन्य लोगों को काफी देर तक गिरने का पता ही नहीं चला। इसके बाद एक युवक ने उसे देखा। वहां पर मौजूद लोग उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल ले गए जहां पर मृत घोषित कर दिया गया।

डॉक्टर ने बताया की हार्ट अटैक होने से मौत हुई है। हार्ट अटैक से अचानक हुई युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

बता दें कि इन दिनों युवाओं की हार्ट अटैक से मौत के मामले अचानक बढ़ गए हैं। विनीत की हार्ट अटैक से हुई मौत के बाद परिवार के सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। विनीत की कमाई से ही पूरे परिवार का पालन होता था।

# बाथरूम में दंपती की मौत, गीजर की गैस से दम घुटने की आशंका

● एक घंटे बाद भी नहीं निकले तो पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


फाइल फोटो

गाजियाबाद में फैक्ट्री मालिक और उनकी पत्नी की बाथरूम में मौत हो गई। बुधवार को होली खेलने के बाद दोनों नहाने के लिए गए थे। दोनों के शव बाथरूम में ही पड़े मिले हैं। पुलिस का मानना है कि गैस गीजर से दम घुटने से दोनों की मौत हुई है। बाथरूम में वेंटिलेशन नहीं था। पुलिस को बाथरूम के अंदर सिलेंडर और गीजर मिले हैं। फिलहाल, पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

दीपक गोयल 40 और पत्नी शिल्पी 36 अपने दो बच्चों के साथ मुरादनगर की अग्रसेन कॉलोनी में रहते थे। शाम करीब 4 बजे वह नहाने के लिए बाथरूम गए। जब एक घंटे तक बाहर नहीं निकले और अंदर से कोई आवाज नहीं आई, तो बच्चों को कुछ शक हुआ। बच्चों ने आवाज लगाई, लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। इसके बाद बच्चों ने पड़ोसियों को बताया। पड़ोसियों ने आकर कांच तोड़कर दरवाजे की कुंडी खोली, तो पति.पत्नी बेसुध जमीन पर पड़े मिले। उन्हें तुरंत यशोदा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।हॉस्पिटल से मुरादनगर थाना पुलिस को पति-पत्नी की मौत की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस घर पहुंची। एक पुलिस अफसर ने बताया, जब वो जांच के लिए बाथरूम के अंदर पहुंचे, तो घुटन जैसी महसूस हुई। प्रॉपर वेंटिलेशन का इंतजाम नहीं था। बाथरूम में किसी तरह के कोई संदिग्ध हालात नहीं मिले हैं। दीपक गोयल ने कुछ महीनों पहले ही पेंट बनाने में इस्तेमाल होने वाले केमिकल की फैक्ट्री गाजियाबाद में खोली थी। पत्नी शिल्पी हाउस वाइफ थी।

परिवार में दो बच्चे थे, इसमें बेटी 14 साल और बेटा 12 साल का है। दीपक के एक भाई है, जो कस्बा मुरादनगर के मोहल्ला ब्रह्म सिंह में रहते हैं। परिजन ने भी गैस गीजर से दम घुटने से दोनों की मौत की बात कही है। गाजियाबाद के डॉ प्रदीप यादव बताते हैं, गैस गीजर के बर्नर्स से पैदा होने वाली आग से ऑक्सीजन की खपत अधिक होती है।

इससे कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा बढ़ जाती है। कार्बन मोनो ऑक्साइड भी बनती है। यह रंगहीन, गंधहीन और जहरीली होती है। यही गैस मौत का कारण बन जाती है। दिल तथा दिमाग को जरूरत के अनुसार, ऑक्सीजन न मिलने के कारण व्यक्ति बेहोशी में चला जाता है। उसकी मौत हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### धोखाधड़ी कर खाते से निकाले एक लाख



**गाजियाबाद।** मुरादनगर की ब्रजविहार कॉलोनी निवासी एक युवक से यूपीआई नम्बर बंद करने की बात कहकर खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर की ब्रजविहार निवासी संजय सिंह परिवार सहित रहते है। बताया कि कई दिन पहले मेरे पास एक युवक का फोन आया। फोन करने वाले ने अपने आपको बैंक का अधिकारी बताया। कहा कि आपके खाते से कोई लगातार पैसे निकाल रहा है। यदि आप चाहे तो यूपीआई नम्बर बंद कर सकता हूं। इसके बाद संजय सिंह ने उक्त युवक के अपने खाते व मोबाइल पर ओटीपी नम्बर की जानकारी दे दी। संजय सिंह ने बताया कि अपना खाता चैक कि चार बार में एक लाख रुपये नकदी निकाली जा चुकी है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है।

### स्टील का गेट बनवाने का झांसा देकर 94 हजार ठगे

**मुरादनगर।** आदर्श नगर कॉलोनी निवासी एक व्यापारी से स्टील का गेट बनवाने की बात कहकर उनके खाते से 94 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर की आदर्श नगर कॉलोनी निवासी मईनुद्दीन परिवार सहित रहते है। वह स्टील व लोहे के गेट बनाने का काम करते हैं। उनके पास एक युवक का फोन आया। फोन करने वाले युवक ने कहा कि आप स्टील का गेट बनाते हो क्या। इसके बाद मईनुद्दीन ने हां कर दी। इसके बाद उक्त युवक ने उनके मोबाइल नम्बर ले लिए। थोड़ी देर बाद ही उनके खाते से दो बार में 94 हजार रुपये से अधिक पैसे कटने का मैसेज आ गया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चोरी कर भाग रहे बदमाशों को पुलिस ने दबोचा



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-37 अरुण विहार सोसाइटी में चोरी कर भाग रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनका एक साथी अभी फरार है। इनके पास से घर में चोरी किया गया सामान भी बरामद किया गया है। ये लोग बंद घर में चोरी कर रहे थे। जैसे ही बाहर निकले किसी व्यक्ति इनको देख लिया और पुलिस को सूचना दी। इनकी पहचान जान मौहम्मद और नौशाद हुई है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि जैसे ही व्यक्ति ने चोरों की सूचना दी। सर्विलांस टीम को अलर्ट कर दिया गया। मौके से महज 100 मीटर की दूरी पर ही पीसीआर थी। पीसीआर को अपनी तरफ आता देख तीनों चोर सेक्टर की बाउंडरी फांदकर हरिजन बस्ती की तरफ कूद गए। पीसीआर ने अपनी लोकेशन बदली और हरिजन बस्ती की तरफगई। वहां पुलिस ने शोर मचाया। ये देख कर बस्ती में मौजूद लोगों ने शोर मचा दिया। जिसके बाद जान मौहम्मद और नौशाद को गिरफ्तार कर लिया गया। इनका तीसरा साथी रिजवान मौके से फरार हो गया। दीवार कूदने के दौरान इन दोनों के पैर में चोट भी लगी।

### डीएलएफ ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**नोएडा।** नोएडा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 समता अंगीकार करना एम्ब्रेस इक्विटी की थीम पर मनाया जा रहा है। नोएडा के डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया ने पूरे सप्ताह इसी थीम पर कई कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया। इसके साथ ही मॉल आगंतुकों को एक अनूठा अनुभव देने की परंपरा को बरकरार रखते हुए मॉल ने विशेष महिला दिवस शॉपिंग प्रमोशन कार्यक्रम की भी पहल की है। एक्टिव नोएडा की थीम के तहत डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उत्सव रविवार 5 मार्च से शुरू हुआ। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को स्वास्थ्य की देखभाल और फिटनेस के प्रति जागरूक करने के लिए एक्टिव नोएडा महिला दिवस दौड़ का आयोजन किया। इसका उद्देश्य महिलाओं को समान अवसरए प्रतिनिधित्व और जीवन की गुणवत्ता के अधिकार का समर्थन करना था। इस दौरान साड़ी रन और होली उत्सव जैसे मनोरंजक कार्यक्रमों को भी शामिल किया गया था।

# कार की खिड़कियों पर बैठी युवतियां, कटा चालान

● वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने 23 हजार 500 का लगाया जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा में होली के मौके पर स्टंट का एक फोटो सामने आया। इसमें दो लड़की कार की खिड़की के बाहर बैठकर स्टंट करती दिख रही है। जिस स्थान पर ये फोटो खींचा गया, वो नोएडा का सबसे पॉश एरिया सेक्टर.15ए के सामने की सड़क का है। यहां नोएडा के अधिकतर लोगों को आना.जाना रहता है।

पुलिस ने कार की नंबर प्लेट के आधार पर 23 हजार 500 रुपए का चालान किया है। पुलिस कार नंबर से कार चालक और लड़कियों की पहचान करने में जुटी है। ये फोटो इस कार के पीछे चल रहे किसी व्यक्ति ने खींच कर पुलिस को टैग करके एक्शन लेने के लिए कहा है। इसके बाद पुलिस ने चालान किया। बता दे नोएडा में अक्सर इस तरह के वीडियो और फोटो वायरल होते है। होली पर ये पहला स्टंट का फोटो सामने आया है। बता दे होली पर नोएडा में 5000 से ज्यादा पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगी थी। इसके बाद भी नोएडा के पॉश इलाके में इस तरह का स्टंट किया गया।

### रेलवे फाटक से टकराई कार

**गाजियाबाद।** तेज रफ्तार सेंट्रो कार रेलवे फाटक से जा टकराई। इस दौरान एक बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि उस वक्त बैरियर गिरा हुआ था और मालगाड़ी निकल रही थी। शुक्र रहा कि बैरियर से टकराकर कार रुक गई, वरना ट्रैक पर पहुंचने पर उसके परखच्चे भी उड़ सकते थे।

ये हादसा गाजियाबाद में कल्लूगढ़ी रेलवे फाटक पर हुआ। गेटमैन सतवीर सिंह के अनुसार, गुरुवार सुबह एक मालगाड़ी निकल रही थी। उन्होंने बैरियर नीचे गिराया हुआ था। दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद था। इसी दौरान एक सेंट्रो कार तेजी से बैरियर में आकर टकराई। इससे बैरियर क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं कार के शीशे टूट गए। हालांकि ये शुक्र रहा कि कार वहीं पर रुक गई।

# सड़क हादसों में दो की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। दोनों ही युवक डिलीवरी ब्यॉय का काम करते थे। होली के दिन काम पर जाते हुए दोनों युवकों को कार चालकों ने टक्कर मार दी। उसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया वहां डॉक्टरों ने इनको मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि बंटी 23 नोएडा में डिलीवरी बॉय का काम करता था। बुधवार को बंटी डिलीवरी करने के लिए जा रहा था। जैसे ही वह पृथला सेक्टर-112 सर्विस रोड पर पहुंचा तो एक अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से बंटी की स्कूटी पर टक्कर मार दी। उसके बाद स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई और बंटी बुरी तरीके से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सेक्टर 113 थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं सेक्टर 39 थाना क्षेत्र में सलारपुर में दीपक के साथ रहे थे। दीपक बिग बास्केट में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। होली के दिन वह डिलीवरी करने के लिए लोटस बुलेवर्ड अपनी स्कूटी से जा रहा था।

# दनकौर में घर से बुलाकर बाउंसर की हत्या

● दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज, शव पोस्टमार्टम को भेजा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दनकौर कस्बे में बुधवार की रात होली के बहाने घर से ले जाकर एक बाउंसर की दो आरोपियों ने हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसके शव को बाइक पर रखकर आरोपी कहीं सुनसान जगह पर फेंकने के लिए ले जा रहे थे। उसी दौरान लोगों ने आरोपियों को देख लिया। इस दौरान आरोपी मौके से शव को फेंक कर फरार हो गए। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। फिलहाल जांच चल रही है।

ऊंची दनकौर को निवासी अर्जुन शर्मा का बेटा मनीष शर्मा 23वर्ष ग्रेटर नोएडा में स्थित एक अस्पताल में बाउंसर का काम करता था। बताया जाता है कि बुधवार की शाम कस्बे के रहने वाले राशिद और सलमान उसके घर बाइक लेकर आए और होली खेलने के बहाने उसको घर से ले गए। देर शाम को परिवार के लोगों को सूचना मिली कि मनीष बेहोश अवस्था में कस्बे के नजदीक पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो उसकी हालत खराब थी। जिसके बाद उसको ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

परिवार के लोगों का कहना है कि आरोपी उसे घर से बहाने से ले गए थे। जिसके बाद आरोपी हत्या करने के बाद उसके शव को बाइक पर बीच में रखकर कहीं फेंकने के लिए जा रहे थे। लोगों के शोर मचाने पर आरोपी शव को मौके पर ही फेंक कर फरार हो गए।

### वाहन चोर गिरोह के 5 बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** पुलिस ने एनसीआर में वाहन चोरी करने वाले गिरोह के 5 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 5 बाइक बरामद की हैं। बदमाश अपने शौक पूरा करने और प्रेमिका को महंगे गिफ्ट देने के लिए वाहन चोरी करते थे।

एसीपी मोदीनगर रितेश त्रिपाठी ने बताया कि पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम फरमान उर्फ कैथल, इन्तजार उर्फ भालू, आरिफ , शाहरुख निवासी गांव भोजपुर और गौरव निवासी गांव फजलगढ़ बताया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए बदमाश शातिर वाहन चोर गिरोह के बदमाश हैं।


होली पर्व सकुशल सम्पन्न कराने के बाद यातायात कार्यालय में पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# दर्द निवारक का अधिक प्रयोग किडनी के लिए घातक



● व्यस्त जीवनशैली,के कारण बिना डॉक्टरी सलाह लोग ले रहे है दवाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


डॉ. आशुतोष सिंह

व्यस्त जीवनशैली, बढ़ती महंगाई और इंटरनेट के बढ़ते चलन से सेल्फ मेडिकेशन और पेनकिलर्स लोगों की आदत बन चुकी है। लोग मेडिकल स्टोर से फार्मासिस्ट को समस्या के लक्षण बताकर दवाई ले रहे हैं। जबकि यह आदत गंभीर बीमारी के जन्म के साथ किडनी को खराब कर रही है। यह बातें मेट्रो अस्पताल में सीनियर कंसलटेंट यूरोलॉजिस्ट डॉ आशुतोष सिंह ने विश्व किडनी दिवस पर कही। किडनी मुख्य रूप से यूरिया, क्रिएटिनिन, एसिड जैसे नाइट्रोजनयुक्त वेस्ट मटेरियल उत्पादों से ब्लड को फिल्टर करने के लिए जिम्मेदार होती है। यह सभी टॉक्सिन्स हमारे ब्लैडर में जाते हैं और पेशाब करते समय बाहर निकल जाते हैं। लाखों लोग किडनी की कई तरह की बीमारियों के साथ रहते हैं और इनमें से ज्यादातर को इसका अंदाजा नहीं होता। यही वजह है कि किडनी की बीमारी को अक्सर साइलेंट किलर के रूप में जाना जाता है। किडनी खराब होने के लक्षण इतने हल्के होते हैं कि ज्यादातर लोगों को बीमारी के बढ़ने तक कोई अतंर महसूस नहीं होता। जब चोट लगने, हाई ब्लड प्रेशर या फिर मधुमेह के कारण किडनी डैमेज हो जाती हैंए तो यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को फिल्टर नहीं कर पाती। जिससे जहर का निर्माण होता है। ऐसे में किडनी ठीक से काम नहीं करती और टॉक्सिन जमा हो सकते हैं। शुरुआती अवस्था में उपाय करने से किडनी को खराब होने से रोका जा सकता है। हाई ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल से पीड़ित लोगों में किडनी के जल्दी खराब होने का जोखिम सबसे ज्यादा रहता है। इसलिए इन लोगों को अपने स्वास्थ्य पर नजर बनाए रखनी चाहिए।

मेडिकल टेस्ट से शुरुआती चरण में समस्याओं का पता लगाने और इलाज शुरू करने में मदद मिलती है। कब्ज जैसी समस्या को दूर करने के लिए लैक्जेटिव मेडिसिन इस्तेमाल में लाई जाती हैं। साधारण तौर पर किसी भी डिलीवरी या सर्जरी के पहले पेट साफकरने के लिए ऐसी दवाएं दी जाती हैं, लेकिन इन दवाओं का लंबे समय तक सेवन करने से पेट में दर्द, डिहाइड्रेशन, लैक्जेटिव कोलाइटिस, लूज मोशन, किडनी में स्टोन और हार्ट की मसल्स में कमजोरी हो सकती है।

# शराब पीकर गाली-गलौज, दो पक्षों में जमकर हुआ पथराव

● मामले में आठ लोगों के घायल होने की खबर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के निलौनी शाहपुर गांव में होली पर दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ है। साथ ही घरों में घुसकर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। इस घटना में दोनों पक्षों के करीब 8 लोग घायल हुए हैं। जिनका पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना में पुलिस ने दोनों पक्षों के करीब कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले में जांचकर आगे की कानूनी कार्रवाई करने की बात कह रही है।

पुलिस ने बताया कि निलौनी शाहपुर गांव में बुधवार शाम होली पर शराब पीकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों तरफ से जमकर पथराव और लाठी.डंडे भी चले इस घटना में दोनों पक्षों की कई लोगों को चोटें आई हैं।

पुलिस का कहना है कि इस घटना में सोनू व किशन पुत्र पन्नालाल, मोमराज पुत्र श्याम सिंह व तेज सिंह पुत्र गेंदा लाल समेत 8 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी आरोपियों ने पथराव किया। इस दौरान पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। जबकि अन्य पुलिस को चकमा देकर वहां से फरार हो गए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 मार्च, 2023



# एसयूवी ने 2 कारों व 3 ठेलों को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

## तेज रफ्तार का कहर- थार ने दो बच्चों समेत आठ लोगों को कुचला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

होली के मौके पर राजधानी दिल्ली में थार का की रफ्तार का कहर देखने को मिला है। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के बसंत विहार मलाई मंदिर के पास तेज रफ्तार थार ने कई लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने चालक के खिलाफ तेज गति से गाड़ी चलाने और लापरवाही से लोगों की जान जाने का मामला दर्ज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच से पता चला है कि गिरफ्तार चालक एसयूवी के मालिक के यहां काम करता था। कार का मालिक दिल्ली से बाहर है, इसलिए गाड़ी की चाभी चालक के पास थी।

पुलिस उपायुक्त मनोज सी के मुताबिक, यह हादसा बुधवार को हुआ और वसंत विहार पुलिस थाने को शाम को साढ़े सात बजे इसके बारे में सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंचने पर एक महिंद्रा थार एसयूवी, दो अन्य कार और तीन ठेले क्षतिग्रस्त मिले। पूछताछ के दौरान पता चला कि हादसा एसयूवी चालक के तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण हुआ। दुर्घटना में बच्चों समेत कुल आठ लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। हादसे में घायल लोग शिवा कैंप, वसंत विहार, एकता विहार और आरके पुरम के रहने वाले हैं। दो घायलों-मुन्ना और समीर ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे के बाद एसयूवी का चालक फरार हो गया था, लेकिन उसे बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।


दुर्घटनाग्रस्त कारें। फोटो: रंजन डिमरी

# होली व शब-ए-बारात पर कटे 8,550 चालान

**पायनियर समाचर सेवा।** नई दिल्ली

यातायात पुलिस ने इस साल शब-ए-बारात और होली पर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ 8,550 से अधिक चालान काटा। इनमें कई दुपहिया वाहन चालकों का चालान हेलमेट नहीं पहने होने की वजह से काटे गए जबकि कुछ पर शराब पीकर वाहन चलाने के लिए जुर्माना लगाया गया।



दोनों त्योहारों से पहले पुलिस ने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे शब-ए-बारात और होलिका दहन के दिन बाइक से स्टंट करने वालों के खिलाफ सख्ती बरतें। यातायात पुलिस ने दावा किया कि महत्वपूएर्ण स्थानों पर पुलिस कर्मियों की तैनाती और कानून का सख्ती से पालन कराने की वजह से इस साल होली पर जानलेवा दुर्घटनाओं की संख्या कम रही। पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि 759 यातायात पुलिस अधिकारियों की विशेष टीम पूरे शहर में शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने, लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाओं को रोकने के लिए तैनात की गई थी। शब-ए-बारात के दिन यातायात पुलिस ने कुल 908 चालान काटे जिनमें से 70 शराब पीकर वाहन चलाने, 109 दुपहिया पर तीन लोगों के सवार होने, 438 चालान बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने, 42 चालान रंगीन शीशे होने और 227 अन्य उल्लंघनों के मामले में काटे गए।

होली के दिन कुल 7,643 चालान काटे गए जिनमें शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में 559 चालान, दुपहिया वाहन पर अधिक सवारी के मामले में 698 चालान, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने के मामले में 3,410 चालान, बिना सीट बेल्ट के मामले में 312 चालान, शीशा रंगने के मामले में 215 चालान और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में 2,449 चालान काटे गए।

# सिसोदिया व जैन के विभाग आतिशी-सौरभ को मिले

- उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने दिलाई पद और गोपनियता की शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली।



केजरीवाल सरकार के कैबिनेट की तस्वीर बदल गई है। दिल्ली सरकार को सौरभ भारद्वाज और आतिशी मार्लेना के रूप में दो नए मंत्री मिल गए हैं। शराब घोटाले में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया और हवाला केस में जेल में बंद सत्येंद्र जैन के इस्तीफे से खाली जगह इन दो विधायकों ने ली है। आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश विधानसभा से विधायक हैं।

वहीं, आतिशी कालकाजी सीट से विधायक हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बृहस्पतिवार को सौरभ और आतिशी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद सीएम केजरीवाल ने कहा कि सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने नए मंत्री के तौर पर शपथ ली है। वह उन दोनों को बधाई देते है। जिस तरह से मनीष और सत्येंद्र अच्छा काम कर रहे थे, उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए सौरभ भारद्वाज और आतिशी भी अच्छा काम करेंगे। कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा जैसे जब भगवान राम को वनवास हुआ था, तब उनके छोटे भाई भरत ने उनकी खड़ाऊ को रखकर 14 साल तक शासन किया था। उसी तरह सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के लोगों के जो काम किया है, जब तक वो दोनों इन झूठे मामलों से छूट कर बाहर नहीं आते हैं, तब तक दोनों ये जिम्मेदारी संभालेंगे। उनके वापस आने के बाद वही दोनों लोग शिक्षा और स्वास्थ्य समेत अन्य जिम्मेदारियों को आगे लेकर जाएंगे।

उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश रही है कि दिल्ली की जनता का कोई भी काम नहीं रूकना चाहिए। बिजली, पानी, स्कूल और अस्पताल अरविंद केजरीवाल सरकार की प्राथमिकताएं रही हैं और इन प्राथमिकताओं को हम लोग भी आगे लेकर जाएंगे। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि वह ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि सिसोदिया और जैन जल्द जेल से रिहा होकर वापस आएंगे और अपना काम संभालें।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के स्वास्थ्य, शिक्षा और जल विभाग में फ्लैगशिप प्रोगाम चल रहे हैं। इसके अलावा यमुना को साफ व निर्मल बनाना और हर घर तक पानी पहुंचाना भी उनके एजेंडे में है।

# सीबीआई, ईडी के खिलाफ पत्र लिखने वाले विपक्षी नेता भ्रष्ट : मनोज तिवारी

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता एवं सांसद मनोज तिवारी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखने वाले सभी विपक्षी नेता भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली आबकारी नीति मामले में आप के नेता मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद भ्रष्टाचारियों में दहशत है। उन्होंने आरोप लगाया कि पत्र लिखने वाले नेताओं का उद्देश्य केंद्रीय एजेंसियों पर हमला करने का नहीं है, बल्कि भ्रष्टाचार के मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाना है।

तिवारी ने पत्रकारों से कहा, प्रधानमंत्री को पत्र लिखने वाले सभी नौ नेता भ्रष्टाचार में शामिल हैं और उनका उद्देश्य सीबीआई और ईडी पर हमला करना नहीं है, बल्कि भ्रष्टाचार के वास्तविक मुद्दे से लोगों का ध्यान भटकाना है। तिवारी ने आरोप लगाया कि सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद भ्रष्टाचारियों में दहशत है और जो लोग कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलते थे, वे अब भ्रष्टाचारियों को गले लगा रहे हैं।

# पूर्व डिप्टी सीएम का जेल से खुला पत्र शिक्षा की राजनीति भाजपा को हराएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने हिरासत के दौरान शिक्षा की राजनीति बनाम जेल की राजनीति पर एक खुला पत्र लिखा है।



इस पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा की राजनीति से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को समस्या है क्योंकि यह राष्ट्रों का निर्माण करती है, नेताओं का नहीं। उन्होंने लिखा, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की तुलना में राजनीतिक विरोधियों को जेल में डालना बहुत आसान है। उन्होंने लिखा, शिक्षा की राजनीति कोई आसान काम नहीं है और निश्चित तौर पर राजनीतिक सफलता का नुस्खा भी नहीं है। आज जेल की राजनीति भले ही भाजपा के शासन में जीत रही हो, लेकिन भविष्य शिक्षा की राजनीति का ही है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 2021-22 की शराब नीति तैयार करने और इसके कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में 26 फरवरी को सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। यह नीति अब रद्द की जा चुकी है।

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

- 100 से अधिक कारें की चोरी, ऑटो बजार में बेचते थे पुर्जे



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अपराध शाखा ने एक वाहन चोर और चोरी की कारें खरीदने वाले रिसीवर समेत गोदाम मालिक को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की 5 कार, बड़ी संख्या में चोरी की कारों के कल-पुर्जे, कारों को खोलने वाले औजार और नंबर प्लेट बरामद किए गए हैं। आरोपियों ने अब तक सौ से अधिक कारें चोरी कर उसके कल-पुर्जे खोलकर मायापुरी के ऑटो बाजार में बेचने की बात कुबूल की है। आरोपियों की पहचान बख्शीश सिंह उर्फ मैनी, संदीप सिंह उर्फ सन्नी और बलवंत सिंह के रूप में हुई है। बख्शीश और संदीप दोनों सगे भाई हैं।

विशेष आयुक्त, रवींद्र सिंह यादव के मुताबिक पिछले साल दिसंबर में हुंडई क्रेटा कार की चोरी के संबंध में पटेल नगर थाने में एक मामला दर्ज किया गया था। बाद में मामले की जांच अपराध शाखा को सौंप दी गई थी। जांच के दौरान एएसआई शैलेंद्र व सिपाही नवीन कुमार को एक गिरोह के बारे में पता चला, जो वाहनों को चुराता था और निलोठी एक्सटेंशन स्थित गोदाम में उसके कल-पुर्जे खोलकर बेच देता था। भूतल पर स्थित गोदाम पर छापा मारने पर पता चला कि चोरी की कारों को नष्ट करने के लिए उक्त गोदाम का उपयोग किया जा रहा था। गोदाम से चोरी की गई कारों के पुर्जे बरामद किए गए। इसे बख्शीश सिंह व संदीप सिंह ने किराए पर लिया था।

गोदाम से चोरी की गई तीन कारें और तीन अन्य चोरी की कारों के पुर्जे बरामद किए गए। चोरी की गई पंजाब पंजीकृत हुंडई क्रेटा कार की नंबर प्लेट भी बरामद किए गए। छापे के दौरान बख्शीश सिंह व संदीप सिंह मौके से भाग निकले, लेकिन बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ से पता चला कि बलवंत और गुरबख्श वाहन चोरों से चोरी की कारें खरीदते थे और गोदाम में उसके पुर्जे खोलकर मायापुरी में बेच देते थे।

# डूटा ने डीयू में फंड कटौती को लेकर एलजी को लिखा पत्र

- वेतन, बिलों के भुगतान को पूरा करने के लिए धन की भारी कमी : प्रो.भागी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

डीयू शिक्षक संघ ने दिल्ली सरकार के वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए वेतन और अन्य बकायों का भुगतान करने के लिए जारी समुचित धनराशि के दावे को गलत बताया है।

डूटा अध्यक्ष प्रो. एके भागी और सचिव डॉ. सुरेंद्र सिंह का कहना है कि वेतन और अन्य बिलों के भुगतान को पूरा करने के लिए धन की भारी कमी है। अधिकांश कॉलेज गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 में जारी राशि वास्तविक राशि से काफी कम है उन्होंने मांग की है कि कर्मचारियों को वेतन और पेंशन का नियमित भुगतान किया जाना चाहिए।

प्रो एके भागी ने कहा कि शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारियों का वेतन संशोधन और पदोन्नति, चिकित्सा बिलों की प्रतिपूर्ति और एलटीसी के एरियर्स भी नही दिए गए हैं।

# जाली दस्तावेजों पर बैंकों से कर्ज, तीन व्यक्ति गिरफ्तार

- आरोपियों ने एक बैंक से की 2.5 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके कर्ज लेकर कई बैंकों से धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक बैंक से 2.5 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी किए जाने का आरोप है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने कहा कि ऋण प्राप्त करने के लिए वे कुछ व्यक्तियों के साथ मिलकर आधार कार्ड बनवाते या अपडेट करवाते थे। इन व्यक्तियों को वे एक निश्चित धनराशि देने का वादा करते थे।

उपायुक्त ने कहा कि वे ऋण का इस्तेमाल करके कार खरीदते और फिर ज्यादा दामों पर उन्हें बेच देते थे। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने नई कारों के लिए पैसे का प्रबंध करने को लेकर जाली आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों का उपयोग करते हुए



विभिन्न बैंकों में कई बचत खाते खुलवाए थे। उपायुक्त ने कहा कि उन्होंने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके कई ऑनलाइन बचत खाते खुलवाए और एचडीएफसी बैंक से अलग-अलग बार कुल मिलाकर 2.5 करोड़ रुपए से अधिक का ऋण लिया।

साथ ही विभिन्न बैंकों से कर्ज लेकर 10 से अधिक कार खरीदीं। पुलिस ने कहा कि भुगतान में गड़बड़ी करने के बाद वे उस पते से गायब हो जाते थे, जो उन्होंने बैंक को प्रदान किए थे। उन्होंने कहा कि विजय चौधरी, बीरेंद्र और कुलदीप को गिरफ्तार किया कर लिया गया है। फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके ली गईं और बेची गईं दो कार और आठ लाख रुपए जब्त कर लिए गए हैं।

चौधरी इस मामले में मुख्य आरोपी है और दो अन्य आरोपी उसके सहयोगी हैं। पुलिस के अनुसार, एचडीएफसी बैंक से शिकायत मिलने पर यह मामला सामने आया। बैंक की ओर से कहा गया कि अलग अलग व्यक्तियों के नाम से ऑनलाइन खोले गए 15 बचत खातों की पहचान की गई है। इन लोगों ने कर्ज लिया लेकिन उसे नहीं अदा किया और अब इन लोगों का कोई अता-पता नहीं है।

## सौ से अधिक सहायक लोक अभियोजकों की पदोन्नति

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 108 सहायक लोक अभियोजकों को अतिरिक्त लोक अभियोजक के तौर पर पदोन्नत करने को मंजूरी दे दी है।

अभियोजन निदेशालय में लंबे समय से रिक्त अतिरिक्त लोक अभियोजकों के 150 पदों में से 108 को भरा जाएगा। एक अधिकारी ने कहा यूपीएससी को जल्द इन पदोन्नतियों को विनियमित करने के लिए कहा गया है। अभियोजन के समक्ष लंबित मामलों का तेजी से निस्तारण सुनिश्चित होगा। सक्सेना ने मुख्य सचिव को कर्मचारियों के मनोबल और सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों की समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया था।

# एनएचएआई पर लगा दो करोड़ का जुर्माना

- मुकरबा चौक से सिंघू बॉर्डर तक राजमार्ग के निर्माण में पर्यावरण नियमों का उल्लंघन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय हरित अधिकरण मुकरबा चौक से सिंघू बॉर्डर तक आठ लेन के राजमार्ग के निर्माण के दौरान पर्यावरण नियमों का पालन करने में विफल रहने पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को दो करोड़ रुपए का जुर्माना देने का निर्देश दिया है।

अधिकरण एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। याचिका में दावा किया गया है कि खामपुर गांव और अन्य हिस्सों में पानी का छिड़काव नहीं होने तथा प्रतिपूरक वनीकरण के सिद्धांतों का पालन नहीं करने और हरित राजमार्ग नीति का अनुपालन नहीं करने के कारण धूल उड़ रही है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण अध्यक्ष न्यायमूर्ति ए. के. गोयल की पीठ ने कहा कि अधिकरण ने पिछले साल नवंबर में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण विभाग के निदेशक से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी थी। पीठ ने कहा कि संयुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी, लेकिन अवसर प्रदान किए जाने के बावजूद एनएचएआई अपनी टिप्पणियों तथा सिफारिशों का खंडन करने में विफल रहा। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी के साथ विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल हैं। वायु प्रदूषण नियंत्रण मानदंड सतत विकास का एक आवश्यक घटक है और धूल उत्पन्न करने वाली किसी भी गतिविधि को धूल नियंत्रण उपायों के साथ किया जाना चाहिए, लेकिन ये उपाय नहीं किए गए। उपचारात्मक कार्वाई तेजी से की जा सकती है और पिछले उल्लंघन के लिए एनएचएआई को एक महीने के भीतर दो करोड़ रुपए का जुर्माना देना होगा जिसे प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) और वन बल, हरियाणा के प्रमुख के पास जमा कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आम आदमी पार्टी का घर-घर अभियान 13 से



**नई दिल्ली।** सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सत्ताधारी पार्टी भाजपा का पर्दाफाश करने के लिए 13 मार्च से डोर-टू-डोर अभियान शुरू करेगी। इसके मद्देनजर आप ने दिल्ली के 250 वार्डों के प्रतिनिधियों को बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण दिया गया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को कहा कि मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी की ओर से मेगा डोर टू डोर कैंपेन चलाया जाएगा। हर वार्ड के अंदर डोर टू डोर कैंपेन के लिए टीमों के गठन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। यह सभी टीमें 13 मार्च से सभी वार्डों में घर-घर अभियान शुरू करेंगी। साथ ही मोहल्ला सभाएं भी आयोजित की जाएगी।

### स्ट्रोक से देश में हर चार मिनट में एक मौत

**नई दिल्ली।** देश में मौत का सबसे बड़ा कारण स्ट्रोक है। विशेषकर पिछड़े क्षेत्रों में इलाज और संसाधनों की कमी के कारण घातकता अधिक हो जाती है। यह कहना है यह कहना है अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), न्यूरोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. एमवी. पद्मा श्रीवास्तव का। सर गंगा राम अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्ट्रोक केयर और भारत के गरीब क्षेत्रों में स्ट्रोक संसाधनों की कमी विषय पर डॉ. पद्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत में हर साल करीब 1.85 लाख ब्रेन स्ट्रोक के मामले सामने आते हैं। इस अवसर पर प्रोफेसर कुसुम वर्मा ने कहा कि पेशेवर चुनौतियों को कम करने और पद्मभूषण डॉ. नीलम कलेर, अध्यक्ष, नियोनेटोलॉजी विभाग ने 'कभी ना न कहें' पर संबोधित किया। प्रोफेसर एनके. गांगुली, अध्यक्ष, रिसर्च विभाग, सर गंगा राम अस्पताल की अध्यक्षता में इसका आयोजन किया गया।

### सीएम के पास साफ छवि वाला विधायक नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की जगह सौरभ भारद्वाज और आतिशी मार्लेना मंत्री बनाए गए हैं। इन दोनों को दिल्ली सरकार मंत्री बनाए जाने पर प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि शराब घोटाले के मुख्य आरोपी मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन का इस्तीफा मंजूर करने के बाद दिल्ली सरकार में शराब घोटाले के दागी सौरभ भारद्वाज और आतिशी को मंत्री बनाने के निर्णय से साबित होता है कि केजरीवाल के पास मंत्री बनाने के लिए साफ छवि वाले विधायक नहीं हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक भ्रष्ट लोगों को मंत्री पद पर बैठाकर दिल्ली की जनता से मिले बहुमत का अपमान कर रहे हैं। अनिल चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 28 दिसंबर, 2013 को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लिया था।

# दिल्ली फूड फेस्टिवल : पोषण के साथ लगेगा जायके का तड़का

## मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में पर्यटन विभाग का तीन दिवसीय आयोजन, वेज-नॉनवेज से सजेंगे स्टाल

- भारतीय और विदेशी व्यंजनों की होगी भरमार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली पर्यटन विभाग एक बार फिर राष्ट्रीय राजधानी में स्वादिष्ट व्यंजनों का जायका लोगों तक तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल के माध्यम से पहुंचाने जा रहा है। इस बार फेस्टिवल में भारतीय राज्यों के व्यंजनों के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का तड़का लगेगा। इस फेस्टिवल में प्रवेश निशुल्क होगा।

दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार के सहयोग से अनेक मेलों एवं उत्सवों का आयोजन करता रहा है। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली पर्यटन विभाग 10 मार्च से 12 मार्च तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में फूड फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है।

इस उत्सव का समय सुबह 11 बजे से रात्रि 11 तक रखा गया है। फूड फेस्टिवल का शुभारंभ 10 मार्च शाम 4 बजे दिल्ली सरकार के पर्यटन मंत्री राजकुमार आनन्द बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। इस तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल में खाने के शौकीनों को भारतीय राज्यों के व्यंजनों के साथ अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे। जहां भारतीय व अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों के जायके के साथ इनके पोषण मूल्यों की भी जानकारी दी जाएगी। स्वादिष्ट व्यंजन के साथ पोषण का इस फेस्टिवल में खास ख्याल रखा गया है। ताकि भारतीय संस्कृति के व्यजंनों को लोगों तक उसी रूप में पहुंचाया जा सके।

### मोटे अनाज और कई प्रदेशों के पकवानों का होगा संगम

फूड फेस्टिवल में मोटे अनाज के व्यजंनों के साथ भारतीय भोजन विभिन्न प्रकार की कलाओं का संगम देखने को मिलेगाञ इसमें बंगाली खाना, दक्षिणी भारतीय खाना, मारवा ?ी खाना, शाकाहारी खाना, मांसाहारी खाना आदि सभी शामिल है। इस उत्सव का आयोजन 50 प्रमुख रेस्तरां, होटल के साथ टूरिज़्म कॉरपोरेशन के सहयोग से किया जा रहा है। जिसके तहत नि:शुल्क स्टॉल और बिजली, पानी की व्यवस्था दी जा रही है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजेगी महफिल

इस उत्सव में साहित्य कला परिषद् द्वारा आगंतुकों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इसके अलावा शाम 6.30 बजे से रंगारंग कार्यक्रम होंगे। जिसके तहत 10 मार्च को मृग्या, 11 मार्च को इंडियन ओसियन और 12 मार्च को परिक्रमा बैंड द्वारा खास प्रस्तुति की जाएगी।

### इन देशों का जायका होगा उपलब्ध

तीन दिवसीय फूड फेस्टिवल में अरेबियन, इंडोनेशियन, इतालवी, मैक्सिकन, आस्ट्रेलिया, चाइनीज व्यंजन आंगतुकों के लिए खास आकर्षण होंगे।

### कनॉट प्लेस में लगेगी फूलों की प्रदर्शनी

**नई दिल्ली। कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी (फ्लावर फेस्टिवल) में चीन और जापान सहित कई जी-20 सदस्य देश सप्ताहांत हिस्सा लेंगे। एनडीएमसी ने एक बयान में कहा कि इसका उद्देश्य जी-20 के सदस्यों और अतिथि देशों की विविधता और रंगों को प्रदर्शित करना है। बयान में कहा गया है कि एनडीएमसी जी-20 पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन 11 और 12 मार्च को कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न रंगों और किस्मों के फूलों के पौधों को विभिन्न रूपों में प्रदर्शित किया जाएगा।**

## अभिनव कौशल के दम पर बनाई पहचान

**प्रयागराज।** दो हजार तेईस की धमाकेदार गर्मियों को और खास बनाते हुए स्लाबइस ने बॉलीवुड दिवा और सुपरस्टार कियारा आडवाणी को ब्रैंड एंबैसडर बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही ब्रैंड ने अपना नया और मज़ेदार समर कैम्पेबन आम का अहसास सबसे खास भी जारी किया है। यह घोषणाएं एक स्पेशल ब्रैंड इवेंट के दौरान की गईं। नए कैम्पेन के बारे में अनुज गोयल एसोसिएट डायरेक्टर स्लाकइस एंड ट्रॉपिकाना पेप्सिको इंडिया ने बताया हम कियारा आडवाणी को नए ब्रैंड एंबैसडर के तौर पर अनुबंधित करते हुए बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं। कियारा ने अपने जबर्दस्त अभिनय कौशल और अपने स्टा इलिश पर्सोना के दम पर पहचान बनायी है और हमारे लक्षित ग्राहक वर्ग के बीच उनका फैन बेस काफी बड़ा है।

## मूक बधिर दिव्यांग ने 3 गोल्ड मेडल जीते

**अयोध्या।** मूक बधिर दिव्यांग ने 3 गोल्ड मेडल जीते जूडो एसोसिएशन फैजाबादसे 8 बच्चों का चयन ग्यारहवें जूडो राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु हुआ था जो के 0डी 0सिंह बाबू स्टेडियम में पैरा ब्लाइंड जूडो एसोसिएशन की ओर से हुआ था। सभी वहां अपने कोच संजय के साथ गए थे। वहां पर बच्चों ने मेहनत के साथ फाइट किया और 3 गोल्ड निकाले। गोल्ड पाने वाले खिलाड़ियों के नाम है। जिग्नेश सोनी ए हिमांशु सिंह और अभिषेक। बच्चों की संस्था एवं जूडो एसोसिएशन के महासचिव राघवेंद्र अवस्थी तथा सर्वेश अवस्थी ए दीनबंधु ए शिवकुमार मिश्र एए रमेश त्रिपाठी आदि ने बधाई दिया है ज्ञात हो की सभी बच्चे मुस्कान पुनर्वास केंद्र कनीगंज अयोध्या के छात्र है। डॉ0रानी अवस्थी ने बताया की हमारे विद्यालय में पढ़ाई के साथ दृसाथ बच्चों को अन्य खेलों का भी प्रशिक्षण दिया जाता है।

## शबेबरात का त्योहार टाण्डा व आसपास के इलाकों में शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** शबेबरात का त्योहार टाण्डा व आसपास के इलाकों में शबेबरात का त्योहार शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न हुआ होलिका दहन के दिन पड़ने की वजह से प्रशासन इस त्योहार को लेकर काफी उलझा रहा लेकिन रात्रि 12 बजे के पूर्व ही त्यौहार सम्पन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली।इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने स्वर्गीय परिजनों व बुजुर्गों की कब्रिस्तानों में चिराग बत्ती व अगरबत्ती जलाकर फातेहा पढ़कर उनकी बख्शीश व तरक्की तथा अमन शांति की दुआएं मांगी इसके अलावा नगर की दरगाहों पर भारी सन्ख्या में लोगों ने हाजरी देकर दुआएं मांगी।नगर की प्रसिद्ध दरगाह हजरत मौलाना हक़्क़ानी शाह तलवापर हजरत दाता गौहर अलीशाह चिश्ती कश्मिरिया चौराहाएसुब्हान अली शाह मौलवी टोलाए हजरत हारून रशीद शहीद आसोपुरएनगर पालिकाएरौजाए कोतवाली आदि में मौजूद मजारों पर लोगों ने फातेहा पढ़ा और मस्जिदों में नमाज पढ़ कर दुआएं मांगी।

## कुलपति की माता के निधन से कृषि विवि में शोक की लहर

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह की माता लीलावती देवी का रविवार की शाम सात बजे निधन हो गया। वे लगभग 85 वर्ष की थीं। उनके निधन के बाद पूरे कृषि विश्वविद्यालय परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को अयोध्या स्थित श्मशान घाट पर किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान तमाम लोगों की भीड़ मौजूद रही। डॉ बिजेंद्र सिंह की माता लीलावती देवी पिछले एक सप्ताह से बीमार चल रहीं थीं। लखनऊ के गोमती नगर स्थित सिटी हेल्थ ट्रामा सेंटर में उनका इलाज चल रहा था। रविवार की शाम लगभग सात बजे इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ बिजेंद्र सिंह की माता के निधन की खबर सुनने के बाद ढांढस बधाने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। माता के निधन पर कृषि विश्वविद्यालय परिवार एवं उनके हित.मित्रों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

## कार से चोरी लाइसेंसी रिवाल्वर को पुलिस ने बरामद किया

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** बीते 22 फरवरी की थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र के ग्राम एनवां से भट्टा व्यवसायी की कार से चोरी हुई लाइसेंसी रिवाल्वर को इब्राहिमपुर पुलिस ने बरामद कर चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान भेज दिया है। थानाध्यक्ष इब्राहिमपुर सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि बीते 22 फरवरी को भट्टा व्यवसायी मुगीश आलम पुत्र अब्दुलहई निवासी ग्राम दौलतपुर काजी थाना अलीगंज की लाइसेंसी रिवाल्वर मय कारतूस के उनके भट्टे पर खड़ी कार से चोरी चली गयी थी।

## होली मिलन समारोह सम्पन्न

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** नगर के पुराने श्री राम लीला मैदान में अदबी विचार मंच के तत्वावधान में ईश्वर दयाल जायसवाल के संयोजन में परम्परागत होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। इस साल का महामूर्खाधिराज सुर्दशनाचार्य शास्त्री को चुन कर आयोजकों ने परम्परा के तहत स्वागत किया। इसी कड़ी में महामूर्ख सरदार त्रिलोक सिंह और महाघाघ दिनेश नारायण सिंह को चुना गया। होली मिलन समारोह में सामाजिक कुरीतियोंए भ्रष्टाचार के साथ गीत गजल से गायकों ने समा बाधा। रसीली उपाधियों से विभूषित गुदगुदी पत्रिका का विमोचन समारोह के महामूर्खाधिराज महामूर्ख महाघाघ के साथ अन्य गणमान्य लोगों द्वारा किया गया।

# मंदिर निर्माण के साथ होली के उल्लास में डूबी अयोध्या



## कूर्मनारायण नेपाली मंदिर रामनगरी के सभी मंदिरों में खेली गई होली

**अयोध्या।** वैष्णो नगरी अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण चल रहा है और लगभग 60 प्रतिशत मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है 2024 में प्रभु श्री राम लला अपने भव्य मंदिर में विराजे गे इसकी खुशी अभी से ही अयोध्या नगरी में दिखाई देने लगी इस वर्ष की होली का उल्लास ही अलौकिक का श्री राम जन्मभूमि मैं रामलला के मंदिर से लेकर के पूरा नगर होली के उल्लास में डूबा रहा ऐसा प्रतीत हो रहा था कि यह क्षण अब दोबारा नहीं आएगा। क्योंकि अगले वर्ष रामलला अपने भव्य नव्य मंदिर अयोध्या वासियों ने संतों महंतों के साथ होली खेलेंगे। इसी क्रम में विभीषणकुंड स्थित प्रसिद्ध कूर्मनारायण नेपाली मंदिर में संतों ने फूलों की होली खेली। होली महा महोत्सव को पीठ के वर्तमान पीठाधीश्वर स्वामी हरि प्रपन्नाचार्य महाराज ने सानिध्यता प्रदान किया। सायंकाल सर्वप्रथम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान कूर्मनारायण भगवान को विविध पकवानों का भोग लगाया गया। तत्पश्चात उनका पूजन.अर्चन हुआ। पुजारी द्वारा भगवान की महाआरती उतारी गई। उसके बाद कूर्मनारायण भगवान को अबीर.गुलाल लगाया और फूलों की होली खेली और इसके उपरांत संत.महंत व भक्तगणों ने अबीर.गुलाल लगाकर एक.दूसरे संग फूलों की होली खेली। होली महा महोत्सव की चकाचौंध से पूरा मंदिर प्रांगण नहाया हुआ था। सभी लोग आनंद में क्षण में गोते लगा रहे थे।

रामनगरी के अनेकानेक नामचीन कलाकार अपने गायन.वादन से उत्सव की शोभा बढ़ा रहे थे। कलाकारों ने अपनी.अपनी प्रस्तुतियों से महोत्सव में चार.चांद लगा दिया। इससे संत.महंत व भक्तगण मंत्रमुग्ध हो गए। अंत में कूर्मनारायण नेपाली मंदिर पीठाधीश्वर स्वामी हरि प्रपन्नाचार्य महाराज ने कलाकारों को न्यौछावर भेंट किया। वहीं स्वामी रामानुज दास ने आए हुए संत.महंत एवं विशिष्टजनों का स्वागत.सत्कार किया। इस मौके पर स्वामी हरि प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि होली महा महोत्सव अनादिकाल से चला आ रहा है। प्रतिवर्ष यह महा महोत्सव नेपाली मंदिर में धूमधाम से मनाया जाता है। उसी परिप्रेक्ष्य में होली महोत्सव मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कूर्मनारायण भगवान संग फूलों की होली खेलने के बाद हम संतों और भक्तों ने आपस में होली खेली। एक.दूसरे को अबीर.गुलाल लगाया और पुष्पों की वर्षा किया। इस अवसर पर जगद्गुरू स्वामी रघुनाथ देशिक महाराजए भारतीय मूल के अमेरिकी निवासी वासुदेव गुरुजीए श्रीनिवासाचार्यए राघव स्वामी आदि संत.महंत व भक्तगण मौजूद रहे।



## एनटीपीसी में महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

**टांडा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2023 के अवसर पर एनटीपीसी टांडा द्वारा कॉलोनी के सप्तरंग क्लब में कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्य कार्यक्रम में सशक्त एवं सफल महिलाओं के जीवन पर भी चर्चा की गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं की सकारात्मक भूमिका को बढाना एवं अपने प्रयासों के लिए लक्ष्यों को तय करना रहा।

इस अवसर पर परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक श्री बी0सी0पलेई, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डॉ0उदयन तिवारी, महाप्रबंधक (परियोजना) श्री अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) श्री पी0एल0 नरसिम्हा, महाप्रबंधक मानव संसाधन श्री एसएएनण् पाणिग्राही, महाप्रबंधक प्रचालन श्री अभय कुमार मिश्रा व गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आरती पलेई, उपाध्यक्षा श्रीमती अपर्णा गुप्ता, उपाध्यक्षा डॉ0 साधना तिवारी एवं अन्य पदाधिकारी व सदस्याएं उपस्थित रहीं। इसके साथ ही महिला कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढकर हिस्सा लिया।मुख्य महाप्रबंधक श्री बीण्सीण्पलेई ने कहा कि इस महिला दिवस पर, हम सभी को संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम महिलाओं के उज्जवल भविष्य के लिए काम करें। हमें समाज में स्त्री शक्ति की स्थानीय अधिकारों को सुनिश्चित करना चाहिए ताकि हम समस्याओं का समाधान कर सकें और सभी के लिए समान अवसर पैदा कर सकें। श्रीमती पलेई ने कहा कि हम सभी महिलाओं की उन सफलताओं को सम्मानित करते हैं जो उन्होंने सामाजिकए आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में हासिल की हैं। आज एनटीपीसी टांडा महिलाओं के विकास में निरंतर प्रयासरत हैंए ताकि वे समान अधिकारों का लाभ उठा सकें और आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर उन्होंने बालिका सशक्तिकरण में एनटीपीसी टांडा एवं गरिमा महिला मंडल की सदस्याओं के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

### नगर कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# साढ़े पांच कुंतल गांजे के साथ चार गिरफ्तार



**गोंडा।** नगर कोतवाली पुलिस एवं क्राइम ब्रांच पुलिस टीम ने चार तस्करों को साढ़े पांच कुंटल अवैध गांजा समेत गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल किया है। बरामद गांजे का मूल्य अंर्तराष्ट्रीय बाजार में करीब पचपन लाख रूपये बताया जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से बीस हजार रुपये नगद भी बरामद किया है। यह जानकारी पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ने संयुक्त रूप से दिया है। एएसपी शिवराज ने बताया कि होली के त्यौहार के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने एवं अपराधियों के खिलाफचलाये जा रहे अभियान के तहत नगर कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि कुछ लोग अवैध मादक पदार्थों की तस्करी आसाम से करके लाते हैं एवं उसे गोंडा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बिक्री करते हैं। इस सूचना पर हरकत में आई कोतवाली नगर की पुलिस ने क्राइम ब्रांच प्रभारी संतसेष सिंह व नगर कोतवाल राकेश सिंह के नेतृत्व में बताए गये ठिकाने पर छापा मारकर तस्करी में संलिप्त शफीक अहमद पुत्र अहमद अली निवासी नई बस्ती महाराजगंज कोतवाली नगर गोंडा, अब्दुल खालिक उर्फ बाबा पुत्र जुम्मन निवासी इन्द्रानगर कालोनी थाना कोतवाली नगर गोंडा, बृजेश कुमार यादव पुत्र रामसेवक यादव निवासी शुकुलपुरवा कटहामाफी थाना कोतवाली नगर गोंडा एवं मंदीप यादव पुत्र शिव प्रसाद यादव निवसी ग्राम महादेवा थाना तरबगंज गोंडा को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर में एन0डी0पी0एस0 एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर उन्हें न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

## टायर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान



**मिल्कीपुरए** अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील के थाना कुमारगंज अंतर्गत गिरजा मोड़ पर बुधवार की रात लगभग 11 बजे शॉर्ट सर्किट से टायर की दुकान में आग लग गयी। इसके बाद आग ने पड़ोस की दो दुकानों को भी अपने चपेट में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गिरजा मोड़ की दाहिनी पट्टरी पर लवकुश कौशल की टायर की दुकान थी बुधवार की रात लगभग 11रू00 बजे अचानक दुकान से धमाके की आवाज निकली जिसके बाद पड़ोसी दुकानदार मंगल अपनी दुकान के अंदर लेटा हुआ था। आवाज सुनने के बाद जब बाहर निकल कर देखा तो आग की लपटें दुकान से उठ रही थी। मंगल ने गुहार लगाया मौके पर पहुंचे लोगों ने विद्युत उपकेंद्र कुमारगंज फोन कर विद्युत सप्लाई बंद कराते हुए फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक फायर ब्रिगेड के जवान मौके पर पहुंचते तब तक मंगल के सैलून व होलसेल की दुकान समेत एक अन्य दुकान को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलने के बाद अग्निशमन अधिकारी मिल्कीपुर नितेश शुक्लाए एलएफएम विजय प्रकाश द्विवेदीए फायरमैन संदीप भट्टए विकास चौधरीए अरविंद कुमारए सत्यम व विकास चंद ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। आग बुझाते बुझाते फायर ब्रिगेड के वाहन का पानी खत्म हो गया। जिसके बाद अग्निशमन अधिकारी ने कृषि विश्वविद्यालय की फायर ब्रिगेड की गाड़ी को मंगवा कर किसी तरीके से आग पर काबू पाया।लवकुश पुत्र रामानंद कौशल के टायर की दुकान में लगभग नए व पुराने 500 टायर रखे थे जो जलकर राख हो गए जिनकी कीमत लगभग 10 लाख रही होगी। वहीं मंगल पुत्र वंशराज की सलून तथा होल सेल की दुकान में भी लगभग 4 से 5 लाख रुपए कीमत के सामान रखें हुए थे जो जलकर पूरी तरह राख हो गया है। यह जानकारी पीड़ित मंगल ने दी। अग्निशमन अधिकारी नितेश शुक्ला का कहना है कि दुकानदारों को शॉर्ट सर्किट से कैसे बचा जाए इसके बारे में बताया जाता है। तथा दुकान में अग्निशमन यंत्र रखने को भी कहा जाता है उसके बाद भी दुकानदार उसका कोई मतलब नहीं समझते हैं। यदि अग्निशमन यंत्र दुकान में रहे तो तत्काल आग पर काबू पाया जा सकता है। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय लेखपाल विंध्या प्रसाद तिवारी ने अग्निकांड की रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को सौंप दिया है।

विधायक अंकुर ने फूलों की वर्षा कर जनता का किया अभिवादन

## होली मिलन समारोह में उमड़ी जनता व जनप्रतिनिधियों सहित मण्डलीय पुलिस प्रशासन के अधिकारी रहे मौजूद



**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने बृहस्पतिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन खलीलाबाद शहर के हीरालाल रामनिवास इण्टर कालेज के प्रागंण में आयोजित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में खलीलाबाद विधानसभा क्षेत्र के नागरिको सहित शुभचिन्तकों, जनप्रतिनिधियों सहित आयुक्त बस्ती मण्डल, आई0जी0 रेंज बस्ती, डीएम-एसपी सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी होली मिलन समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाये, विधायक सदर अंकुर राज तिवारी ने सभ्रान्त नागरिकों पर फूलो की वर्षा कर उनका अभिवादन किया। उन्होने कहा कि उनका यह पद जनता को समर्पित है और एक वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने जनता की सेवा कर आर्शिवाद प्राप्त किये है। इस अवसर पर विधायक अंकुर राज तिवारी के पिता/समाजसेवी उदय राज तिवारी ने आये हुए अतिथियों को साफा पहनाकर उनका स्वागत किया।

## महामुर्ख सम्मेलन से भाईचारा का मिलता है संदेश-श्रीराम चौहान



**संतकबीरनगर।** स्थानीय उपनगर के आजाद चौक के पास स्थिति श्री समय जी महारानी के धर्मशाला प्रांगड़ में शिव कुमार गुप्त के आयोजकत्व में सम्पन्न अखिल भारतीय महामुर्ख सम्मेलन में वर्ष 2024 तक स्थानीय नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष जगत जायसवाल को मुर्खाधिराज अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। महामुख सम्मेलन कार्य समिति की पहली बैठक गोला बाजार स्थिति निरंजन लोहिया के नेटवर्क कार्यालय पर पहली अप्रैल को आहूत की गयी है। अ0भा0 महामुर्ख सम्मेलन का प्रदेश सरकार के अनुसूचित जाति एवं विमुक्त जातियों की संयुक्त समिति के सभापति/मुख्य अतिथि विधायक श्रीराम चौहान ने कहा कि आपसी सौहार्द्र को मजबूत करने वाले ''होली महोत्सव'' असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। यह पर्व हिन्दू पंचाग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को गनाया जाने वाला, हिन्दुस्तान का प्रमुख त्योहार है। भारतीय मूल के नागरिक दुनिया के हर देश में ''होली महोत्सव'' को खूब झूम के मानते है। कार्यक्रम को पूर्व सांसद इन्द्रजीत मिश्र, राजकुमार गुप्त, न0पा0 निवर्तमान अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा, पूर्व अध्यक्ष जगत जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ताओं में सत्यनारायण सिंह, शिवा जी गुप्ता, रामदरस मौर्य, पूर्व जे0ई0 प्रहलाद वर्मा, अमरनाथ रूंगटा, ओम प्रकाश साहूँ, श्याम जी अग्रहरि आदि लोग उपस्थिति रहकर सम्मेलन की शोभा बढ़ाया और नव निर्वाचित अध्यक्ष जगत जायसवाल को बधाई दिया।

## होली पर जमकर उड़े अबीर-गुलाल, हर तरफ बरसे रंग

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** संवेदनशील नगरी टाण्डा में होली का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ शांति पूर्वक ढंग से सम्पन्न हुआ ।होली की पूर्व संध्या पर से ही जिलाधिकारी अविनाश सिंह व पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा के केंद्र बिंदु रहे बुनकर नगरी टाण्डा में होली का त्योहार शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर होली का एक जलूस नगर के मोहल्ला छजजापुर स्थित झारखंड महादेव नादिर से निकल कर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकल कर अपने पूर्व निर्धारित मार्गों से होता हुआ।झारखंडी मंदिर पर समाप्त हुआ होली जलूस में मुख्यमंत्री योगी का स्वरूप धारण कर वाहन पर ब्लैक कैट कमांडो के स्वरूप के साथ पुल्लु चौरसिया आकर्षण का केंद्र रहे डी जे के धुन पर निकले जलूस में जलूस कमेटी के अध्यक्ष रामजीत साहू एघिसियावन मौर्याए अजयप्रताप श्रीवास्तवए दीपक केडिया दिनेश मौर्य आदि की अगुआई में अबीर गुलाल के होली खेलते भर्मण किया।इस अवसर पर एस डी एम दीपक वर्मा सी ओ टाण्डा संतोष कुमारएकोतवाल टाण्डा अमित प्रताप सिंह थानाध्यक्ष अलीगंज विजेंद्र शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।इसी कड़ी में नगर के जुड़वा कस्बा मुबारकपुर में होली हुड़दंग समिति के नेतृत्व में होली के त्योहार धूम धाम से मनाया गया काली माता मंदिर से होली का परम्परागत जलूस आकर्षक परिधान पहने फगुआ गीतों की धुन पर रंगों की बौछार के साथ निकल कर पुरानी परंपरा के अनुरूप समाप्त हुआ।

# प्रयागराज में अनियंत्रित बोलेरो ने होमगार्ड समेत दो को रौंदा

## दोनों की मौत,नए यमुना पुल की रेलिंग से टकराकर बोलेरो पलटी-चालक घायल





**प्रयागराज।** नैनी कोतवाली अंतर्गत रीवा राजमार्ग पर रोशन चौराहा और महेवा के बीच में गुरुवार को अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार युवक और मोपेड सवार होमगार्ड को रौंद डाला। जिसमें दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। यह दर्दनाक हादसा गुरुवार की शाम पांच बजे के आसपास हुआ है। वहीं एक अन्य हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई। यह हादसा शहर से रीवा की तरफजाते हुए हुआ है। बताया जा रहा है कि बोलरो चालक स्पीड में था और वह नशे में भी था। चश्मदीदों के अनुसार शाम पांच बजे के आसपास बोलेरो कार और बाइक सवार दोनों ही प्रयागराज से रीवां की तरफनए पुल पर जा रहे थे। लेप्रोशी मिशन चौराहे के समीप स्थित रेलवे ओवरब्रिज और महेवा चौराहे के बीच में शुआटस जनरलिज्म डिपार्टमेंट के सामने यह दर्दनाक हादसा हुआ। बताते हैं कि बोलेरो की स्पीड इतनी ज़्यादा थी कि उसने पहले बाइक वाले को टक्कर मारी फिर पुल के सर्विस लेन से जा रहे होमगार्ड को टक्कर मारते हुए पुल की रेलिंग तोड़कर प्रयागराज की तरफमुड़ गई। जिसमें बोलेरो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। बाइक सवार युवक मोपेड सवार अधेड़ होमगार्ड और बोलेरो सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान एसएसआई नैनी अजय सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बोलेरो में फंसे चालक को किसी तरह बाहर निकाला गया। मोपेड सवार होमगार्ड और बाइक सवार युवक को गाड़ी में लादकर तत्काल स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां बाइक सवार युवक और मोपेड पर सवार होमगार्ड को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

**एयर बैग खुलने की वजह से बच गई बोलेरो चालक की जान:**प्रयागराज। बोलेरो चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि बोलेरो का एयरबैग खुलने की वजह से फिलहाल बोलेरो का चालक ठीक है लेकिन दो लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों की पहचान होमगार्ड समय लाल यादव 52 पुत्र पारसनाथ यादव निवासी घोघवा कौंधियारा प्रयागराज और बाइक सवार राकेश तिवारी 40 पुत्र वृंदावन तिवारी निवासी गल्ला मंडी दारागंज प्रयागराज के रूप में हुई है। बोलेरो चालक रामराज भारतीय 38 निवासी मडौका नैनी का स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार बोलेरो की स्पीड इतनी ज्यादा थी क्योंकि ब्रेक लगाने पर साइड की बैरिकेडिंग तोड़ते हुए वह सर्विस रोड पर चली गई और उसकी पूरी की पूरी दिशा ही बदल गई। रैली की वजह से बोलेरो खंदक में नहीं गिरी लेकिन रेलिंग के करीब 20 छड़ टूट कर नीचे गिर गए। करीब 20 फीट रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गई। बोलेरो के अगले हिस्से का पूरा का पूरा परखच्चे उड़ गया। उसके बाद बोलेरो पलट गई। पुलिस ने क्रेन मंगवा कर बोलेरो को खिंचवाया और उसे थाने भेजा। साथ में बाइक और मोपेड को भी थाने भेज दिया गया है।

**पुलिस लाइन से ड्यूटी करके घर जा रहा था होमगार्ड:**प्रयागराज। कौंधियारा थाना क्षेत्र के रहने वाले होमगार्ड समय लाल यादव पुलिस लाइन में ड्यूटी करते थे। ड्यूटी से छूटने के बाद अपने मुंह पर से घर जा रहे थे। जबकि बाइक सवार राकेश तिवारी कहां जा रहा था। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है उनके घर वालों को सूचना दे दी गई है। एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान ने बताया कि पूरी लापरवाही बोलेरो चालक की है हो सकता है कि वह दारू के नशे में रहा हो बोलेरो की स्पीड बहुत ज्यादा थी। जो दुर्घटना का कारण बनी है।

**कार की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत:** प्रयागराज। औद्योगिक क्षेत्र के लोहारी गांव के सामने मिर्जापुर हाईवे पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध राधेश्याम निषाद 75 पुत्र छोटेलाल निषाद निवासी लवायन कला औद्योगिक क्षेत्र की मौत हो गई। वह यूनाइटेड पुलिस बूथ के समीप स्थित एक होटल में काम करता था। साइकिल से वह होटल पर ही जा रहा था। तभी सड़क हादसे का शिकार हो गया। थाना प्रभारी संजीव चौबे ने बताया कि उसके घरवालों को सूचना दे दी गई है।

# राम मंदिर आंदोलन के अगुवा गोपाल जी महाराज 99 वर्ष की उम्र में हुए ब्रह्मलीन

- 13 साल की उम्र में अंग्रेज वायसराय को काला झंडा दिखाने पर गए थे जेल
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया गहरा दुख



**संवाददाता।** प्रयागराज

**राम** मंदिर आंदोलन के अगुआ विश्व हिंदू परिषद के फायर ब्रांड नेता और सच्चा बाबा आश्रम के महंत गोपाल जी महाराज लंबी बीमारी के बाद गुरुवार को 99 वर्ष की आयु में ब्रम्हलीन हो गए। उनका दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। आज दोपहर दो बजे अरैल में उनका अंतिम संस्कार किया गया। कक्षा आठ में पढ़ने के दौरान जब उनकी उम्र महज 13 साल की थी तो उन्होंने प्रयागराज के महल के पास अंग्रेज वायसराय को काला झंडा दिखाया था। जिसमें उन्हें न केवल जेल भेजा गया था। बल्कि स्कूल से भी निष्कासित कर दिया गया था। प्रयागराज के मालवीय नगर मुट्ठीगंज में वर्ष 1924 में महाशिवरात्रि के दिन जगन्नाथ मंदिर के परिसर में पंडित बालमुकुंद मालवीय के पुत्र के रूप में गोपाल जी का जन्म हुआ था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एमए ऑनर्स की डिग्री हासिल की। वह स्वतंत्रता आंदोलन में भी शामिल थे। वायसराय को म्योहाल में काला झंडा दिखाने के आरोप में उन्हें जेल भेजा गया था। उसके बाद उन्हें विद्यालय से निष्कासित भी कर दिया गया था। गोपाल जी बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे। जिससे उनका कई संतों और राजनीतिक लोगों से जुड़ाव था।

## 21 साल की उम्र से ही संत सच्चा बाबा के थे शिष्य

**प्रयागराज।** समाजसेवी कुंवर जी तिवारी ने बताया कि अरैल में रहने वाले संत सच्चा बाबा से वह कालेज के दिनों से ही जुड़े हुए थे। सन 1945 में प्रयागराज के प्रसिद्ध संत सच्चा बाबा ने इन्हें अपनाया। सच्चा बाबा के सानिध्य में गोपाल जी ने लक्ष्यचंडी सहस्त्रचंडी शतचंडी यज्ञ कराया। उसके बाद सच्चा बाबा संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना की। अति पिछड़े इलाके में आने वाले अरैल क्षेत्र में संस्कृत महाविद्यालय के बाद बीएड कॉलेज स्थापना कराने का श्रेय भी गोपाल जी को जाता है।आयुर्वेदिक चिकित्सालय भी बनवाया। 1983 में सच्चा बाबा के ब्रह्मलीन होने के उपरांत उन्होंने खुद को सच्चा बाबा को समर्पित किया।

## मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रयागराज आगमन पर महंत जी से मिलने आए थे सीएम योगी

**प्रयागराज।** अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन के अगुआ के रूप में चर्चित गोपाल जी महाराज के संबंध विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल डा मुरली मनोहर जोशी स्वर्गीय पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी जैसे दिग्गज नेताओं से रहा है। पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ का जब प्रयागराज आगमन हुआ तो वह सच्चा बाबा आश्रम में महंत गोपाल जी महाराज से मिलने गए थे। अरैल के रहने वाले बीजेपी नेता बृजेश पांडेय का कहना है कि गोपाल जी महाराज का रामचंद्र परमहंस महंत अवैद्यनाथ महंत गोपाल दास से बहुत करीबी रिश्ता रहा है। महंत गोपाल दास के रीवा चित्रकूट दिल्ली हरिद्वार प्रमुख आध्यात्मिक कार्यक्षेत्र थे। क्षेत्रों के भक्त उनका आशीर्वाद लेने आते रहते थे। पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई अटल बिहारी वाजपेई गुलजारीलाल नंदा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रामप्रकाश गुप्त समेत कई राजनीतिक दिग्गजों से उनके बहुत मधुर संबंध रहे है।

## कैबिनेट मंत्री की मां व सच्चा आश्रम के महंत के निधन पर भाजपाइयों ने शोक व्यक्त किया



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती ने प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के माता के निधन व सच्चा बाबा आश्रम के महंत गोपाल जी महराज के निधन पर दुःख जताते हुए शोक संवेदना व्यक्त किया। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने भी शोक व्यक्त करते हुए बताया कि यमुनापार के समस्त जिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी दुःख व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

# हर्षोल्लास के साथ मना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

संवाददाता। बीजपुर/सोनभद्र

**एनटीपीसी** रिहंद स्टेशन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ वर्तिका महिला मण्डल की अध्यक्षा कृष्णा चट्टोपाध्याय व डिजिटल युग में नवाचार तकनीकी परिवर्तन और शिक्षा को बढ़ावा देने और उन्हें अपने विकास के लिए पर्याप्त अवसर एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए किया गया था। इसमे से विभिन्न श्रेणियों से शीर्ष 9 प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया गया, और सभी प्रतिभागियों को भी




अन्य सह अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन व केक काट कर किया। एनटीपीसी रिहंद मे इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन 1 से 7 मार्च तक किया गया जिसमें सेल्फी एवं कैप्शन प्रतियोगिता ऑनलाइन बिजनस वुमेन ऑफ रिहंद जस्ट ए मिनट वाल ऑफफेम सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर नाटिका गीत गायन कविता प्रतियोगिता एवं नृत्य प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। जिसमें रिहंद परिसर की महिलाओं एवं एनटीपीसी मे कार्यरत महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया एवं अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य लैंगिक समानता प्राप्त करने और सभी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिभागिता हेतु प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि श्रीमति चट्टोपाध्याय ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी कार्य में महिला एवं पुरुष का बराबर का दर्जा होता है। उन्होने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक टिप्स भी दिए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय महाप्रबंधकगण अपर महाप्रबंधकगण वर्तिका महिला मण्डल की पदाधिकारी महिलाएं एवं सदस्याएं स्टेशन में कार्यरत महिलाकर्मी शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबन्धक सी एंड एम तनुजा सिंह और कार्यपालक नैगम संचार ग्रीष्मा कुमारी नें संयुक्त रूप से किया।

## श्री काशी विश्वनाथ धाम में कमिश्नर सहित आम जनता व न्यास के सदस्य डूबे मस्ती में

# गुलाब की पंखुड़ियों के संग मना रंगोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**वाराणसी** में होली का त्योहार और शब-ए-बारात शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है। होली के हुड़दंग के दौरान छिटपुट मारपीट की घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो वाराणसी कमिश्नरेट में शांति और कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस को खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी।पब्लिक के आयोजन संपन्न होने के बाद बुधवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम के प्रांगण में मंत्री रविन्द्र जायसवाल, कमिश्नर कौशलराज शर्मा, विश्वनाथ मंदिर के सीईओ डॉ0 सुनील कुमार वर्मा, काशी जोन के एसीपी आर एस गौतम, दशाश्वमेध के डीसीपी अवधेश पाण्डेय सहित न्यास के सदस्यों ने फूलों के रंग-बिरंगी होली जमकर खेली तथा एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। आम पब्लिक से लेकर वाराणसी कमिश्नरेट के पुलिस कर्मियों ने पुलिस आयुक्त आवास से लेकर थानों और पुलिस लाइंस तक होली खेली। अफसर और कर्मचारी एक-दूसरे को रंगों से सराबोर करते हुए रंग बरसे भीगे चुनर वाली और होली खेलें रघुबीरा जैसे फिल्मी गानों की धुन पर थिरकते नजर आए।पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन और अपर पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के साथ ही आईजी रेंज के. सत्यनारायण और एडीजी जोन राम कुमार ने पुलिस कर्मियों को होली की शुभकामनाएं दी।

# किडनी से जुड़ी बीमारियों समेत अन्य पहलुओं पर लोगों के बीच जागरूकता फैलाना है

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ग्लोबल** अभियान के रूप में ष्वर्ल्ड किडनी डेष् मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य किडनी से जुड़ी बीमारियों समेत अन्य पहलुओं पर लोगों के बीच जागरूकता फैलाना हैण् साल 2023 के वर्ल्ड किडनी डे की थीम ष्अप्रत्याशित के लिए तैयारी, कमजोरों का समर्थनष् है ।

दिल्ली के वसंत कुंज स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल में नेफ्रोलॉजी एंड किडनी किडनी ट्रांसप्लांट के प्रिंसिपल डायरेक्टर व इंडियन सोसायटी ऑफ नेफ्रोलॉजी के अध्यक्ष डॉक्टर संजीव गुलाटी ने बताया, ष्इसमें कोई शक नहीं है कि डायलिसिस के बजाय किडनी ट्रांसप्लांट ज्यादा फायदेमंद हैण् पैसों और रिजल्ट दोनों के हिसाब से यही सही हैण् डायलिसिस से 75 फीसदी मामलों में 1 साल का सर्वाइवल होता है जबकि 20 फीसदी मामलों में 5 साल तक का होता हैण् साथ ही इन मरीजों को लगातार हमेशा के लिए डायलिसिस कराना पड़ता है।

कई बार इंफेक्शन या हार्ट से जुड़ी समस्याओं के चलते ऐसे मरीजों को अस्पताल में भर्ती भी होना पड़ जाता है । जबकि दूसरी तरफ किडनी ट्रांसप्लांट कराने पर 99 फीसदी से ज्यादा मामलों में 1 साल का सर्वाइवल रहता है, और पूरी तरह से सफल किडनी सर्वाइवल 95 फीसदी केस में रहता है।

5 साल में किडनी सर्वाइवल 80 फीसदी और मरीज के बचने की संभावना 95 फीसदी रहती है।

# महिलाओं के लिए लाया अपनी पसंद की नौकरी ढूंढने का ऐप

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**अन्तर्राष्ट्रीय** महिला दिवस के मौके पर भारत की महत्वाकांक्षी महिलाओं को अपने सपनों की नौकरी ढूंढने में मदद करने के लिए भारत का अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी भारत के सबसे बड़े जॉब सर्च प्लेटफॉर्म अपना के साथ साझेदारी में भारत की महिलाओं के लिए नौकरियों के हजारों अवसर लेकर आया है।

वी के इन प्रयासों के साथ अधिक से अधिक महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर पाकर कार्यबल में शामिल हो सकेंगी।

# अंतरराष्ट्रीय दिवस पर महिला उद्यमियों के जज़्बे को किया सलाम

**वाराणसी।** महिला उद्यमियों को डिजिटल इकोसिस्टाम में उनकी जगह और पहचान दिलाने के लिए हमेशा से बेहतरीन मंच साबित होता आया है। इसी कड़ी में, फ्लिपकार्ट और शॉप्सी ने मिलकर महिलाओं के नेतृत्व वाले एसएमई को अब नई बुलंदियों पर पहुंचाने के इरादे से कई प्रेरणादायी इनोवेशंस, इंडस्ट्री -फर्स्ट नीतियां और कौशल विकास कार्यक्रमों की शुरुआत की है। महिला उद्यमियों को अपने कारोबार को बढ़ाने और व्यापार में उत्कृष्ट्ता हासिल करने में मदद पहुंचा रहा है।वाराणसी में महिला उद्यमियों को डिजिटल क्रांति का अनुभव दिलाने के साथ-साथ कारोबार में उत्कृष्टता हासिल करने में मददगार मार्ग के लिए पहल की है।

## कौशल महोत्सव' के तहत प्रदेश सरकार के 'मिशन रोजगार' को दी गई मजबूती

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में अर्थपूर्ण रोजगार के अवसर सृजित करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए 'लखनऊ कौशल महोत्सव' में हिस्सा लिया। कौशल महोत्सव का आयोजन राज्य सरकार की 'मिशन रोजगार' पहल के तहत राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद द्वारा किया गया।

# बीएचयू कुलपति के आवास पर होली मिलन वीसी व कमिश्नर ने एक दूसरे को लगाया अबीर-गुलाल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**काशी** हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलपति आवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार जैन ने समारोह में उपस्थित समस्त गणमान्य लोगों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अबीर-गुलाल लगाया।इसके पश्चात कमिश्नर वाराणसी कौशल राज शर्मा ने वीसी प्रो0 जैन को अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार जैन ने सभी का जीवन खुशियों के रंग से सराबोर व विश्वविद्यालय निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर हो ऐसी कामना की।संगीत व मंच कला संकाय की प्रोफेसर संगीता पंडित एवं विजय कपूर के साथ कलाकारों ने संगीतमय होली गीत प्रस्तुत कर सभी को मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर संगीत मर्मज्ञ पद्मविभूषण पंडित छन्नू लाल मिश्र ने भी उपस्थित होकर लोगों को गुलाल लगाया। इस अवसर पर वाराणसी के आयुक्त कौशल राज शर्मा के अलावा पद्म सम्मान प्राप्त प्रो0 देवी प्रसाद द्विवेदी, प्रो0 एन0एन0 खन्ना, प्रो0 कमलाकर त्रिपाठी, प्रो0 मनोरंजन साहू, प्रो0 ऋत्विक सान्याल, बीएचयू के रेक्टर प्रो0 वी0के0 शुक्ल, चन्द्रशेखर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मंच पर दिखा अनूठा संगम



**सताँव,** रायबरेली। बेहतर शिक्षा और उल्लेखनीय संस्कार, कर्ण प्रिय गीत और आनन्द दायक संगीत, नन्हे दिमाग मे भरा अथाह ज्ञान और चौंकाने वाले वैज्ञानिक आविष्कार। साहित्य, संगीत और कला का नायाब प्रस्तुतीकरण। सब कुछ एक ही मंच पर नजर आया। मंच था एसजेएस पब्लिक स्कूल, गुरुबख्शगंज का और अवसर था विद्यालय के वार्षिकोत्सव का। ग्रामीण क्षेत्र मे संचालित अंग्रेजी माध्यम के तमाम स्कूलों के लिए आदर्श बन चुके एसजेएस पब्लिक स्कूल, गुरुबख्शगंज के वार्षिकोत्सव मे रिजल्ट भी वितरित किया गया। बच्चों का बेहतर प्रदर्शन देख कर उनके अभिभावकों व शिक्षकों की प्रसन्नता देखने लायक थी। उत्सव के बाद होली का जश्न मना। सबने, एक दूसरे का अबीर से तिलक किया और गालों पर गुलाल लगाया। गुझियों की मिठास ने सबको तृप्त किया। विद्यालय के प्रबन्धक अग्रज सिंह और सह प्रबन्धिका अनुश्री सिंह ने माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया और माता के चित्र पर माल्यार्पण करके, कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। छात्र.छात्राओं ने तरह.तरह के रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कुछ छात्र.छात्राओं ने मिलकर एक नाटक की प्रस्तुति दी, जिसे खूब सराहना मिली। वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने एक विज्ञान प्रदर्शनी लगाई थी, जिसमे उन्होने अपने.अपने मॉडल्स प्रदर्शित किये। माडल्स मे बच्चों में छिपी वैज्ञानिक प्रतिभा की स्पष्ट झलक दिखाई दी। जिसने भी माडल्स देखा, वह आश्चर्य मे पड़ गया। छात्रों के मॉडल्स आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यालय की आरम्भ से कक्षा आठ तक विद्यार्थियों को परीक्षाफल वितरित किया गया। अपनी.अपनी कक्षा मे प्रथम रहीं आर्वी धवल, आविक गुप्ता, श्रेयस सिंह भदोरिया, इशिता सिंह, आदित्य सिंह, आचरण शर्मा, पार्थ शुक्ला, आलोक कुमार, अभ्युदय प्रताप सिंह तथा जान्हवी सिंह को विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीती सिंह और काउन्सलर आशा सिंह ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। अन्त मे प्रबन्धक अग्रज सिंह ने अपने सम्बोधन में रिजल्ट मे उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं। प्रबन्धक ने कहा कि जिन बच्चों ने अपनी कक्षा मे टॉप किया है, उन पर विद्यालय, शिक्षक व अभिभावक सभी गौरवान्वित हैं। अग्रज सिंह ने कहा कि एसजेएस स्कूल मे नये सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है।

## पत्रकार का बेटा, फिर बना क्लास टॉपर!



सताँव। एसजेएस पब्लिक स्कूल, गुरुबख्शगंज की कक्षा चार के छात्र आचरण शर्मा ने लगातार चौथी बार अपनी कक्षा मे सर्वोच्च अंक प्राप्त करके अपने माता.पिता व विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। आचरण शर्मा को इस बार कक्षा चार में 95 प्रतिशत अंक मिले हैं, जबकि विगत साल जब उसने कक्षा तीन मे टॉप किया था, तब उसे 92 प्रतिशत अंक मिले थे। उल्लेखनीय है कि आचरण शर्मा, एक अखबार के स्थानीय संवाददाता व एडवोकेट सन्तोष शर्मा के पुत्र हैं।

# लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा का सूपड़ा साफ करेगीः देवी प्रसाद

## सहकारिता, निकाय व छानबे विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा ने बनाई रणनीति

संवाददाता। मीरजापुर



**समाजवादी** पार्टी सहकारिता चुनाव, नगर निकाय व आगामी छानबे विधानसभा के उपचुनाव को लेकर अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। इसी को लेकर पार्टी की बैठक जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद की सहकारिता चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों संग मंथन किया गया है। साथ ही साथ नगर निकाय चुनाव के मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम एवं पार्टी के संभावित उम्मीदवारों पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने सहकारिता चुनाव को लेकर पार्टी पूरी तरह चैकन्ना है। जिला सहकारी बैंक और जिला सहकारी संघ जैसी प्रमुख सहकारी संस्थाओं में पार्टी के ही लोग मजबूती के साथ चुनाव लड़े जिसकी मानीटरिंग पार्टी के नेता कर रहे है। उन्होने सहकारी संघों का निर्वाचन 22 मार्च से प्रारम्भ होकर 29 मार्च को समाप्त होगा। प्रबन्ध कमेटी के सभापतिध्उपसभापति तथा अन्य समितियों को भेजने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन 31 मार्च से प्रारम्भ होकर 31 मार्च को ही समाप्त होगा। साथ ही क्रय विक्रय समिति के सदस्यों सभापतिध्उपसभापति व अन्य समितियों को भेजे जाने वाले निर्वाचन 3 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 12 अर्पेल को समाप्त होगा तथा सभापतिध्उपसभापति का निर्वाचन 13 अप्रैल से प्रारम्भ होकर उसी दिन समाप्त होगा। श्री चौधरी ने कहा कि नगर निकाय की मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभियान के तहत 10 मार्च को प्रकाशन होगा तथा 11 से 17 मार्च तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज होगा तथा 18 से 22 मार्च तक निस्तारण और निर्वाचन नामावली का 1 अप्रैल को प्रकाशन होगा। कहा कि छानबे विधानसभा में होने वाले आगामी उपचुनाव में मजबूती से लड़ने के लिए बूथों को मजबूत करे जिससे उपचुनाव में जीत सुनिश्चित हो सके।

उन्होने लगे हाथ भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है। व्यापारी, छात्र, नौजवान परेशान है। न बिजली मिल रही है और न ही किसानो को टेल तक पानी, न खाद मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा का सूपड़ा साफ करेगी। केन्द्र की चाबी 2024 में सपा के पास होगी। श्री चौधरी ने कहा कि संगठन का गठन जल्द से जल्द कर लिया जायेगा जो पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जायेगी।

बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, परवेज खान, अशोक यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, गुलाबचन्द यादव ष्मुन्नी यादवष, जवाहर लाल मौर्या, रोहित शुक्ला, सतीश मिश्रा, बलराम यादव, सुनील कुमार पाण्डेय, राज मिश्रा, निजाम राईन, रत्नेश श्रीवास्तव, घनश्याम साहू, सलीम बादशाह, अरूण पटेल, उमेश यादव, कुतुबुद्दीन अंसारी, जमुना यादव, घनश्याम विश्वकर्मा, पवन श्रीवास्तव, रंजीत फौजी, सिद्वान्त यादव, सत्यप्रकाश यादव, विजय फौजी, परवीन बानो, रजिया बेगम, दिनेश पटेल, दुर्गा प्रसाद सिंह, विजयशंकर यादव, अर्जुन यादव, अंकुर सिंह, दीपक मौर्या, उपेन्द्र तिवारी, राजकुमार यादव, विजय मौर्या, अयूब अली, गगन मौर्या, रविकान्त केशरी, अलीस खान, गौरव यादव, पियुष यादव, रामजी यादव, गुलाब मण्डेला, राहुल राव, मो0 हलीम, लवकुश प्रजापति, सुशील यादव, चन्दन यादव, हेमन्त सिंह, अनिल यादव, राममिलन यादव, रब्बू निषाद, कमलेश यादव, नौशाद खान, फैजान खान, अहमद नवाज, मन्नान अहमद, विनय सरोज, सियाराम जैसल, अशोक यादव, अमरेश सोनकर, शिवकुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में लटकता मिला युवती का शव

**नसीराबाद रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर कमरे मे एक युवती का शव मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। मृतका ने घर के अंदर कमरे में बांस के सहारे साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पीएम को भेज दिया है।साथ ही घटना के बावत पुलिस ने अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मंगलवार की सुबह करीब सात बजे नसीराबाद थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गांव पूरे मियाँ गफूर मजरे काजीपुर तेलियानी निवासी दिनेश कुमार मौर्य की 40 वर्षीय पत्नी सावित्री देवी का घर के अंदर कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से परिजनों समेत समूचे गांव में हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिये भेज दिया। वहीं घटना से मृतका के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।इस बावत प्रभारी निरीक्षक राकेश चन्द्र आनन्द ने बताया कि युवती सुबह में अपने घर के एक कमरे में बांस के सहारे साड़ी से फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। घटना प्रथम दृष्टया आत्म हत्या का लग रहा है। घटना से संबंधित सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### गुरुवार को हुई पुलिस की होली



**सोनभद्र।** बुधवार को जनपद में होली का पर्व सकुशल सम्पन्न करानें के बाद दुसरे दिन गुरुवार को जनपद मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन अपर पुलिस अधीक्षक ओबरा समस्त सर्किल के क्षेत्राधिकारी प्रतिसार निरीक्षक थाना प्रभारी व पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारियों द्वारा एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकानाएं एवं बधाई दी गयी।

### एनटीपीसी व सीआईएसएफके बीच खेला गया सद्भावना क्रिकेट मैच



बीजपुर/सोनभद्र। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के रिहंद इकाई द्वारा मनाए जा रहे 54 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मनाए जा रहे सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत मंगलवार को एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के कर्मचारियों एवं सीआईएसएफ के बल सदस्यों के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन परेड ग्राउंड में किया गया। क्रिकेट मैच का शुभारम्भ केऔसुब इकाई प्रमुख उपसमादेष्टा प्रदीप कुमार एवं स्टेशन के अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया गया। एनटीपीसी टीम के कप्तान टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी मैदान में एनटीपीसी क्रिकेट टीम द्वारा निर्धारित 15 ओवरों में बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर आठ विकेट खोकर 142 रनों का लक्ष्य सीआईएसएफ टीम के समक्ष रखा। जबाबी मुकाबले में उतरी सीआईएसफ बल के टीम द्वारा बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 13.3 ओवर में निर्धारित लक्ष्य 143 रन बनाकर चार विकेट गंवाकर मैच के जीत लिया। मैच में ऑलराउंडर खेल का प्रदर्शन करते हुए आरक्षक जीडी राणा हर्षवर्धन को मैन ऑफद मैच से पुरस्कृत किया गया उन्होंने 3 ओवर बॉलिंग कर 17 रन देकर 2 विकेट हासिल किया एवं बल्लेबाजी में नाबाद 39 रनों का बहुमूल्य योगदान दिया। मैच समाप्ति के उपरांत उप कमांडेंट प्रदीप कुमार द्वारा विजेता टीम एवं उपविजेता टीम कप्तान को ट्राफी देकर सम्मानित किया। उन्होने सभी खिलाड़ियों को शरीर को चुस्त दुरुस्त रहने का मूल मंत्र दिया।

# नेहा ने अपने कार्यों व व्यवहार कुशलता से बनाई पहचान

## लोगों के बीच अफवाहों व भ्रांतियों को किया दूर

संवाददाता। सोनभद्र



**महिलाओं** ने अपनी प्रतिभा से यह साबित किया है कि वह हर चुनौती का सामना कर सकती है। समुदाय को स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ने और ग्रामीण स्तर पर रहने वाले लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, ऐसे ही एक आशा कार्यकर्ता विकास खंड रावर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत बभनौली कला की नेहा कुशवाहा हैं, जिन्होंने अपने कार्यों से अपनी एक अलग पहचान बनाई है, जो स्वास्थ्य विभाग के साथ ही लोगों के बीच भी अपने कार्यों के चलते सम्मान पाती रही है। आशा कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रही नेहा कुशवाहा ने समुदाय को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है, जिसके चलते लोगों में जागरूकता आई और कई तरह की अफवाहें व भ्रांतियां भी दूर हुई है, जिससे सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ ग्रामीण स्तर पर लोगों को मिल पाया है। बभनौली कला कि आशा कार्यकर्ता नेहा कुशवाहा ने अपने कार्य क्षेत्र के 40 महिलाओं का संस्थागत प्रसव करवाया, उच्च जोखिम वाली 04 गर्भवती महिलाएं चिन्हित की गई जिनका सफल प्रसव कराया, 38 महिलाओ को गर्भनिरोधक टीका लगवाया, 5 महिलाओं की काउंसलिंग कर उनकी नसबंदी करवाया,नेहा के सलाह से 61महिलाए अन्तरा गोली का सेवन गर्भनिरोधक संसाधन के रूप में उपयोग कर रही है,65 महिलाओं को बुस्टर डोज लगवाया, 40 नवजात गृह का भ्रमण कर उचित सलाह व स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कराने मे सहयोग प्रदान करने के साथ ही 7 महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के अंतर्गत लाभ दिलवाने में सहयोग प्रदान किया, नेहा नवजात गृह भ्रमण कर नवजात शिशुओं व महिलाओं का भी पुरा ध्यान रखती है। आशा कार्यकर्ता नेहा कुशवाहा ने एक हजार से अधिक लोगों को फाइलेरिया की गोली खिलवाने में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### अफवाहों व भ्रांतियों के चलते आती है मुश्किल

**आशा** कार्यकर्ता नेहा कुशवाहा बताती हैं की कोरोना काल व फायलेरिया गोली खिलाने जैसे अभियान के समय तमाम अफवाहों व भ्रांतियों के चलते मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, लोग टीका लगवाने या गोली खाने से तमाम तरह के उदाहरण दे कर इनकार करते हैं, ऐसे में पल्स पोलियो अभियान जैसे कार्यक्रमों का उदाहरण देकर लोगों को समझाया जाता है जिसके चलते बडी संख्या में लोग तैयार हो जाते। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया गोली खिलाने के समय कुछ ऐसे लोग भी मिले जिन्हें गोली खाने के बाद उल्टी व पेट दर्द जैसी शिकायत भी आती है, ऐसी स्थिति में उन्हें समझाया जाता है की पेट में कीड़े होने की वजह से ऐसा होता है। जो कुछ समय के बाद ठीक हो जाता है।

# सड़क हादसे में नवयुवक की मौत से होली में मातम

**शिवगढ़, रायबरेली।** होली के दिन थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ गांव के रहने वाले नवयुवक की सड़क हादसे में हृदय विदारक मौत हो गई जिससे होली में मातम छा गया। गौरतलब हो कि थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ निवासी आकाश सिंह पुत्र भारत सिंह जो कि होली के दिन लखनऊ से अपने घर आ रहा थे तभी बाराबंकी जनपद के लोनी कटरा थाने के समीप किसी अज्ञात वाहन ने आकाश सिंह को टक्कर मार दी जिससे आकाश सिंह गम्भीर रूप से जख्मी हो गये? जब तक वहां पर लोग मौजूद लोग आकाश सिंह को अस्पताल ले जाते तब तक आकाश की मौत हो चुकी थी। जैसे है जानकारी आकाश के पिता भारत सिंह एवं परीजनों को हुई परिजनों में कोहराम मच गया?। होली के दिन सड़क हादसे में नवयुवक की मौत होने से समूचे गांव में मातम छा गया।

# आंगनवाड़ी केंद्र हरदासपुर का स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता। अमेठी



**प्रमुख** सचिव समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, निदेशक जनजाति विकास डॉ हरिओम ;आई0ए0एस0द्ध ने आज विकासखंड जामों के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्र हरदासपुर का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र पर लाभार्थी यथा गर्भवती महिलाएं 07, धात्री माताएं 07, 6 माह से 3 वर्ष के बच्चे 41, 3 से 6 वर्ष के बच्चे 40 पंजीकृत पाए गए, जिसमें अति कुपोषित 4, कुपोषित 16 बच्चे पाए गए, जिनका सत्यापन आंगनवाड़ी केंद्र पर अभिलेखों से किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव ने आंगनवाड़ी केंद्र पर चिन्हित कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र पर उपस्थित बच्चों का वजन एवं लंबाई की माप कराई, केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से वजन मशीन की क्रियाशीलता के विषय में जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र पर उपलब्ध अभिलेखों की जांच की तत्पश्चात निर्देश दिए कि अभिलेखों का पृष्ठांकन किया जाए तथा एक वित्तीय वर्ष के अभिलेख आंगनवाड़ी केंद्र पर उपलब्ध रहे जिससे निरीक्षण के समय अवलोकन किया जा सके। प्रमुख सचिव ने आंगनवाडी कार्यकत्री से पोषण ट्रैकर मोबाइल ऐप के विषय में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र पर दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की एवं 6 माह के आयु के 2 शिशुओं को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया इसके पश्चात केंद्र पर उपस्थित लाभार्थियों से पोषाहार प्राप्त करने के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# मोदी की सक्रियता

## गर्मी की तैयारी

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने एक उच्चस्तरीय बैठक कर आने वाले गर्मी के मौसम की तैयारियों का जायजा लिया। वैसे भी गर्मी का मौसम इस साल जल्दी शुरू हो गया है और वास्तव में फरवरी पहले की तुलना में ज्यादा गर्म रही है। इससे सारे देश में तथा संबंधित अधिकारियों व विभागों में चिन्ता व्याप्त हो गई है। प्रधानमंत्री ने सोमवार को अपने आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में आगामी गर्मी के मौसम में कठिनाइयों से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा की है। इस बैठक में कैबिनेट सचिव समेत विभिन्न मंत्रालयों व विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। भारतीय मौसम विभाग ने उनको अगले कुछ महीनों की मौसम भविष्यवाणी तथा संभावित सामान्य मानसून संबंधी सूचना दी है। उनको रबी की फसलों पर पड़ने वाले प्रभाव, प्रमुख फसलों की संभावित उपज तथा सिंचाई, जल सप्लाई, चारे व पेयजल की उपलब्धता के निगरानी प्रयासों की जानकारी भी दी गई। बैठक में राज्यों की तैयारियों, आपातस्थितियों से निपटने के लिए अस्पतालों के ढांचे तथा उच्च तापमान से पैदा अन्य स्थितियों से निपटने की समीक्षा भी की गई। एक आधिकारिक प्रेस वक्तव्य के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न पक्षों के लिए अलग-अलग जागरूकता सामग्री तैयार की जाए जिनमें नागरिक, चिकित्सा पेशेवर, नगरपालिका व पंचायत अधिकारी तथा अग्निशामकों जैसी आपदा प्रबंधन टीमें शामिल हैं। उन्होंने जोर दिया कि जन-संचार साधनों के माध्यम से गर्म मौसम के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु प्रोटोकाल



विकसित किए जाएं तथा 'करें' और 'न करें' के बारे में विस्तृत जानकारियां सबको दी जाएं। प्रधानमंत्री ने मौसम विभाग को निर्देश दिए कि वह दैनिक मौसम भविष्यवाणी इस तरीके से जारी करे कि उसकी आसानी से व्याख्या कर उसे प्रसारित किया जा सके। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सभी अस्पतालों का विस्तृत 'फायर आडिट' किया जाए तथा अग्निशामकों द्वारा सभी अस्पतालों में 'मॉक फायर ड्रिल' की जाएं।

यह बैठक इस दृष्टिकोण से असाधारण है कि पहले ऐसी बैठकों की बात नहीं सुनी गई है। इससे देश भर के सभी स्तरों के अधिकारियों के सक्रिय होने की उम्मीद है जो केवल घटनायें होने पर ही प्रतिक्रिया नहीं करेंगे, बल्कि पहले से उनसे निपटने की तैयारी भी कर लेंगे। अब तक अक्सर अधिकारी प्रतिक्रिया ही करते थे। सामान्य रूप से सार्वजनिक गतिविधियां नियमन के कोई मानक नहीं हैं और अक्सर विभीषिकाओं के बाद ही राजनेता सार्वजनिक जीवन में मानक स्थापित करने की बात करते हैं। लगभग 25 साल पहले दिल्ली के एक सिनेमाहाल में आग लगने के बाद अधिकारियों ने निकास व निकास लाइटों, सार्वजनिक घोषणा व्यवस्था, आपातकालीन लाइटों, फुटलाइटों, आदि के बारे में मानक बनाए थे। इस दुर्घटना में 59 लोगों की जान चली गई थी तथा सौ से अधिक लोग घायल हुए थे। लगभग उसी समय हुई एक सड़क दुर्घटना ने राष्ट्रीय राजधानी के नौकरशाहों को याद दिलाया था कि स्कूली बच्चों को ले जाने वाली बसों को कुछ नियमों का पालन करना चाहिए। कुछ समय पहले कोविड-19 की दूसरी लहर के समय विभीषिका से निपटने के अनेक नियम बनाए गए थे। अप्रैल व मई, 2021 में आक्सीजन सिलिंडरों, अस्पताल में बिस्तरों, दवाओं, आदि की भारी कमी का सामना करना पड़ा था। इस पृष्ठभूमि में देखने पर प्रधानमंत्री की समीक्षा बैठक स्वागत योग्य है। इससे नीचे तक संदेश जाएगा कि सभी विभागों को सतर्क व सक्रिय रहना चाहिए। वास्तव में उनको आपदा आने से पहले ही सक्रिय रहने के लिए तैयार किया जा रहा है। उम्मीद करनी चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश व निगरानी में गर्मी से निपटने की तैयारियों से आम जनता को राहत मिलेगी।

# लोकतांत्रिक गरिमा से वंचित राहुल गांधी

राहुल गांधी ने अनेक गैर-जिम्मेदाराना बयान दिए हैं जो परंपराओं का उल्लंघन करते हैं तथा लोकतंत्र के लिए अशुभ हैं। भारत के विपक्षी दलों को इसके लिए उनकी निन्दा करनी चाहिए।



**सुमित भसीन**
(लेखक, राजनीति विश्लेषक हैं)



भारत की दुनिया भर में एक सफल व सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में प्रशंसा होती है। यहां सत्ता का हस्तांतरण हमेशा जनता के जनादेश से होता है और हमेशा शांतिपूर्ण रहा है। भारतीय लोकतंत्र अब 75 साल का हो गया है। भारतीय लोकतंत्र दुनिया में सबसे बड़ा है। भारत उचित रूप से सबसे पुराने लोकतंत्र होने का दावा कर सकता है क्योंकि कई शताब्दी पहले यहां 'ग्राम सभा' से 'प्रांत सभा' तक की परंपरायें थीं और उस समय भी देश में लोकतंत्र फल-फूल रहा था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज में एक भाषण दिया जिसमें उन्होंने भारतीय लोकतंत्र के बारे में अनेक निन्दाजनक बातें कहीं। उन्होंने भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ हमला बोलते हुए कहा कि यह व्यवस्था बहुत कष्टदायक है। निश्चित रूप से एक विपक्षी नेता हैं, पर उनके बयानों से भारतीय लोकतांत्रिक संस्थानों के प्रति भयानक तिरस्कार प्रकट होता है। यदि स्वर्गीय प्रणव मुखर्जी आज जीवित होते तो उनको अपनी पुरानी पार्टी की स्थिति देख कर बहुत द:ख होता।

अनेक दशकों से भारतीय लोकतंत्र में सहभागिता करने वाले लोगों ने विदेशों से भारत की आलोचना व अपनी कड़वाहटें न प्रकट करने की परंपरा का पालन किया है। 1970 के दशक में जब पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी विदेश यात्रा पर थीं तब उन्होंने अपने खिलाफ मोराराजी देसाई सरकार की कार्रवाइयों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा था कि वे विदेश में घरेलू राजनीति पर चर्चा नहीं करेंगी। यह भारतीय लोकतंत्र की आत्मा का प्रतिनिधित्व था। हम भले ही देश में एक-दूसरे से झगड़ा करें, पर देश से बाहर जाने पर हम सच्ची भावना से भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। राहुल गांधी ने विदेशी धरती का प्रयोग भारत सरकार पर जासूसी के आरोप लगाने के लिए किया। उन्होंने अनाम खुफिया अधिकारियों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि उनका फोन टेप किया जा रहा था। उन्होंने विदेश से भारत सरकार पर जासूसी करने के आरोप लगाए। हालांकि, अतीत में भी देश के भीतर ऐसे आरोप लगाए गए हैं, लेकिन उन्होंने यही काम एक दूसरे देश की राजधानी में कर भारतीय लोकतंत्र को नीचा दिखाने का काम किया। भारतीय लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले सभी लोगों को राहुल गांधी के इस दुष्कृत्य पर उपयुक्त प्रतिक्रिया करनी चाहिए।

राहुल गांधी को अपनी याद ताजा कर वह समय याद करना चाहिए जब मनमोहन सिंह कैबिनेट में गृह मंत्री पी. चिदम्बरम तथा वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी के बीच कटुतापूर्ण टकराव हुआ था। उस समय जासूसी के उपकरण प्रणव मुखर्जी की मेज के भीतर पाए गए थे। मीडिया में यह प्रकरण कई दिनों तक सुर्खियों में छाया रहा था। आरोप लगे थे कि एक कैबिनेट मंत्री अपने दूसरे साथी की जासूसी करा रहा था। जब यह मामला प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह तक पहुंचा तो उन्होंने आपस में झगड़ा कर रहे दो कैबिनेट मंत्रियों के बीच शांति स्थापित की। क्या राहुल गांधी उस प्रकरण के बारे में लोगों को बताएंगे और अपनी 'गहन जानकारी' के आधार पर देश की जनता को यह जानने का अवसर देंगे कि आखिर प्रणव मुखर्जी जैसे बड़े कद वाले वरिष्ठ मंत्री के खिलाफ जासूसी क्यों हो रही थी? इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण इसलिए भी जरूरी है क्योंकि अभी भी पी. चिदम्बरम एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता हैं। 2019 लोकसभा चुनाव के दो महीने पहले उस समय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ प्रेस कान्फ्रेंस कर देश को अपमानित किया जो उस समय छिपा रहा। कपिल सिब्बल मनमोहन सिंह कैबिनेट में देश के विधि मंत्री रह चुके थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने भारतीय चुनाव प्रक्रिया, चुनावों तथा एलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों-ईवीएम के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां की थीं। वह अज्ञात व्यक्ति 'डार्क वेब' का हिस्सा था, पर कपिल सिब्बल ने उसके द्वारा आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में अपनी उपस्थिति से उसे गौरवान्वित कर दिया। इससे पूर्णत: स्पष्ट था कि निन्दाजनक आरोपों को सिब्बल का आर्शीवाद प्राप्त था।

राहुल गांधी ने कभी भारतीय लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए कपिल सिब्बल की आलोचना नहीं की। कांग्रेस ने भी न उनको पार्टी से निकाला और न इस प्रकरण के लिए उनसे कोई स्पष्टीकरण मांगा। इस प्रकार कांग्रेस की चुप्पी से स्पष्ट हुआ कि उस अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाए अपमानजनक आरोपों से पार्टी जुड़ी हुई थी जिसका अता-पता अज्ञात था। आंकड़ों के दृष्टिकोण से देखें तो भारतीय लोकतंत्र दुनिया के 90 देशों से भी बड़ा है। इस प्रकार केवल कांग्रेस ही ऐसी एकमात्र पार्टी है जो बाकी विपक्षी दलों के उलट विदेशी धरती से देश की आलोचना की दशकों पुरानी परंपरा तोड़ रही है। अमेरिकन राजनीति अत्यधिक विभाजनकारी है। यह देश स्वयं को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का दावा करता है, लेकिन यहां भी एक भद्दा प्रकरण उस समय सामने आया जब चुनाव में निर्वतमान राष्ट्रपति के पराजित होने पर सशस्त्र बलों को सत्ता हस्तांतरण में हस्तक्षेप करने को कहा गया। लेकिन इसके बावजूद रिपब्लिकन व डेमोक्रेट अमेरिकी राजनेताओं ने कभी विदेश में अपने देश की आंतरिक स्थतियों की आलोचना नहीं की। उनके लिए विदेश जाने के समय अमेरिकन हित सर्वोच्च बने रहते हैं। वे हमेशा केवल अपनी संस्थाओं की प्रशंसा करते हैं। ब्रिटिश राजनीति भी न केवल अत्यधिक विभाजित, बल्कि अत्यधिक क्षणभंगुर भी है। ब्रिटेन में अनेक प्रधानमंत्री पद पर एक साल भी नहीं रहे। यहां राजनेता एक दूसरे से कठोर संघर्ष करते हैं, लेकिन विदेश यात्राओं के समय उनकी स्मृतियों में कभी देश की आंतरिक समस्याओं का उल्लेख नहीं होता है। विदेशों में उनके लिए भी ब्रिटेन के हित सर्वोच्च बने रहते हैं।

भारतीय राजनेताओं ने भी दशकों तक राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में विदेशों में मौन बनाए रखा है अथवा वे एक स्वर में बोलते रहे हैं। भारत के भीतर या विदेशों में बात करते हुए उन्होंने कभी देश में आतंकी हमलों के मुद्दों पर विरोधाभासी विवरण नहीं दिए अथवा ऐसी टिप्पणियां नहीं की हैं। सभी राजनीतिक दलों ने इस सहमति का पालन किया है। लेकिन राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज में बोलते हुए यह परंपरा भी तोड़ दी। पुलवामा आतंकी हमले में सुरक्षा बलों के अनेक जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी और यह भारत के खिलाफ पाकिस्तान की युद्धक कार्रवाई थी। भारत ने सफल सर्जिकल हमलों से पाकिस्तान को इसका उचित जवाब दिया। भारत ने स्पष्ट रूप से दिखा दिया कि भारत में आतंकी गतिविधियों की पाकिस्तान को भारी कीमत अदा करनी पड़ेगी और वह सर्जिकल हमले झेलने की स्थिति में नहीं है। इसके बावजूद राहुल गांधी ने कैम्ब्रिज भाषण में पुलवामा आतंकी हमले को 'कार बम धमाके' की घटना बता दिया। निश्चित रूप से उनका कथन आश्चर्यजनक व परेशान करने वाला है। इस पर कांग्रेस के भी अनेक नेता आश्चर्यचकित हुए होंगे। इस बारे में कोई विवाद नहीं है कि जम्मू कश्मीर पाकिस्तान से निर्यातित आतंकवाद का शिकार रहा है। लेकिन राहुल गांधी ने तर्क दिया कि 'जम्मू कश्मीर में विद्रोह जैसी स्थिति बनी हुई है।' निर्यातित आतंक तथा विद्रोह के बीच जमीन आसमान का अंतर है। अच्छा होगा कि पूर्व गृह मंत्री पी. चिदम्बरम अपने पार्टी नेता को विद्रोह तथा आतंकवाद के बीच अंतर समझा दें।

राहुल गांधी ने यह दावा भी किया कि 'भारतीय संविधान भारत को राज्यों का संघ बताता है और देश में यूरोप की तरह राज्यों के बीच संवाद व वार्ताओं की जरूरत है।' भारत में स्कूल जाने वाले बच्चे भी यूरोप के विचार से अच्छी तरह परिचित हैं। वहां महाद्वीप के भीतर के अनेक देश पूरे इतिहास में एक दूसरे से लड़ते रहे हैं और वहां आज भी उस स्तर पर रक्तपात जारी है जो केवल द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान दिखा था। एक राष्ट्र के रूप में भारत परंपराओं, इतिहास व जीवनशैली से एकजुट है।

राहुल गांधी यह कैसे सोच सकते हैं कि भारत यूरोप की तरह है? भारत में यह परंपरा है कि तमिल संस्कृति बिना काशी के पूरी नहीं होती है और बनारस भी रामेश्वरम के बिना अधूरा है। मणिपुर में जनता उसी संस्कृति का साझा करती है जो गुजरात के पश्चिमी राज्य में पाई जाती है। इसके उलट किसी इतिहासकार ने यह कभी नहीं कहा कि यूरोप एक राष्ट्र है। यूरोप एक महाद्वीप है जिसमें देश एक दूसरे से युद्ध करते रहे हैं। यहां तक कि आर्थिक मजबूरियां भी यूरोपीय संघ को सफल नहीं बना सकी हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए भारत के विपक्षी दलों को विदेश में राहुल गांधी द्वारा दिए गैर-जिम्मेदाराना बयानों की निन्दा करनी चाहिए। विदेशों में किसी प्रकार भी भारतीय लोकतंत्र के प्रति संदेह नहीं किया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने विदेश में अपने गैर-जिम्मेदाराना बयानों से देश को भारी नुकसान पहुंचाया है।

# विद्यालय स्तर पर बालिकाओं का सशक्तीकरण

**अर्चना अवस्थी** **मुक्ता अग्रवाल**

मेघालय के वेस्ट गारो हिल्स जिले की सुकमिला मारक बाघमारा में पुलिस विभाग में काम करने के लिए अपनी वर्दी पहनकर आत्मविश्वास से भरी मुस्कान बिखेरती हैं। वह एक बहुत ही गरीब परिवार से आती हैं और उन्होंने कई चुनौतियों के माध्यम से अपनी सफलता की पटकथा लिखी है। इसके बाद आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले की सौजन्य पतरलापल्ली हैं जो अपने परिवार में पहली साक्षर थीं। वह एक इंजीनियर बन गई और विप्रो हैदराबाद में एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करती है। राजस्थान से, अनीता सपेरा कालबेलिया समुदाय से ताल्लुक रखती हैं, जहां प्राथमिक स्कूल के बाद शायद ही कोई लड़की पढ़ती है। वह एक जिला-स्तरीय जूडो चैंपियन हैं, और जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में पीरपंजाल पहाड़ों की तलहटी में एक दूरदराज के गांव में एक आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार से उजमा जान कक्षा 10वीं में 9.8 जीपी हासिल करने के बाद डॉक्टर बनने की इच्छुक हैं। इन सबमें एक बात समान है। वे केवीबीयंस हैं। खबरों में सबसे हालिया केजीबीवीयन अर्चना देवी हैं, जो भारत की आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थीं। बेहद वंचित पृष्ठभूमि से आने के कारण, उन्हें केजीबीवी में भर्ती कराया गया, जिसने उन्हें इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने के लिए समर्थन और जोखिम प्रदान किया।

केजीबीवी का प्राथमिक उद्देश्य शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों में स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर लिंग और सामाजिक श्रेणी के अंतर की चुनौती को संबोधित करके वंचित समूहों की लड़कियों तक पहुंच और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। कहा जाता है कि महिलाएं समाज का आधा हिस्सा होती हैं। यह एक तथ्य है कि जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो परिवार आगे बढ़ता है, समाज को लाभ होता है और राष्ट्र की प्रगति होती है। इस प्रकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना नई शिक्षा नीति, 2020 (एनईपी) के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। यह देखा गया है कि लड़कियों में, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों से संबंधित हैं, वे शिक्षा के मामले में अपेक्षाकृत गरीब स्थिति में हैं और बाद में



अपने कानूनी अधिकारों का दावा कर रही हैं। इस प्रकार केजीबीवी कठिन क्षेत्रों में मुख्य रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदायों और बीपीएल परिवारों से लड़कियों का समर्थन करने के लिए काम करते हैं। यह योजना 30 राज्यों में लागू की जा रही है और पूरे देश में लगभग 5000 केजीबीवी की स्थापना की गई है जिसमें 6.5 लाख से अधिक लड़कियों का नामांकन है। केजीबीवी में नामांकित अधिकांश लड़कियों की स्कूली शिक्षा में रुकावट आई है, या तो उन्होंने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी या पारिवारिक मजबूरियों या सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के कारण कभी भी दाखिला नहीं लिया। हालांकि अनुभव से पता चलता है कि प्राथमिक विद्यालय स्तर पर विभिन्न हस्तक्षेप समग्र सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) में सुधार करते हैं। 2021-22 के यूडीआईएसई डेटा के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर 99.3% लड़कों के मुकाबले 101.1% लड़कियों का नामांकन हुआ है, जबकि माध्यमिक स्तर पर 79.7% लड़कों के मुकाबले 79.4% लड़कियों का नामांकन हुआ है। उच्चतर माध्यमिक में, 56.9% लड़कों के मुकाबले 58.2% लड़कियों का नामांकन है। यह देखकर प्रसन्नता होती है कि लड़कियों के लिए सभी स्तरों पर जीईआर लड़कों के बराबर है या उससे भी अधिक है। अक्सर देखा जाता है कि एक लड़की को स्कूल भेजने से आर्थिक रूप से अक्षम परिवार के लिए कई तरह की व्यावहारिक मुश्किलें खड़ी हो जाती हैं। ऐसी परिस्थितियों में, केजीबीवी लड़कियों के लिए एक संपूर्ण समाधान प्रदान करते हैं और एक सुरक्षित और सुरक्षित वातावरण में शिक्षा और रहने का प्रावधान करते हैं। इन विद्यालयों में अच्छी तरह से सुसज्जित आवासीय परिसर, सभी भोजन, चिकित्सा सहायता, वर्दी, पाठ्यपुस्तकें, खेल सुविधाएं, उपचारात्मक शिक्षण, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, आत्मरक्षा प्रशिक्षण आदि के प्रावधान हैं।

बुनियादी शैक्षणिक ज्ञान के अलावा, समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से लड़कियों का सर्वांगीण विकास करने का निरंतर प्रयास किया जाता है। इस उद्देश्य के लिए केजीबीवी की लड़कियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाता है। केजीबीवी समग्र शिक्षा दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं, जिसमें 21वीं सदी की शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी घटक शामिल हैं। फोकस अब व्यावहारिक अनुप्रयोग-आधारित शिक्षा पर है। जैसा कि एनईपी में परिकल्पना की गई है, व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा की शैक्षणिक शिक्षा में लाया जा रहा है। बच्चों को उनकी योग्यता, क्षमता और आकांक्षाओं के अनुसार चयन करने में सक्षम बनाने के लिए व्यावसायिक शिक्षा को अकादमिक शिक्षा के साथ जोड़ा जा रहा है। केजीबीवी में नामांकित अधिकांश लड़कियां शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों की हैं, जहां लड़कियों के लिए घर के कामों को प्राथमिकता माना जाता है। काबू पाने और संतुलन बनाने के लिए, केजीबीवी की लड़कियों को विशिष्ट कौशल प्रशिक्षण के तहत सिलाई, कढ़ाई, कटाई और सिलाई, पेंटिंग, योग और टोकरी बनाने आदि से संबंधित कार्यों में भी प्रशिक्षित किया जाता है जो उन्हें उनके नियमित जीवन कार्यक्रम से जोड़ता है। यह लैंगिक रूढ़िवादिता से परे देखने का समय है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सभी स्कूलों को आईसीटी लैब से लैस करने का प्रयास किया जा रहा है। स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना अन्य प्राथमिकताएं हैं। यह लड़कियों को डिजिटल साक्षरता हासिल करने में सक्षम बनाएगा।

केजीबीवी शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों पर ध्यान देने के साथ लड़कियों की शिक्षा की आवश्यकता के लिए एक अनूठी प्रतिक्रिया है। नई शिक्षा नीति 2020 ने इसके महत्व को स्वीकार करते हुए इस पर विशेष ध्यान दिया है

## आप की बात

### चीन-अमेरिका संबंध

**रिपब्लिकन** पार्टी और अमेरिकी राष्ट्रपति पद की प्रबल दावेदार और आकांक्षी निक्की हेली ने हाल ही में कहा है कि कम्युनिस्ट चीन अमेरिका का सबसे शक्तिशाली और अनुशासित दुश्मन है। साथ ही चीनी कंपनियों ने अमेरिका में 380,000 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया है जो अमेरिकी सैन्य ठिकाने के बराबर है। निक्की हेली का कहना है कि दुश्मन चीन को हमारे देश में जमीन खरीदने से रोका जाना चाहिए। साथ ही विश्वविद्यालयों को चीन और अमेरिका से अनुदान की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि चीन को कोरोना महामारी के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए और अमेरिका से नफरत करने वाले देशों को अमेरिका द्वारा सहायता नहीं दी जानी चाहिए। आज अमेरिकी आसमान में हर जगह चीनी गुब्बारों को अमेरिकी नागरिकों की जासूसी करते देखना बेहद चिंताजनक है। रिपब्लिकन पार्टी के वार्षिक सम्मेलन में निक्की हेली का भाषण भविष्य में चीन और अमेरिका के बीच राजनीतिक संबंधों के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। देखना होगा कि भविष्य में चीन-अमेरिका संबंध क्या शक्ल लेते हैं और इनसे भारत-अमेरिका संबंधों तथा दुनिया में भारत के बढ़ते कद पर क्या प्रभाव पड़ता है?

**दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

### प्लास्टिक प्रदूषण

**आज** का युग प्लास्टिक का युग कहा जा सकता है। लेकिन अपने उत्पादन से लेकर इस्तेमाल तक सभी अवस्थाओं में प्लास्टिक पारिस्थितिकी तन्त्र के लिए बहुत खतरनाक है। यह वर्षों-वर्षों तक गलता नहीं है और न ही नष्ट होता है। आज प्लास्टिक प्रदूषण पूरे विश्व की सबसे बड़ी और गंभीर समस्या है। प्लास्टिक ऐसे यौगिकों से बना है जिसे पूर्णतया नष्ट होने में 500 वर्ष या इससे भी अधिक तक का समय लग जाता है। यह भूमि को बंजर बनाता है। प्लास्टिक कचरे से रिसने वाले हानिकारक रसायन जल को दूषित कर देते हैं। प्रतिवर्ष समुद्र में फेका जा रहा लगभग 8 मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक कचरा जलीय जीवनतंत्र पर गंभीर परिणाम डाल रहा है। इससे हर वर्ष लगभग 10 करोड़ जलीव जीव मर जाते हैं। प्लास्टिक के महीन कण समुद्री पक्षियों के पाचन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्लास्टिक को जलाने पर अत्यधिक जहरीली स्टाइरीन गैस निकलती है। यह गाय, भैंस व अन्य पशु-पक्षियों की मृत्यु का कारण भी बनता है। प्लास्टिक प्रदूषण से बचने के लिए हानिकारक प्लास्टिक की जगह बायोडिग्रेडेबल सामग्री का उपयोग करने की जरूरत है।

**सुनील कुमार महला,** पटियाला

### पीओके में अशांति

**पीओके** में पाकिस्तान सरकार के खिलाफप्रदर्शन हो रहे हैं उससे स्वयं पाकिस्तानी सैना हैरान एवं परेशान है। उसे लगता था कि पीओके तो हमारा है ही बस हमें भारतीय कश्मीर को इसमें मिलाना है। उसने कश्मीर की खातिर भारत से हजार साल तक युद्ध लडने का भी दावा भी किया है और कश्मीर घाटी को भारत से छीनने के लिए वह 30-40 साल से खूनी आतंकी खेल भी खेल रहा है। मगर हमारी कश्मीर घाटी आज तक तो चट्टान की तरह भारत के हितों के साथ खड़ी हुई है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद तो पीओके की जनता की आंखें अब पूरी तरह से खुल गई है। वह देख रही है कि आज उसका हाल बहुत बुरा हो गया है। पीओके में जनता के लिए कोई रोजगार धंधा नहीं है तथा आटा, दाल, चावल, आदि सभी खाद्य सामग्रियों में आज महंगाई आसमान छू रही है, जबकि भारत के साथ वाले कश्मीर में लगातार विकास हो रहा है। आज उसके कई नेता चाहते हैं कि पीओके भारतीय नियंत्रण वाले कश्मीर से मिल जाए। ऐसे में सभी कश्मीरियों के बीच संवाद व संपर्क को सुरक्षित ढंग से बढ़ावा देना चाहिए।

**मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमने** गन्ना किसानों को दलालों के चंगुल से मुक्त कराया है, आज किसानों को पर्ची के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ता है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**हमारे** उद्यमियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत को किसी भी प्रौद्योगिकी का आयात न करना पड़े और वह आत्मनिर्भर बने।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**भाजपा** सरकार ने नौजवानों को रोजगार के नाम पर सिर्फ धोखा दिया है।

– **अखिलेश यादव**
सपा अध्यक्ष

# पर्व व त्योहारों से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा

## घंटाघर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ

**मुख्यमंत्री** एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में खड़ा होना हमारी सांस्कृतिक ताकत है। सामूहिकता के भाव से चुनौतियों से जूझकर एक दूसरे का संबल बनना हमारी विशेषता है। हमें संघर्षों से जूझने और सामूहिकता के बल पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राचीन पर्वों-त्योहारों की श्रृंखला और समृद्धशाली संस्कृति से मिलती है।

सीएम योगी बुधवार को होली के पावन पर्व पर घण्टाघर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली रंगभरी शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सभी नागरिकों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सामूहिकता के भाव से उत्साह, उमंग और सकारात्मकता को एक दूसरे में बांटकर आगे बढ़ते रहेंगे तो समाज में कहीं भी कोई अभाव नहीं रहेगा। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के साथ विकास की सोच वाली सरकार भी यही कार्य करती है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी ऋषि परंपरा ने विशिष्ट घटनाओं को प्रासंगिक बनाकर प्रेरणा दी है। ये पर्व हमें मिलजुल कर समाज को समृद्ध बनाने तथा राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने को प्रेरित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में दो वर्षों तक पूरी दुनिया कोरोना से प्रभावित थी। हर व्यक्ति के मन में संशय रहता था। पर आज कोरोना का भय दूर हो गया है। कोरोना पूरी तरह समाप्त है और सभी लोग उमंग व उत्साह से पर्व-त्योहार मना रहे हैं। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने कोरोना प्रबंधन का जो उदाहरण प्रस्तुत किया पूरी दुनिया में उसकी सराहना हुई। महामारी से कैसे लड़ा जाना चाहिएए नागरिकों के प्रति किस तरह की संवेदना होनी चाहिएए एक-एक व्यक्ति की देखभाल कैसे होनी चाहिए।

सीएम ने कहा कि होली हो या दिवाली, रक्षाबंधन हो या शिवरात्रि या फिर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, श्रीरामनवमी कोई भी पर्व एकाकीपन का एहसास नहीं कराता। हमारे पर्व और त्योहार सामूहिकता के दर्शन हैं। जैसे एक व्यक्ति से यज्ञ नहीं हो सकता उसी तरह से एकाकी भावना से पर्व व त्योहार भी नहीं मनाए जा सकते। उन्होंने कहा कि हमारे पर्व और त्योहार सामाजिक, सांस्कृतिक यज्ञ हैं और जब हम सामूहिकता के भाव से इसमें जुड़ते हैं तो पर्व की खुशियां कई गुना बढ़ जाती हैं। सीएम योगी ने कहा कि भक्त प्रह्लाद, हिरण्यकश्यप और होलिका की मौजूदगी हर कालखंड में होती है। पर परमात्मा की कृपा प्रह्लाद अर्थात धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने वाले भक्त को ही मिलती है। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र की भक्ति करते हैं, समाज का हित सोचते हैं और लोक कल्याणकारी कार्य करते हैं परमात्मा की कृपा उसी पर होती है। विघटनकारी, अराजक और अनुशासनहीन तत्वों पर परमात्मा की कृपा कभी नहीं होती है।





### सीएम ने उतारी भगवान नरसिंह की आरती

**लोगों** को होली की बधाई देने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगवान नरसिंह की विधि विधान से आरती उतारी। उन्हें नारियल, गुझिया के साथ रंग, अबीर, गुलाल अर्पित किया। भगवान नरसिंह की पूजा करने के बाद योगी पूरी तरह होलीयाना मूड में आ गए। उन्होंने लोगों के ऊपर जमकर रंग, अबीर, गुलाल व गुलाब की पंखुड़ियां उड़ाईं। देखते ही देखते योगी समेत समूचा जनमानस रंगों में सराबोर हो गया। इस दौरान जय श्रीराम के नारों के बीच उत्सवी उल्लास आसमान पर था। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डॉ. पृथ्वीराज, प्रांत सह संघचालक डॉ. महेंद्र अग्रवाल, प्रांत प्रचारक सुभाष जी, सांसद रविकिशन शुक्ल, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, श्री होलिकोत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ अरुण प्रकाश मल्ल, महामंत्री मनोज जालान, वाराणसी से आए महामंडलेश्वर सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि भी मौजूद रहे।

## होलिकादहन भस्म के तिलक से गोरक्षपीठाधीश्वर ने की होली मनाने की शुरुआत

- रंग-बिरंगी बौछारों के बीच मंदिर परिसर में गूंजे फाग गीत

### सीएम योगी की मौजूदगी में झलके होलिकोत्सव के रंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, गोरखपुर

**होली** के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में गोरक्षनगरी उमंग, उल्लास और सामाजिक समरसता के रंगों में सराबोर रही। सीएम की मौजूदगी में होलिकोत्सव के रंग सुबह से शाम तक खूब खिलखिलाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के होलिकोत्सव की शुरुआत बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर होलिकादहन भस्म के तिलक से हुई। होली पर्व पर यह गोरक्षपीठ की विशिष्ट परंपरा का हिस्सा है। पीठाधीश्वर के साथ ही मंदिर के अन्य साधु संतों ने भी होलिकादहन भस्म का तिलक लगाया। होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी श्रीनाथ जी मंदिर पहुंचे और वहां मौजूद भक्तों, श्रद्धालुओं पर अबीर गुलाल उड़ाकर होली खेली। मंदिर के चबूतरे पर भक्तों ने खूब फाग गीत गाए। सीएम योगी ने भी कुछ देर वहां रुककर फाग का आनंद उठाया। सबको होली की बधाई व शुभकामनाएं देने के बाद सीएम पाण्डेयहाता से निकलने वाली भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा का नेतृत्व करने चले गए।



बुधवार शाम मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर के सानिध्य में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों पर गुलाब के पुष्पों की वर्षा कर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने सबके सुखमय, अरोग्यमय, समृद्धमय, शांतिमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति के पर्व एवं त्योहार सदैव बुराई छोड़ अच्छाई के मार्ग पर चलने, सामूहिकता, समरसता और लोक कल्याण की प्रेरणा देते हैं।

## श्रीकाली माता, भगवान श्रीगणेश व श्रीकालभैरव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ

**मुख्यमंत्री** एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में नवनिर्मित श्रीकाली माता मंदिर में मां काली, गणेश एवं भैरव जी की प्राण प्रतिष्ठा की। भक्तिमय माहौल में हुए अनुष्ठान के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में गोशाला के समीप नव्य व भव्य श्रीकाली माता मंदिर में मां काली, प्रभु गणेश व कालभैरव जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए विगत सात दिन से धार्मिक अनुष्ठान चल रहे थे। गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वैदिक विधि विधान से तीनों देव विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पूर्ण कराया। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांतए ब्राह्मण एवं साधु भोज तथा भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।



## उपचार में भरपूर आर्थिक मदद दे रही सरकार



### जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर, लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश सरकार गंभीर बीमारियों के इलाज में लगातार भरपूर आर्थिक मदद दे रही है। किसी के भी इलाज में धन की बाधा सामने नहीं आने दी जाएगी। मरीज व उनके परिजन कतई चिंता न करें। उनके साथ एक संवेदनशील सरकार खड़ी है। अधिकारी पूरी संवेदना और प्राथमिकता के आधार पर इलाज में मदद संबंधी आवेदनों को निस्तारित करेंए इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को उपलब्ध कराएं। इस्टीमेट मिलते ही सहायता राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

इन्ही शब्दो मे लोगों में भरोसे की डोर मजबूत करते हुए तथा अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए सीएम योगी ने गुरुवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने करीब तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। उनकी पीड़ा सुनीए उसे महसूस किया और समस्या के त्वरित निराकरण का निर्देश अधिकारियों को दिया। समस्या सुनने के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा समस्या कोई भी हो, मेरे रहते घबराने या चिंता करने की बिलकुल जरूरत नहीं है। सबकी समस्या का न्यायोचित समाधान करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

सीएम योगी से मिलने वालों में अधिक संख्या उन लोयों की थी जो इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। जमीनी विवाद से जुड़ी शिकायतों पर सीएम ने दो टूक कहा कि यदि कोई दबंग या माफिया किसी की जमीन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही करें। समस्या कोई भी हो, उसका त्वरित, न्यायोचित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक समाधान होना चाहिए। महिलाओं के साथ आए बच्चों का मुख्यमंत्री ने हालचाल पूछा, पढ़ने के लिए प्रेरित कर उन्हें चाकलेट गिफ्ट किया।

## सामग्री व सेवाओं का क्रय जेम के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाए

- जेम पर खरीद के लिए निर्धारित गाइड लाइन का शतप्रतिश अनुपालन कराए विभागः प्रांजल यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सचिव** एमएसएमई प्रांजल यादव ने प्रदेश के सभी विभागों से सामग्री एवं सेवाओं का क्रय जेम के माध्यम से अनिवार्य रूप से किये जाने की अपेक्षा की है। साथ ही उन्होंने सभी विभागों से भारत सरकार द्वारा जेम पर खरीद के लिए निर्धारित गाइड लाइन का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने का अनुरोध भी किया है। श्री यादव द्वारा सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं सचिव को भेजे गये पत्र में उल्लेख किया गया है कि कतिपय संस्थाओं, निगमों एवं उपक्रमों आदि द्वारा जेम पोर्टल पर क्रय हेतु किये गये निविदा तथा बिड की अनुमानित लागत व्यवहारिक दरों से अत्यधिक भिन्न है जिसके परिणाम स्वरूप राज्य सरकार द्वारा किये गये पूर्ण क्रय मूल्य के आकड़े वास्तविक से काफी कम प्रदर्शित हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त जेम को प्लेटफार्म शुल्क की क्षति भी हो रही है। संभवत: विक्रेता द्वारा प्लेटफार्म शुल्क को समायोजित कर निविदा में प्रतिभाग किया गयाए परंतु कॉन्ट्रेक्ट आर्डर मूल्य अत्यधिक अल्प होने के फलस्वरूप प्लेटफार्म शुल्क का भुगतान नहीं किया गयाए जो पूर्णत: अनैतिक है। सचिव ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि विभागों में कई निविदायें अंतिम, पूर्ण नहीं हो पा रही है यदि इन निविदाओं की समीक्षा कर ली जाए तो प्रदेश में जेम द्वारा की गई खरीद के आकड़ों में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने 10 मार्च को लोक भवन में अपर मुख्य सचिव, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम अमित मोहन प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित जेम संबंधी बैठक में विभाग के जानकार अधिकारी को भेजने का अनुरोध भी किया है।

## महिला संबन्धी अपराधों के निस्तारण में यूपी ने सभी राज्यों को पछाड़ा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ महिलाओं एवं बच्चियों से संबंधित अपराधों को कम करने, इन अपराधों में लिप्त आरोपियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए संकल्पित हैं। आंकड़ों के मुताबिक पिछले छह वर्षों में इन अपराधों में काफी कमी आई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं महिला अपराधों समेत प्रदेश के लॉ एंड ऑर्डर को लेकर लगातार मॉनिटरिंग करते रहे हैं, तो वहीं मुख्य सचिव द्वारा हर माह समीक्षा बैठक और डीजीपी द्वारा पुलिस अधिकारियों को समय-समय पर इन अपराधों को लेकर जारी दिशा-निर्देशों से ऐसे अपराधों पर नियंत्रण लाने में काफी हद तक सफलता मिली है। हाल ही में एनसीआरबी ने आईपीसी की धारा-376 तथा पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों के निस्तारण में प्रदेश को पूरे देश में पहला स्थान दिया है। वहीं, इन मामलों में दर्ज एफआईआर में दो माह के भीतर जांच प्रक्रिया पूरी करने में उत्तर प्रदेश देश में पांचवें स्थान पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में महिला एवं बच्चियों संबंधी अपराध आईपीसी की धारा 376, महिला उत्पीड़न और पॉक्सो एक्ट को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें पुलिस अधिकारियों को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत इन अपराधों पर लगाम लगाने के साथ दर्ज मामलों को कम से कम समय में आरोपियों को सजा दिलाने की बात कही। इस विषय पर पुलिस अधिकारियों ने सीएम योगी को बताया कि 27 फरवरी 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार आईपीसी की धारा-376 तथा पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज 77044 एफआईआर में से 75331 मामलों को निस्तारित कर 97.80 प्रतिशत के साथ प्रदेश ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। एनसीआरबी ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने सीएम योगी को बताया कि इन मामलों में दूसरे स्थान पर गोवा है, जिसका रेश्यो 97.30 प्रतिशत है जबकि तीसरे स्थान पर पुडुचेरी है, जिसका रेश्यो भी 97.30 है। वहीं इन मामलों में सबसे खराब प्रदर्शन बिहार का रहा है, जिसका रेश्यो 18.7 प्रतिशत है। इसके बाद मणिपुर का 23.7 प्रतिशत और असम का 35.4 प्रतिशत है।

## कोलकाता में 18 व 19 को होगी सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**लखनऊ।** सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 18 और 19 मार्च को कोलकाता में होगी। 11 साल बाद होने जा रही इस बैठक को मिशन 2024 के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने गुरुवार को कहा कि बैठक का मुख्य एजेंडा 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाना ही है। लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की नीतियों और रणनीतियों पर चर्चा करने के अलावा, नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी, कई विशेष आमंत्रितों के साथ, इस साल के अंत में तीन हिंदी भाषी राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों पर चर्चा होगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव 17 मार्च को कोलकाता आएंगे और यहां कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। 18 मार्च से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी होगी। इस साल के अंत में छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के चुनावों के लिए पार्टी की रणनीतियों पर चर्चा होगी। इसके बाद 2024 के लोकसभा चुनाव पर चर्चा की जाएगी।

## डीआईजी अनंतदेव तिवारी अस्थाई रूप से एसटीएफ से सम्बद्ध

**लखनऊ।** प्रयागराज में डीआईजी रेलवे के पद पर तैनात अनंतदेव तिवारी को वर्तमान पद के साथ ही अस्थाई रूप से एसटीएफ से भी सम्बद्ध कर दिया गया है। डीजीपी ने उन्हें तत्काल एडीजी एसटीएफ को रिपोर्ट करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कानपुर नगर के एसएसपी रहे अनंतदेव तिवारी का यहां से डीआईजी पीएसी मुरादाबाद के पद पर तबादला होने के बाद चर्चित बिकरू कांड हुआ था। जिसमें अपराधी विकास दुबे ने एक क्षेत्राधिकारी सहित कई पुलिस कर्मियों को मौत की नींद सुला दिया था। हालांकि विकास दुबे भी घटना के कुछ दिन बाद एनकाउंटर में मारा गया था। बिकरू कांड के बाद कुछ फोटो और वीडियो वायरल हुए थे। जिसके बाद अनंतदेव विवादों में घिर गए थे। शासन स्तर पर अपर मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में गठित एसआईटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। लंबे समय तक निलंबित रहने के बाद उन्हें अक्टूबर 2022 को सरकार ने बहाल किया था।

## पीएम को पत्र लिखने वाले नेता व दल भ्रष्टाचार में लिप्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरूवार को बीजेपी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि विगत 5 मार्च को 9 विपक्षी पार्टियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर केन्द्रीय जांच एजेंसियों के दुरूपयोग के आरोप लगाये और इस पत्र में केन्द्र सरकार पर भी कई तरह के अनर्गल आरोप लगाये गये थे। उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखने पर सपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहित अन्य प्रमुख विपक्षी नेताओं की मंशा पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को पत्र लिखने वाले यह नेता और दल खुद कई तरह के भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। जांच एजेंसियों और केन्द्र सरकार पर आरोप मढ़कर यह अपने भ्रष्टाचार को छिपाना चाहते हैं। इन पार्टियों के कई नेता या तो जेल में हैं या बेल पर हैं। श्री पाठक ने सवाल किया कि क्या यह पार्टियां भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही नहीं चाहती? क्या यह पार्टियां भ्रटाचारियों को बचाना चाहती हैं? उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास अब कोई एजेंडा नहीं है जबकि मोदी जी के नेतृत्व में देश और उनके मार्गदर्शन में विभिन्न प्रदेशों में भाजपा की सरकारें सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ जन कल्याण और विकास के कार्य कर रहीं हैं। बृजेश पाठक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र पर अपने हस्ताक्षर किये हैं जिनका पूरा शासन ही आकंठ भ्रष्टाचार और अराजकता का परिचायक रहा था। समाजवादी पार्टी जब-जब सत्ता में रही, राज्य में जनधन की लूट हुई, जमकर भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने कहा कि यदि भ्रष्टाचारियों को कोई पुरस्कार मिलता तो सपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार भूषण की उपाधि मिली होती। श्री पाठक ने सपा सरकार में हुए घोटालों की याद दिलाते हुए कहा कि सपा शासन काल में गोमती रिवर फ्रंट घोटाला, नोएडा, ग्रेटर नोएडा भूमि आवंटन में घोटाला, राशन घोटाला, खनन घोटाला, लैपटॉप घोटाला, खाद्यान्न घोटाला, पुलिस भर्ती घोटाला, जल निगम भर्ती घोटाला, समाजवादी पेंशन घोटाला, लोकसेवा आयोग अधीनस्थ चयन सेवा आयोग में हुए घोटाले, एम्बुलेंस घोटाला, पशुपालन चारा घोटाला व अन्य कई घोटालों का जिक्र करते हुए कहा कि सपा शासनकाल में हुए घोटालों की लम्बी फेहरिस्त है। पाठक ने कहा कि अब जब जांच एजेंसियां निष्पक्ष तरीके से इन घोटालों की जांच में आगे बढ़ रही हैं तो कई लोगों के मन में भय उत्पन्न हो गया है।



## गैंगेस्टर एक्ट में फरार गिरफ्तार

**लखनऊ।** गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में नामजद समाजवादी पार्टी के नेता व एटा जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। आज पुलिस के हाथ ये बड़ी कामयाबी लगी है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव पर जमीन कब्जा करने और पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था। मामला पंजीकृत होने के बाद हाजिर नहीं होने पर पुलिस ने इनाम की घोषणा की थी। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मिली जानकारी के मुताबिक जुगेंद्र सिंह यादव को एटा जिला पुलिस ने आज मथुरा के जैत क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गैंगस्टर एक्ट से जुड़े मामले में वांछित यादव को गिरफ्तारी के बाद एटा कोतवाली लाया गया जहां से कानूनी कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार यादव पर एटा जिले में 86 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी के समय वह कार से मथुरा से नोएडा जा रहा था, जहां से वह दक्षिण भारत के किसी प्रदेश में भागने की फिराक में था।

## जूदेव के निधन पर कांग्रेस नेताओं ने जताया दुख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पूर्व** गृह राज्यमंत्री और सबसे कम उम्र में विधान सभा सदस्य बनने वाले तथा लगातार कई बार विधान सभा के सदस्य रहे रणजीत सिंह जूदेव के आकस्मिक निधन पर वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने गहरा दुख एवं शोक संवेदना व्यक्त की है। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी और कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि स्व. रणजीत सिंह जूदेव हमारे सबसे निकटतम मित्रों में थे। उनका संपूर्ण जीवन जनता के लिए समर्पित रहा। इतनी बड़ी रियासत के राजा होने के बावजूद भी उनको कभी तनिक भी अहंकार नहीं रहा। हम स्व. जूदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि मृतक आत्मा को शांति प्रदान करें तथा उनके परिजनों एवं शुभचिन्तकों को इस दारुण दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# कैंचीपुल के समानांतर बनेगा नया पुल

## श्यामनाथ रेल क्रॉसिंग पर बनेगा नया ओवर ब्रिज, डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक- अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

**संवाददाता।** सीतापुर

**शहर** को जल्द ही दो नए पुलों की सौगात मिलने वाली है। इसे लेकर प्रशासनिक कवायद शुरू हो गई है। संकरा और जर्जर हो चुका सरायन नदी के ऊपर स्थित कैंचीपुल शहर के आवागमन में बड़ा रोड़ा बना हुआ है। ठीक इसी तरह से सीतापुर गोला मार्ग पर स्थित श्यामनाथ रेल क्रासिंग ट्रेनों की आवाजाही के चलते लंबे समय तक बंद रहकर भयंकर जाम के हालात पैदा करता है, अब इन दोनों समस्याओं से निपटने की तैयारी शुरू हो गई है। कैंचीपुल के समानांतर जहां नया पुल बनाने की तैयारी हो रही है, वहीं श्यामनाथ रेल क्रासिंग के ऊपर ओवरब्रिज बनाने की कवायद भी शुरू हो गई है। इसे लेकर डीएम अनुज सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि कैंचीपुल जर्जर होने के कारण उसके समानांतर नए सेतु निर्माण के कार्य की योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 में सम्मिलित है। डीएम ने निर्देशित किया कि जर्जर कैंचीपुल से भारी वाहनों का गुजरना खतरे का सबब है। इन्हें रोकने के लिए पुल से 5 से 7 मीटर की दूरी पर 10 फिट की ऊंचाई वाले हाइटगेज लगाए जाएं, ताकि ट्रैक्टर-ट्राली, ट्राला और ट्रक, बस आदि इसपर से न गुजर सकें। इस कार्य के लिए राज्य सेतु निगम के अधिशासी अभियंता और सीतापुर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया। डीएम ने बैठक में मौजूद एआरटीओ प्रवर्तन को निर्देशित किया कि हाइटगेज लग जाने के बाद शहर में आने वाली भारी वाहनों सहित रोडवेज बसों को आवागमन हेतु सुविधाजनक वैकल्पिक मार्ग का चयन कर आवश्यक कार्रवाई एक सप्ताह में पूरी कर लें। डीएम ने सीओ सिटी को निर्देशित किया कि जर्जर कैंचीपुल पर लगने वाले हाइटगेज के दोनों तरफ और चुने हुए वैकल्पिक मार्ग के डायवर्जन प्वांइट पर आवश्यक यातायात पुलिस व्यवस्था पुलिस अधीक्षक से समन्वय कर सुनिश्चित करें। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड के अधिशासी अभियंता ने बताया कि सीतापुर गोला मार्ग के रेलवे फाटक संख्या 51 पर ओवरब्रिज निर्माण की कार्य योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 में अनुमोदित हो चुकी है। इस ओवरब्रिज का निर्माण शुरू होने से पहले उक्त स्थान पर वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था होना आवश्यक है, इस पर डीएम ने लोक निर्माण विभाग खंड 4 के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि वह सेतु निगम से समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह के अंदर वैकल्पिक मार्ग चिन्हित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान जिस तरह से कैंचीपुल और श्यामनाथ रेल क्रासिंग के ओवरब्रिज निर्माण की कार्य योजनाएं स्वीकृत और उन पर आगे बढ़ने की तैयारी का खाका खींचा गया, उससे एक बात साफ है कि शहर को जल्द ही दो नए पुलों की सौगात मिलने वाली है। जिससे शहरी आवागमन को रफ्तार मिलेगी। लेकिन यह कार्य शुरू होने से पहले दोनों स्थानों पर रूट डायवर्जन किया जाएगा, जोकि निर्माण कार्य के लिए आवश्यक भी है, लेकिन अगर इन वैकल्पिक मार्गों पर हो रहे आवागमन पर पर्याप्त और करीबी निगाह न रखी गई, तो निर्माण जब पूरा होगा तब पूरा होगा, फिलहाल तब तक के लिए जाम के झाम में फंसकर शहर का यातायात हर रोज दम तोड़ता नजर आएगा।

# डायलिसिस से बचा सकता है गुर्दे का समय पर और सही इलाज:सीएमओ

## विश्व गुर्दा दिवस पर लखीमपुर स्थित डायलिसिस सेंटर पहुंचे सीएमओ और एसीएमओ

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**विश्व** गुर्दा दिवस के अवसर पर लखीमपुर खीरी स्थित डीसीडीसी किडनी केयर सेंटर पर सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता व एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने गुरुवार को पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना और केक काटकर विश्व गुर्दा (किडनी) दिवस मनाया। यह कार्यक्रम मरीजों सहित आम जनमानस में गुर्दा में होने वाली बीमारियों से जागरूकता को लेकर मनाया गया। एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष मार्च माह के दूसरे गुरुवार को विश्व गुर्दा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य अप्रत्याशित के लिए तैयारी, कमजोरों का समर्थन, विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा भी लखीमपुर में स्थित डीसीडीसी डायलिसिस सेंटर पर भ्रमण किया गया और यहां पर भर्ती मरीजों से मिल रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली गई। इस अवसर पर मरीजों के साथ केक काटकर जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया। सीएमओ ने बताया कि 11 अप्रैल 2022 में डीसीडीसी डायलिसिस यूनिट सेंटर का शुभारंभ हुआ था। वर्तमान समय में 12 कर्मचारी इसमें अपना सहयोग दे रहे हैं। ओम शर्मा इस यूनिट के मैनेजर हैं। वहीं डॉ सचिन चौरसिया डीएमओ हैं। यहां पर 7 टेक्निकल स्टाफ तैनात हैं। जिनमें राजेश्वर, धर्मेंद, तौफीक,




शुभम, अनुपम, हर्ष व विवेक अपनी सेवा दे रहे हैं। वहीं राम सिंह स्टाफ नर्स और निधी, दीपू, मुनीश एचके हैं। सभी डायलिसिस सेंटर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डायलिसिस यूनिट में 10 बेड व 10 मशीनें हैं। यहां पर 9 बेड नेगेटिव पेशेंट के लिए व एक बेड एचसीवी पॉजिटिव पेशेंट के लिए है। डायलिसिस यूनिट की स्थापना के बाद से अब तक 4435 लोगों को डायलिसिस की सुविधा यहां से दी गई है। यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस डायलिसिस सेंटर के शुरू होने से पहले लोगों को आसपास के महानगरों में डायलिसिस के लिए जाना पड़ता था और जो इक्का-दुक्का डायलिसिस यूनिट शहर में थे, वे भी बहुत महंगे थे, वहां पर मरीजों को बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती थी। डीसीडीसी किडनी केयर सेंटर की लखीमपुर में शुरुआत के बाद से सैकड़ों मरीज इसका लाभ ले रहे हैं। उन्होंने विश्व गुर्दा दिवस 2023 की थीम पर बोलते हुए कहा कि सभी के लिए किडनी स्वास्थ्य अप्रत्याशित के लिए तैयारी कमजोरों का समर्थन जैसी थीम वर्तमान समय के लिए बड़ा संदेश दे रही है, जो किडनी की बीमारी का जल्द पता लगाने, प्रभावी प्रबंधन और देखभाल के महत्व पर जोर देता है।

# जन औषधि: सस्ती भी और अच्छी भी

## मनाया गया जन औषधि दिवस

## केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ, लाभार्थियों से किया संवाद

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**खाद्य** सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन खीरी के तत्वाधान में मंगलवार को जन औषधि दिवस 2023 मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक सदर योगेश वर्मा, डीसीबी चेयरमैन विनीत मनार, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीएम संजय सिंह के साथ दीप जलाकर किया। मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि यह योजना देश के कोने -कोने में लोगों तक सस्ती दवा की आसान पहुंच सुनिश्चित करती है। सरकार ने दिसम्बर 2023 के अंत तक पीएमबीजेके की संख्या बढ़ाकर 10 हजार करने का लक्ष्य रखा है। पीएमबीजेपी की उत्पाद टोकरी में 1759 दवाएं और 280 सर्जिकल उपकरण शामिल हैं। इसके अलावा, नई दवाएं और न्यूट्रास्यूटिकल्स उत्पाद जैसे प्रोटीन पाउडर, माल्ट-आधारित फूड सप्लीमेंट, प्रोटीन बार, इम्युनिटी बार, सैनिटाइजर, मास्क, ग्लूकोमीटर, ऑक्सीमीटर आदि भी शुरू किए गए हैं। गत वर्षों में, देश के लोगों को सस्ती कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध होने के कारण पीएमबीजेपी ने जबरदस्त वृद्धि और अपराजेय सफलता हासिल की है। इसने भारत के निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों के जेब खर्च में भारी कटौती की है। इससे नागरिकों की दवाओं की कीमत पर 20000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत हुई है। लोगों की इस व्यापक स्वीकृति ने पीएमबीजेपी को देश के हर कोने में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन दिया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आम आदमी के खर्च को कम करने में इन जन औषधि केंद्रों ने सशक्त एवं महती भूमिका निभाई है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने दवाओं को सस्ती और नागरिकों के लिए सुलभ बनाने के पीएम के दृष्टिकोण के अनुरूपए अब देश भर में 09 हजार से अधिक जन औषधि स्टोर उपलब्ध हैं, जोकि लगभग हर जिले को कवर करते हैं। जेनेरिक दवाओं के उपयोग और जन औषधि परियोजना के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पूरे देश में जन औषधि सप्ताह मनाया जा रहा है।

# रंगोत्सव पर गुदगुदाया कवियों ने

## रंग महोत्सव-2023 में वासंती कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** मोहम्मदी-खीरी




**युवा** समाज सेवा समिति के संयोजन में आयोजित होने वाले रंग महोत्सव के अंतर्गत वासंती कवि सम्मेलन का आयोजन मोहम्मदी स्थित श्री नर्मदेश्वर मंदिर के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रज्ञालोक के अध्यक्ष राजकिशोर मिश्र ने एवं संचालन आकाश त्रिपाठी ने किया। स्वागत श्रंखला के अंतर्गत युवा समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा संरक्षक अतुल रास्तोगी के नेतृत्व में सभी कवियों एवं अतिथियों का तिलक एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी कवियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त दिवंगत कवि रवींद्र कुमार रस्तोगी को श्रद्धांजलि समर्पित की गई। तत्पश्चात देर रात तक चले सफल कवि सम्मेलन में नगर एवं अंचल के तमाम कवियों-शायरों ने काव्यपाठ किया। शायर अब्बास नकवी ने इस मौके पर होली पर गीत, गजल, दोहे और छंद सुनाकर माहौल को होली मय बना दिया और जमकर तालियां बजीं। काव्यपाठ करने वालों में प्रमुख रूप से राजकिशोर मिश्र, राकेश मिश्रा, कमलेश शुक्ल, रामप्रकाश सरस, आकाश त्रिपाठी, विपिन सोहल, सिराज अली, शादान खान, अनुभव अंख, शांतनु त्रिवेदी, सुखदेव मिश्र, रजनी सैनी, दुष्यंत मिश्र, आयुष मिश्र, विनय आनंद, राघव शुक्ल, अरुण मिश्र, रमाशंकर गुप्ता, शिवम द्विवेदी, राहुल शुक्ल, सतीश सिंह, सुमित भारद्वाज, शुभम शुक्ल आदि सम्मिलित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था एवं स्वागत युवा समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

## क्विक न्यूज

### हथियार बना रहा युवक गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस ने एक कमरे में अवैध रूप से हथियार भरा रहे युवक को गिरफ्तार कर लिया मौके से तैयार तमंचा और कारतूस व अन्य सामान बरामद हुआ पुलिस ने गिरफ्तार युवक को जेल भेजा। आंवला थाना क्षेत्र के गांव ढिलवारी निवासी नत्थू लाल के लड़के पप्पू को पुलिस ने आज अवैध रूप से हथियार बनाते समय रंगे हाथों गिरफ्तार किया पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना के बाद छापामार कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक बंद मकान में छापा मारा जहां पर एक कमरे में दो जल रहे बल के नीचे बैठकर अवैध रूप से हथियार बना रहे पप्पू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया मौके से पुलिस ने तैयार तमंचा कुछ जिंदा कारतूस व कारतूस के कुछ खोखे बरामद किए मौके पर पुलिस ने दो सफेद कट्टे बरामद की जिनमें अवैध रूप से हथियार बनाने के काम करने वाले औजार मौजूद थे पुलिस ने गिरफ्तार पप्पू को जेल भेजा।

### अधिकारियों को धोखा व चकमा देकर पूरे दिन हुआ कटान

**गोला** गोकर्णनाथ-खीरी। दक्षिण खीरी वनप्रभाग की वनरेंज मोहम्मदी ;महेशपुरद्ध की बीट महेशपुर के ग्राम बांसबेरिया में ग्राम के पूरब चार शीशम के वृक्षों को क्षेत्रीय वन कर्मियों व लकड़ी ठेकेदार की मिलीभगत से काट कर लकड़ी भी ठेकेदार उठा ले गया मौके पर अब केवल मुढ़ियां बची है जिनकी मंगलवार की रात्रि में खुदवाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि मौके पर कोई प्रमाण न मिल सके। इसी वनरेंज की बीट आंवला में लकड़ी ठेकेदार व वनकर्मियों की मिलीभगत से ग्राम इमलिया व ग्राम सुहेला में खड़ी गूलर को दिनदहाड़े कटवा कर लकड़ी ठेकेदार लकड़ी भी उठा ले गया है मौके पर मुढ़िया मौजूद हैं पर मंगलवार की रात्रि में लकड़ी ठेकेदार मुढढी खुदवाने का प्रयास कर सकता है। खबर लिखे जाने तक लकड़ी ठेकेदारों पर कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है। वनरेंज अधिकारी मोहम्मदी ने दोनों मामलों में क्षेत्रीय वनकर्मियों को वन अधिनियम के तहत कार्यवाही के निर्देश दिए हैं पर इसके बावजूद कार्रवाई नहीं हो सकी है।

### कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**बरेली।** घर के बाहर बैठे एक बुजुर्ग को तेजी से आ रही बेकाबू कार ने टक्कर मार दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बहेड़ी थाने के गांव धुरा निवासी 65 वर्षीय लाल मोहम्मद पुत्र बरवार की कल शाम अपने घर के बाहर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि लाल मोहम्मद कल शाम को अपने घर के बाहर बैठा था इसी दौरान सड़क पर तेजी से आ रही एक कार अचानक बेकाबू हो गई और उसने लाल मोहम्मद को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने टक्कर मारने वाली कार और उसके चालक को पकड़कर दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने कार और उसके चालक को कब्जे में लेकर लाल मोहम्मद को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी मृतक दो बच्चों का पिता था ।

### पुलिस ने बड़े ही धूमधाम से मनाया होली का पर्व

**शाहजहांपुर।** गुरूवार को पुलिस ने बड़े ही धूमधाम से होली का पर्व मनाया । एक दिन पूर्व लाट साहब के जुलूस की होली को शांति से संपन्न करने में लगी पुलिस ने गुरूवार होली मनाई। पुलिस के होली कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस आंनद ने शिरकत कर पुलिस कर्मियों की हौसला अफजाई की। इस अवसर अपर पुलिस अधीक्षक, सहित सर्किल अफसर व थाना प्रभारी मौजूद रहे। पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली। पुलिस अधीक्षक एस आंनद ने पुलिस अधिकारीयों को गुलाल लगाकर बधाई दी। इस दौरान होली के गीतों के साथ पुलिस कर्मियों ने डांस किया। पुलिस अधिकारियों ने भी जमकर होली खेली। होली के दूसरे दिन पुलिस विभाग के अधिकारी व पुलिसकर्मियों को अपने थाने और पुलिस लाइन के अंदर की होली के पर्व को मनाते हुए साथियों पर रंग व गुलाल डालकर पर्व का लुतफ लेते है। जिसके चलते आज दूसरे दिन पुलिसकर्मियों ने होली पर जमकर होली खेली। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एस आंनद ने बताया कि होली पर शहर के अमनो-अमान की जिम्मेदारी पुलिस कर्मियों के कन्धों पर होती है उसका लक्ष्य शांति के साथ जुलूस को संपन्न करना होता है। खुशी की बात है कि जिले के दोनों ही जुलूसों में शांति के लोगो ने पर्व का आंनद लिया और पुलिस ने सतर्कता के साथ शांति को कायम रखने में अपने कर्तव्य का निर्वाह किया।

# कैदियों ने भी खेली जमकर होली

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**जेल** में साम्प्रदायिक सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का त्योहार भी बड़े धूमधाम से उल्लासपूर्ण तरीके से सभी बंदियों व स्टाफ ने मिलकर मनाया। जिसमें सभी सम्प्रदाय के बंदियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। जेल अधीक्षक मिजाजीलाल ने अन्य सम्प्रदाय के सभी बंदियों को फूलमाला पहनाकर, गुलाल लगाकर गले मिले। मूक वधिर बंदी शैलेन्द्र को जब जेल अधीक्षक ने माला पहनाकर, गुलाल लगाकर गले लगाया तो वह खुशी में झूम झूम कर नाचने लगा।जेल अधीक्षक मिजाजीलाल समेत सभी अधिकारियों व स्टाफ ने मिलकर सभी बंदियों के साथ मिलकर होली मनाई। बंदियों ढोल,ढोलक, व संगीत बाद्य यंत्रों के होली के गीत गाए व झूम झूम कर नृत्य किया। शाहजहांपुर जेल में जेल अधीक्षक मिजाजी लाल के द्वारा ऐसा माहौल तैयार किया है कि सभी सम्प्रदाय के बन्दी बिना किसी भेदभाव के सभी त्योहार मिलजुलकर मनाते हैं, वह चाहे क्रिसमस डे हो,चाहे लोहड़ी हो,चाहे नवरात्र के व्रत हों। कारागार शाहजहांपुर में विगत कई दिनों से होली के त्योहार को धूमधाम से मनाने के लिए बंदी तैयारी कर रहे थे। जिसमें सम्पूर्ण जेल की सफाई व सजावट तथा जेल में उत्पादित सब्जियों व फूलों से प्राकृतिक व हर्बल गुलाल तैयार किया जा रहा था। महिला बंदियों व उनके साथ रह रहे बच्चे भी पीछे नहीं रहे। सभी महिला बंदियों व उनके साथ रह रहे बच्चों को गुलाल, रंग,पिचकारी, फूल आदि जेल प्रशासन द्वारा पहले ही उपलब्ध कराए गए थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, एक घायल

**बरेली।** मोटरसाइकिल सवार दोस्तों को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, इको अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने चालक को मृत घोषित कर दिया जबकि बाइक पर सवार दूसरे युवक को मामूली चोटें आईं। भोजीपुरा थाने के गांव मेंमोर निवासी अशर्फीलाल के 28 वर्षीय बेटे हरी शंकर की कल शाम शेरगढ़ के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उसका दोस्त कांता प्रसाद घायल हो गया पोस्टमार्टम हाउस कर मृतक के घर वालों ने बताया कि हरिशंकर अपने दोस्त के साथ कल दिन में रमपुरा स्थित अपनी ननिहाल गया था जहां से वापस लौटते समय शाम को रास्ते में ही किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे हरिशंकर गंभीर रूप से घायल हो गया और कांता प्रसाद को मामूली चोट आई।

# महिला दिवस पर 94 वर्षीया वृद्धा को किया सम्मानित

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**अंतर** राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिला बंदियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें महिला सशक्तिकरण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वक्ताओं के महिला अधिकारों पर विभिन्न कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डाला गया तथा पाठ्य सामग्री वितरित की गई। महिला बंदियों व उनके साथ रह रहे बच्चों द्वारा महिला सशक्तिकरण पर विभिन्न रोचक गीत, नृत्य व नृत्य नाटिका तथा नाटक प्रस्तुत किए गए तथा सांस्कृतिक व लोकप्रिय लोकगीत प्रस्तुत किए गए। जिसमें मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण पर आधारित गाना-'कोमल है, कमजोर नहीं' पर सामूहिक नृत्य, कृष्ण सुदामा प्रसंग पर सुन्दर नाटकीय प्रस्तुति हुई, जिसे देखकर सभी की आंखें नम हो गई। शिव महिमा, पर लोकगीत व अन्य लोकगीत, राधा-कृष्ण की रोचक झांकी, कृष्ण द्वारा गोपियों से माखन की जबरन चोरी, बच्चों द्वारा गाने पर सामूहिक नृत्य, तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर सुन्दर नाटक की प्रस्तुति की गई।

# पेज एक का शेष

## पाक-चीन...

बात की गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अमेरिका-पाकिस्तान आतंकवाद-रोधी वार्ता अमेरिका को पाकिस्तान के साथ काम करने की हमारी इच्छा को व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है , ताकि आतंकवादी खतरों, हिंसक उग्रवाद का मुकाबला करने, क्षेत्र में मौजूद खतरों आदि से निपटा जा सके। प्राइस ने कहा, क्षेत्रीय सुरक्षा के समक्ष खतरों से निपटना हमारा साझा हित है।

## ईडी ने...

में हजारों करोड़ रुपये के 'किकबैक' के सबूत छिपाने के लिए 170 फोन को नष्ट कर दिया या इस्तेमाल के बाद बदल दिए। इसने इस साल की शुरुआत में मामले में दायर दूसरे आरोपपत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का भी नाम लिया था। एजेंसी ने दावा किया कि सिसोदिया के पूर्व सचिव दानिक्स अधिकारी सी अरविंद ने पीएमएलए के तहत अपने दर्ज बयान में कहा कि उन्हें मार्च 2021 के मध्य में आबकारी नीति पर मंत्री समूह की रिपोर्ट दी गई थी, जब केजरीवाल के आवास पर उनके बॉस (सिसोदिया) ने उन्हें बुलाया था।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया...

अल्बनीज ने अपने-अपने देश की क्रिकेट टीम के कप्तानों क्रमश: रोहित शर्मा और स्टीव स्मिथ को टेस्ट कैप सौंपी। टेस्ट मैच देखने के लिए दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में पहुंचे हजारों क्रिकेट प्रेमियों ने गोल्फ कार्ट पर सवार मोदी और अल्बनीज का तालियां बजाकर स्वागत किया। द्विपक्षीय संबंधों को गति देने के लिए क्रिकेट और कूटनीति का मिश्रण पहले भी देखने को मिला है। वर्ष 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनके पाकिस्तानी समकक्ष यूसुफ रजा गिलानी मोहाली में हुए विश्व कप सेमीफाइनल का एक दिवसीय मैच देखने पहुंचे थे। इसी तरह, भारत का 2006 में हुआ पाकिस्तान दौरा भी यादगार क्षण रहा है, जब एक शानदार मैच के बाद पाकिस्तान के तत्कालीन राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ (दिवंगत) ने भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी से कहा था कि वह अपने लंबे बालों को नहीं काटें। पाकिस्तान में तैनात रहे भारत के पूर्व उच्चायुक्त टी.सी.ए. राघवन का मानना है कि क्रिकेट, कूटनीति को बढ़ावा देने में मददगार साबित हो सकता है क्योंकि भारत में इस खेल को लेकर काफी दिलचस्पी है। राघवन ने कहा, क्योंकि भारत में क्रिकेट को लेकर काफी दिलचस्पी है, इसलिए यह कूटनीतिक संदेशों के लिए एक तरह का मंच प्रदान करता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया, दोनों देशों के लिए क्रिकेट कूटनीति के अपने मायने रहे हैं, जबकि भारत-पाकिस्तान के बीच संबंधों को नई ऊर्जा देने के लिहाज से भी क्रिकेट कूटनीति अहम रही है। मोहाली में हुआ क्रिकेट मैच इसके सबसे यादगार उदाहरण रहा है, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मैच देखने के लिए गिलानी को आमंत्रित कर सभी को चौंका दिया था। सिंह के निमंत्रण ने क्रिकेट प्रेमी दोनों देशों की जनता के अलावा दुनियाभर का ध्यान खींचा था।

## दोनों देश...

स्थापित करेगा। उन्होंने कहा, हमारे द्विपक्षीय शिक्षा संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने ऑस्ट्रेलिया-भारत शिक्षा योग्यता मान्यता तंत्र को अंतिम रूप दे दिया है। अल्बनीस ने कहा, नए तंत्र का मतलब है कि यदि आप एक भारतीय छात्र हैं और ऑस्ट्रेलिया में पढ़ रहे हैं या अध्ययन कर चुके हैं, तो आपकी कड़ी मेहनत से अर्जित डिग्री को घर लौटने पर मान्यता दी जाएगी। यदि आप ऑस्ट्रेलिया में बड़ी संख्या वाले भारतीय प्रवासियों के समूह (500,000 और इसका बढ़ना जारी है) के सदस्य हैं, तो आप अधिक आत्मविश्वास महसूस करेंगे कि आपकी भारतीय योग्यता को ऑस्ट्रेलिया में मान्यता दी जाएगी।

## पंजाब में...

(मालिकाना अधिकार निहित करना) विधेयक, 2020 पंजाब विधानसभा द्वारा 2020 में उस वक्त पारित किया गया था, जब प्रदेश में अमरिंदर सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार थी। यह कानून ऐसे लोगों को सशक्त करेगा, जो आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर हैं और कई वर्षों से जमीन के छोटे-छोटे टुकड़ों पर काबिज हैं। वे पीढ़ी-दर-पीढ़ी उत्तराधिकारी के तौर पर अपने अधिकार प्राप्त करते हैं। चूंकि अब तक वे इस भूमि पंजीकृत मालिक नहीं थे, इसलिए न तो वे वित्तीय संस्थानों से ऋण ले सकते थे और न ही किसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में उन्हें राहत मिलती थी। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह अधिनियम कृषि सुधार से जुड़ा कदम है तथा इससे कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा और उत्पादकता भी बढ़ेगी। दूसरी ओर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका और देश की शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। राष्ट्रपति ने जलियांवाला बाग, दुर्गियाना मंदिर और भगवान वाल्मीकि राम तीर्थ स्थल का भी दौरा किया। मुर्मू पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी के साथ स्वर्ण मंदिर पहुंचीं, वहां मत्था टेका और कीर्तन सुना। उन्होंने वहां कड़ाह प्रसाद भी ग्रहण किया।

## संसद में...

खिलाफ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। सूत्रों ने कहा कि टीएमसी बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान एलआईसी और एसबीआई के जोखिम जोखिम, आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि, बेरोजगारी और केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग जैसे मुद्दों को उठाएगी। संसद में दूसरी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी टीएमसी ने भी महिला आरक्षण विधेयक पेश करने की अपनी मांग फिर से तेज कर दी है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 फीसदी कोटा का बिल 2010 में राज्यसभा में पारित किया गया था, लेकिन लोकसभा द्वारा इसे स्वीकार नहीं किए जाने के कारण यह लैप्स हो गया था।

## मैंने कुछ...

इसमें शामिल होने की पुष्टि की है। कविता ने नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह जांच एजेंसियों का इस्तेमाल उन राजनीतिक दलों और नेताओं को निशाना बनाने के लिए कर रही है जो उसकी विचारधारा से सहमत नहीं हैं। बीआरएस की विधान परिषद सदस्य कविता (44) ने कहा कि पिछले जून से केंद्र सरकार लगातार ईडी जैसी एजेंसियों को तेलंगाना भेज रही है। कविता ने कहा कि सवाल यह है कि ऐसा क्यों हो रहा है? तेलंगाना विधानसभा चुनाव नवंबर-दिसंबर में होने हैं। भाजपा की कार्यशैली यह रही है कि जहां भी चुनाव होते हैं, वहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पहले ईडी पहुंचती है।

## रामचंद्र पौडेल...

हिस्सा लिया। पौडेल ने इससे पहले विश्वास जताया था कि विधायिका के सदस्य उन्हीं के पक्ष में मतदान करेंगे। उन्होंने कहा, मैं पूरी तरह आश्वस्त हूं कि संघीय संसद एवं प्रांतीय एसेंबली के सदस्य मुझे वोट करेंगे। मेरा मानना है कि वे मेरे लंबे संघर्ष के बारे में सही निर्णय करेंगे। चुनाव के नतीजे प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार की स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं। पौडेल को राष्ट्रपति पद के चुनाव में समर्थन देने को लेकर उत्पन्न राजनीतिक विवाद के बाद पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा के नेतृत्व वाली सीपीएन-यूएमएल ने मौजूदा सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। सीपीएन-यूएमएल नेपाल की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। राष्ट्रपति के कार्यकाल की अवधि निर्वाचन की तारीख से पांच वर्ष होगी और एक व्यक्ति को इस पद पर केवल दो कार्यकाल के लिए ही चुना जा सकता है। राष्ट्रपति का पद हालांकि काफी हद तक औपचारिक है, लेकिन संविधान प्रदत्त विवेकाधीन शक्तियों के कारण नेपाल के राजनीतिक दलों में हाल के दिनों में इस पद के लिए रुचि बढ़ी है। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) ने राष्ट्रपति चुनाव में तटस्थ रहने का फैसला किया है। इसके प्रतिनिधि सभा में 14 और प्रांतीय विधानसभाओं में 28 सदस्य हैं। नेपाल वर्कर्स ऐंड पीजेंट पार्टी ने भी राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा नहीं लिया।

## मशहूर अभिनेता...

प्रति संवेदना। शाह ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि कौशिक के भारतीय सिनेमा में योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ट्वीट किया, प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, अभिनेता व हरियाणा फिल्म प्रमोशन बोर्ड के प्रमुख सतीश कौशिक जी के असामयिक निधन से बेहद स्तब्ध हूं। बेमिसाल अभिनय एवं निर्देशन हेतु उन्हें सदैव याद किया जाएगा। ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में जगह देने की प्रार्थना करता हूं। ओम शांति। हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के रहने वाले कौशिक को कुछ साल पहले खट्टर सरकार ने हरियाणा फिल्म प्रमोशन बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी कौशिक के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि वह अपनी कला के माध्यम से हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे। खेर ने ट्विटर पर भी कौशिक के निधन की खबर साझा की थी। उन्होंने ट्वीट किया था, मुझे पता है कि मृत्यु अंतिम सत्य है, लेकिन मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे अपने सबसे अच्छे दोस्त सतीश कौशिक के बारे में ऐसा लिखना होगा। 45 साल की दोस्ती पर अचानक पूर्ण विराम लग गया। तुम्हारे बिना जीवन पहले जैसा नहीं रहेगा सतीश। ओम शांति। फिल्म मुझे कुछ कहना है और मिलेंगे मिलेंगे में कौशिक के निर्देशन में काम कर चुकी करीना कपूर ने कहा, बेहद दुखी हूं। साथ बिताया समय याद आ रहा है। भगवान आपकी आत्मा को शांति दे। हरियाणा में जन्मे और दिल्ली के करोल बाग में पले-बढ़े कौशिक ने हमेशा अभिनेता बनने का सपना देखा था। उन्हें जाने भी दो यारों, राम-लखन, बड़े मियां छोटे मियां, मिस्टर इंडिया, दीवाना मस्ताना , हसीना मान जाएगी, भारत, छलांग, उड़ता पंजाब जैसी फिल्मों में निभाए उनके किरदारों के लिए जमकर सराहना मिली। फिल्म मिस्टर इंडिया में कौशिक ने कैलेंडर नामक एक रसोइए का किरदार निभाया था जो आज भी लोकप्रिय है।

# रंगों से सराबोर रही होली, गीतों पर थिरके युवा





**संवाददाता।** फतेहपुर

**रंग-बिरंगे** होली के हुड़दंग में लोग खूब झूमे। कहीं फाग की निकली टोलियां फागुनी गीतों के फव्वारों से सराबोर करती रहीं। वहीं फिल्मी गीतों पर युवा दिल थिरकते रहे। कई स्थानों पर मटकी फोड़ होली में नवयुवकों को प्रोत्साहन राशि देकर उनके हौसले को बढ़ाया गया। महिलाएं भी होली के हुड़दंग में सखी-सहेलियों के साथ ठिठोलियां खेलती रहीं। सबको हंसाने वाला और एक गले से दूसरे गले को मिलाने वाला प्रेम का यह होली पर्व अपने आप में ही एक अनोखा त्योहार है। इस त्योहार आने का इंतजार सभी को बेसब्री से रहता है। पहले दिन होली का हुड़दंग धीमा रहा सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक रंग-बिरंगी होली का आनंद लोग लेते रहे लेकिन होली के अंतिम दिन लोगों ने जमकर होली त्योहार का आनंद लिया। सुबह से लड़के सड़क पर रंग-बिरंगे रंगों के साथ उतर आये फिर क्या? सड़क से गुजरने वाले हर एक रही पर पिचकारियों की बौछारों से सराबोर कर देना वहीं बच्चे एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ा कर रंगों का आनन्द लेते रहे। वहीं कुछ नन्हे-मुन्हे बच्चे गुब्बारों में रंग भरकर वार कर होली का लुफ्त लेते रहे।

## ●कई जगह हुए मटकी फोड़ कार्यक्रम

वृन्दावन की होली के तर्ज पर युवा दिल रंग-बिरंगी होलियों में पूरी तरह से मस्त दिख रहे थे। बच्चों के साथ-साथ बड़े-बुजुर्ग होली का त्योहार कुछ अलग अंदाज के साथ मनाने में लगे रहे। बड़ों ने रंगो का इस्तेमाल कम किया लेकिन एक दूसरे के अदब को बरकरार रखते हुए अबीर और गुलाल का इस्तेमाल कर होली मनाई। देवर और भौजाई के बीच होली का हुड़दंग कुछ अजब और गजब ही रहा। वहीं युवतियां भी होली पर्व को नए अंदाज से मनाने में व्यस्त रहीं। युवतियां अपनी-अपनी टोलियों के साथ एक दूसरे के घर पहुंच सखी सहेलियों से जमकर ठिठोलियां खेली। फिल्मी गीतों पर डांस तो घर पर होम थिएटर में थिरकते हुए होली का पूरा आनंद लिया।

चौतरफा होली का हुड़दंग देर शाम तक चलता रहा। जिसमें फागुनी गीतों के स्वरों के साथ बूढ़े-बुजुर्ग ने ठुमके भी लगाए। वहीं युवा दल की ओर से विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ होली का आयोजन किया गया। मटकी फोड़ होली पर युवा दलों को प्रोत्साहित करने के लिए अलग-अलग धनराशि मुकर्रर की गई। फिल्मी दुनिया के कई पुराने और नए गीतों में युवा दिल झूम-झूम कर नाचते हुए होली मटकी को फोड़ने के लिए प्रयासरत रहे। अलग-अलग गुटों के युवा अपनी टीम को जिताने के लिए पूरी ताकत का इस्तेमाल कर अंतिम छोर तक पहुंच जाने के बाद फिर जमीन पर धराशाही हो जाते। रंगों से सराबोर युवा दिलों को उत्साहित करते लोग उस वक्त का इंतजार करते रहे कि कौन युवा दल मटकी के ऊंचे छोर तक पहुंचेगा।

## होली पर चले लाठी, डंडे व फायरिंग, पचास पर रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर।** होली पर पुरानी रंजिश को लेकर बुधवार को दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। वहीं फायरिंग करने का भी आरोप है। दोनों पक्षों से दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने आधा सैकड़ा लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से असलहे बरामद किये है। सीओ थरियांव दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि थरियांव थाना क्षेत्र के मीरपुर मजरे सखियांव निवासी राजू सिंह परिहार व शैलेन्द्र सिंह के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। होली के दिन बुधवार को राजू सिंह के दामाद के साथ कई लोग गांव आए थे। नशे की हालत में रंग लगाने को लेकर शैलेन्द्र और राजू के बीच कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर विवाद को शांत कराया। पुलिस के लौटते ही फिर विवाद शुरू हो गया। इस दौरान लाइसेंसी व अवैध असलहो से फायरिंग भी हुई। आधा सैकड़ा लोगों के खिलाफ बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# समृद्धिशाली संस्कृति के प्रतीक हैं भारतीय त्यौहार : पटेल

## धर्म नगरी में बड़ी धूमधाम से मनाया गया रंगोत्सव का पर्व



### ●सांसद आवास पर हुआ भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन

**संवाददाता।** चित्रकूट

**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में बड़े हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव का पर्व मनाया गया। कामदगिरि परिक्रमा स्थित बांके बिहारी मंदिर में जहां फूलों की होली हुई वहीं बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल के आवास पर रंग और गुलाल से फाग और बुंदेली गीतों के बीच होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। हजारों क्षेत्रवासियों ने आवास पहुंचकर सांसद को गले लगाकर होली की बधाई दी। वहीं सांसद ने दूर-दराज से आये भाजपाईयों एवं समर्थकों का मुंह मीठा करा रंगोत्सव की बधाई दी। वहीं प्रशासनिक व पुलिस अफसरों ने भी होली मनाई। बेहतर कानून व्यवस्था के चलते होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

होली के पर्व को लेकर चित्रकूट में खासा उत्साह देखने को मिला। बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल के आवास पर कुछ खास ही अंदाज में होली का पर्व मनाया गया। संसदीय क्षेत्र से एकत्रित हुए हजारों की संख्या में भाजपाई एवं समर्थकों के हुजूम के बीच सांसद ने होली मनाई। उत्साह इतना अधिक था कि सांसद स्वयं फाग में गाना गाने और ढापली बजाने लगे इसके बाद देर रात तक मिलने-मिलाने का सिलसिला जारी रहा। सांसद ने सभी का मुंह मीठाकरा रंगोत्सव की बधाई दी। वहीं मंदाकिनी के रामघाट तट पर साधू-संतों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। वहीं सुबह से ही छोटे बच्चे बाल्टी, पिचकारियों व गुब्बारों में रंग भरकर एक-दूसरे के रंग लगाने के लिए इधर-उधर दौड़ते रहे। होली को लेकर बच्चों में खासी दिलचस्पी रही। दिन चढ़ते ही होरियारों की टीमें सड़कों पर निकलीं। एक-दूसरे को दौड़ाकर रंगों से सराबोर कर दिया। जगह-जगह फिल्मी गीतों पर युवक थिरकते रहे। रंगों की होली का दौर कुछ थमा तो गुलाल लगाकर लोगों ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी। सैकड़ों लोगों ने मत्यगयेन्द्रनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर कामदगिरि की परिक्रमा लगाई। युवाओं ने डीजे की धुन पर नाचते हुए मटकी फोड़ी।

# पुलिस लाइन में भी रही होली की धूम

**संवाददाता।** गाज़ीपुर



**पुलिस** लाईन परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी रंगों में सरवोर दिखे। प्रतिवर्ष की भांति जनपद वासियों की होली सकुशल सम्पन्न होने के उपरांत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो.कर्मचारियों द्वारा होली मिलन समारोह किया गया। आर्यका अखौरी जिलाधिकारी व ओमवीर सिंह पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपद के सभी पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी होली कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सभी लोगों को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा अबीर.गुलाल, रंग लगाकर तथा मिष्ठान व गुझिया खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी गई, तथा अपने अधीनस्थों के प्रति समानता व प्रेम की भावना की सभी के द्वारा सराहना की गई। उक्त कार्यक्रम के आयोजन से सभी कर्मियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जनपद में त्योहारों के सकुशल सम्पन्न होने पर जनपद वासियों के सहयोग हेतु धन्यवाद दिया गया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि होली के दिन पुलिस प्रशासन लोगों की सुरक्षा के लिए जगह.जगह मुस्तैद रहता है। इसलिए हम लोग होली का त्यौहार नहीं मना पाते।

## सास के लाखों के जेवरात चुराकर नव विवाहिता प्रेमी संग रफूचक्कर

**फर्रुखाबाद।** नवविवाहिता चौथी की विदाई के दौरान ही सास के लाखों रुपए कीमती जेवरात उड़ाकर प्रेमी के साथ चली गई। थाना मऊदरवाजा के मोहगा मौलवी बदन खां निवासी श्री कृष्ण ने बेटे अमित का विवाह 11 फरवरी 2023 को कानपुर नगर थाना चौबेपुर के मराखरा निवासी महेश चंद की पुत्री साधना उर्फ गुड़िया के साथ की थी। 15 फरवरी को महेश चंद अपने परिजन तथा कुतलूपुर निवासी मंझिया बाबू सिंह के साथ बेटी की विदा कराने आए। दूध डेरी का काम करने वाले महेश पत्नी एवं पुत्र के साथ विदाई की तैयारी का सामान लेने बाजार चले गए। इसी समय गुड़िया व उसके परिजनों ने महेश की पत्नी के बक्से का ताला तोड़कर 6 लाख रुपए कीमती जेवरात निकाल लिए। शाम को बक्से का खुला ताला देखकर घटना की जानकारी हुई।

# चित्रकूट में जारी है अवैध परिवहन का खेल

**संवाददाता।** चित्रकूट



**भ्रष्टाचार** और अपराध पर जीरों टोलरेंस की नीति पर काम कर रही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के ओवरलोडिंग और अवैध परिवहन पर सख्ती के साथ रोक लगाने के आदेश होने के बावजूद चित्रकूट जिले में परिवहन विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से बिना परमिट के दर्जनों प्राइवेट बसों एवं डग्गामार जीपों का बेखौफ संचालन हो रहा है। जिससे सरकार को प्रतिमाह लाखों के राजस्व का चूना लग रहा है।

सूबे की ईमानदार योगी सरकार ने भ्रष्टाचार और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए तमाम कठोर कदम उठाये है। योगी सरकार ने बढती सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ओवरलोडिंग एवं अवैध परिवहन पर कडाई के साथ अंकुश लगाने के कड़े निर्देश जारी किये हैं। इसके बावजूद बुंदेलखंड के चित्रकूट जिले में परिवहन विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत के चलते न ही ओवरलोडिंग पर अंकुश लग सका और न ही अवैध परिवहन के खिलाफ कोई अभियान चल सका। प्रतिमाह मोटी रकम मिलने के कारण कर्वी-बांदा के बीच करीब 25 प्राइवेट बसें एवं 15 जीपों, कर्वी-राजापुर के बीच 15 बसों एवं 25 मैजिक एवं जीपों का खुलेआम संचालन हो रहा है। इनमें से कई गाड़ियों का तो परमिट तक नही है। वहीं कुछ तो 10 साल से ऊपर की हो चुकी है। फिटनेस न होने के बावजूद परिवहन विभाग के रहमोकरम से धडल्ले से फर्राटा भरते नजर आ रहीं है। इसके अलावा सबसे मजेदार बात हो यह है कि इन डग्गामार वाहनों में से अधिकांश के चालकों के पास हैवी वाहन चलाने का लाइसेंस तक नही है।

# घाटमपुर में सड़क हादसों में 8 लोगों की मौत, दो दर्जन से अधिक घायल

**घाटमपुर।** रंगों के त्योहार होली पर घाटमपुर में दो दर्जन से ज्यादा सड़क हादसे हुए जिसमें 4 की जान जान चली गयी और 20 से ज्यादा गंम्भीर रुप से घायल हो गये जो अपनी जिन्दगी बचाने के लिये हैलट-उर्सला और निजी अस्पतालों में संघर्ष कर रहे हैं वहीं होली से पहले पुलिस से पहले जारी पुलिस का अर्लट का पब्लिक पर कोई असर नही नजर आया और क्षेत्र में ड्रिंक ओवर स्पीडिंग होती रही, नतीजा सड़के खून से सरोबोर नजर आयीं।

बुधवार दोपहर बाद गजनेर रोड पर गांव लौकाहा मोढ़ हनुमान मंदिर के पास वाहकों में सीधी टक्कर हो गयी, टक्कर में दो युवको की मौके पर मौत हो गयी जबकि दो युवक घायल हो गये। बुद्यवार को सचेड़ी थाने के गांव रामपुर-भीमसेन निवासी शिवशंकर का पुत्र मिथुन (28) होली पर वाइक से कोतवाली क्षेत्र के गांव नंदना अपने फूफा रमेश सैनी के यहाँ जा रहा था और जैसे ही लोकाहा मोढ़ पर (हनुमान मंदिर) पंहुचा कि तभी सामने से आ रही वाइक से सीधी टक्कर हो गयी, हादसे में मिथुन के साथ ही दूसरी वाइक का गांव भदरस निवासी बिकास (22) पुत्र देशराज यादव की मौके पर मौत हो गयी। बिकास के साथ वाइक सवार भदरस का ही सजीव उर्फ राजू (20) पुत्र गुलाब और रामजी (24) पुत्र अर्जुन यादव घायल हो गये जिन्हे पुलिस ने इलाज के लिये सीएचसी भेजा जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने रामजी को उर्सला कानपुर रिफर कर दिया है तथा राजीव को घर भेज दिया गया। दोपहर बाद ही दूसरा हादसा कोतवाली की पुलिस चौकी नंदना क्षेत्र के गांव दुरौली संर्म्पक मार्ग पर अकबरपुर झबैया गांव के पास हुआ जहाँ कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार सड़क किनारे खड्ड में गिर गये हादसे में एक युवक की मौत हो गयी जबकि साथी घायल हो गयी।

फतेहपुर जनपद के गांव बड़ा हार थाना औंग निवासी घर्मेन्द्र सिंह ( 38 ) पुत्र बाबूराम अपने साथी छोटू निवासी उदयपुर थाना सचेंडी कानपुर नगर के साथ दुरौली गांव ( घाटमपुर ) मौसी के यहाँ गया था वापस आते समय गांव अकबरपुर झबैया के पास कार नेटक्कर मार दिया जिससे धर्मेन्द्र वाइक समेत सड़क पर जा गिरा धर्मेन्द्र सिंह की मौके पर मौत हो गयी।

# अवैध शराब के साथ 13 कारोबारी गिरफ्तार

**संवाददाता।** चित्रकूट

**होली** त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए की जा रही प्रभावी कार्रवाई के क्रम में चित्रकूट पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए चित्रकूट पुलिस द्वारा 10 अभियुक्तों को 264 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

सीतापुर चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र भोला निवासी भदावलपुरवा टिटिहरा थाना मऊ को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। शिवरामपुर चौकी प्रभारी रजोल नागर तथा आरक्षी श्यामू द्वारा अभियुक्त राकेश कपाड़िया पुत्र रमेश कपाड़िया निवासी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी को 57 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग उप निरीक्षक हरिश्चन्द्र मिश्रा तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त अन्जु कुमार पुत्र गोरेलाल निवासी छपरामाफी को 22 क्वार्टर देशी शराब, लवकुश पुत्र श्यामसुन्दर निवासी बरमपुर को 21 क्वार्टर देशी शराब के साथ कोतवाली कर्वी, प्यारेलाल पुत्र राजकरन निवासी कामतन हरिजन बस्ती थाना चित्रकूट जनपद सतना मप्र को 20 क्वार्टर देशी शराब तथा बालेश्वर यादव पुत्र जगदेव निवासी बरगदहा शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी को 21 क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया गया। मानिकपुर थाना के उप निरीक्षक हारून रशीद खां तथा मुख्य आरक्षी मोहम्मद लारिब व आरक्षी शुभम मिश्रा द्वारा अभियुक्त बरातीलाल पुत्र मोतीलाल निवासी कल्याणपुर थाना मानिकपुर को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पहाड़ी थाना के उप निरीक्षक रविकान्त राय तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त राममिलन धोबी पुत्र रामप्यारे निवासी करवारा बुजुर्ग थाना पहाड़ी को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

पुरा थाना के उप निरीक्षक तथा आरक्षी द्वारा अभियुक्त विवेक सिंह उर्फ आलोक सिंह पुत्र फूलसिंह निवासी देवकली थाना रैपुरा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मानिकपुर थाना के उप निरीक्षक अरविन्द्र कुमार पाण्डेय तथा मुख्य आरक्षी मोहम्मद लारिब द्वारा अभियुक्त शिवा आरख पुत्र चुनकू निवासी शेखापुर थाना मानिकपुर को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना मऊ पुलिस टीम ने अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र हीरालाल निवासी औझर मिश्र का डेरा कोल बस्ती थाना मऊ को 10 लीटर कच्ची शराब महुआ निर्मित तथा अशोक कुमार सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया।

## फातिहा में मांगी गईं मुल्क के अमन चैन की दुआएं



**मौदहा**, हमीरपुर। बीते सालों की तरह इस साल भी हजरत ताजुद्दीन बाबा के उर्स में अकीदत मंदो का सैलाब उमड़ पड़ा और आज होने वाली कुल की फातिहा के साथ तीन दिवसीय उर्स का समापन होगा। कस्बे के हैदरिया बड़ा कसौड़ा स्थित हजरत ताजुद्दीन बाबा रह.का तीन दिवसीय सालाना उर्स मुबारक आठ नौ और दस को बडी धूमधाम से परम्परागत तरीके से मनाया गया जिसमें उर्स के सिलसिले में आठ मार्च को बाद नमाज इशां मजार ए अकदस पर नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया था जिसमें क्षेत्र के साथ ही बाहरी शायरों ने अपने कलाम पेश किए।जिसकी जिम्मेदारी आकिल बिजनौरी और कारी अताउर्रहमान ने बखूबी निभाई। जबकि नौ मार्च को सुबह बाद नमाज फजिर मजार पर कुरान ख्वानी और दिन में ग्यारह बजे फातिहा के बाद लंगर का आयोजन किया गया जो दोपहर बाद तक चलता रहा। और बाद नमाज असर चादर निकली जो कस्बे की मुख्य गलियों में घूमती हुई मजार पर पहुंची। इस दौरान ढोल नगाड़ों और कव्वालियों के साथ ही ताशों की धुन पर थिरकते हुए घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे। नौ मार्च की रात बाद नमाज इशां शानदार कव्वालियों का प्रोग्राम हुआ जिसमें क्षेत्रीय और बाहरी कव्वालों ने अपनी कव्वालियां पेश की जिसमें अकीदत मंदो का जनसैलाब उमड़ा रहा।

# छुटपुट घटनाओं के साथ राजापुर में संपन्न हुआ होली का त्यौहार

**संवाददाता।** चित्रकूट



**जिले** के कस्बा सहित ग्रामीण अंचलों में कुछ मारपीट की घटनाओं के साथ होली त्योहार परम्परागत व सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली त्योहार सम्पन्न हुआ। वहीं राजापुर थाना क्षेत्र के कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उपजिलाधिकारी प्रमोद झा, क्षेत्राधिकारी तथा प्रभारी निरीक्षक की टीमें बराबर भ्रमणशील रहीं और कस्बे से लेकर गांवों में पीएसी व पुलिस के जवान चौराहों पर तैनात रहे। इसके बावजूद भी कस्बे के सरांय तलैया, भभेंट व कुसेली में मारपीट की घटनाएं हुई हैं।

बताते चलें कि होली के त्योहार में प्रशासन व पुलिस प्रशासन तथा फतेहपुर पीएसी की 12 बटालियन की एक टुकड़ी भी गश्त करती रही, जिसके बावजूद भी कस्बे के सरांय तलैया में कामताप्रसाद यादव पुत्र असावरदीन यादव तथा धर्मपाल सोनकर पुत्र जगना सोनकर के बीच अज्ञात कारणों को लेकर जमकर लाठी डण्डे चले जिसमें सुनीता पत्नी कामता यादव व सोनू पुत्र शिवचरण को मामूली चोटें आई हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भभेंट कॉलोनी में एक ही समुदाय के दो परिवारों में किसी बात को लेकर आपस में भिड़ गए और जमकर लाठी डण्डे चले जिसमें रविकरन पुत्र रामकिशोर, गुड्डो पत्नी छोटू, सिया पत्नी अशोक, छोटेलाल पुत्र कुन्नीवा, शिवकरन पुत्र छेदीलाल, रविकरन पुत्र छेदीलाल सहित चार लोगों को मामूली चोंटें आई हैं तथा छोटेलाल व रविकरन पुत्र रामकिशोर कप गम्भीर चोंटें आने के कारण जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। वहीं ग्राम पंचायत कुसेली में पारिवारिक विवाद होने के कारण ओमप्रकाश पुत्र रामसजीवन, राजामनी पत्नी रामखेलावन, रज्जू पुत्र रामसजीवन, सुरेन्द्र पुत्र रामसजीवन के बीच लाठी डण्डे चले जिसमें तीन लोगों को मामूली चोंटें आईं और ओमप्रकाश पुत्र रामसजीवन को गम्भीर चोंट होने के कारण जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

## विभिन्न घटनाओं में होमगार्ड समेत छह लोगों की मौत

**हमीरपुर।** जिले में विभिन्न क्षेत्रों में चौबीस घंटे में हुई घटनाओं में होमगार्ड समेत छह लोगों की मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक आज मौदहा क्षेत्र के नायकपुरवा गांव निवासी ओमप्रकाश प्रजापति(45) बाइक से अपने साथ रामलाल के साथ खेत जा रहा था तभी सामने से इसी गांव के लीलाधर(25) की तेज रफ्तार बाइक से आमने सामने टक्कर हो गयी जिसमे बाइक में बैठा संतोष भी बुरी तरह घायल हो गया चारों को सीएचसी मौदहा में भर्ती कराया गया जहां पर ओमप्रकाश व व लीलाधर की डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना बिवार क्षेत्र के निवादा गांव निवासी बजिंदा (70) कल रात साइकिल से खेतो से घर लौट रहा था तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी उसे गंभीर हालत में कानपुर में भर्ती कराया गया जहा डाक्टरों ने आज मृत घोषित कर दिया तीसरी घटना कुरारा क्षेत्र के शेखूपुर गांव में सौरभ(18) ने अज्ञात कारणों के चलते फासी लगाकर जान दे दी।

# पंप कैनाल स्थापित कर बांदा जिले के आठ गांवों में होगी सिंचाई

**संवाददाता।** हमीरपुर

**हमीरपुर** जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में सिचाई विभाग भौराडांडा गांव में 103 करोड़ की पंप कैनाल स्थापित कर बांदा के आठ गांवों की 1700 हेक्टेएअर भूमि की सिचाई करेगा। शासन के आदेश के अनुसार परियोजना बनाकर केद्रीय जल आयोग दिल्ली से एनओसी मांगी गयी है। लघु डाल नहर लिफ्ट कैनाल विभाग के अधिशासी अभियंता एस के त्रिवेदी ने बताया कि जिले में यमुना नदी में दस लिफ्ट कैनाल पहले से ही संचालित है, जिससे करीब दस हजार हेक्टेएअर भूमि की सिचाई होती है। सुमेरपुर क्षेत्र के बार्डर में पड़ने वाले बांदा जिले के आठ गांवों में सिचाई की कोई सुविधा न होने व जल स्तर नीचे होने के कारण जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने शासन से पहल कर यमुना नदी में हमीरपुर जिले के भौराडांडा गाव में लिफ्ट कैनाल बनाने की परियोजना तैयार करने को कहा था। राज्य मंत्री बांदा के रहने वाले है। इस परियोजना से हमीरपुर जिले का भौराडाडा गांव के अलावा बांदा जिले के रामपुर, जसपुरा, नरायनपुर, तागामऊ, नरैनी, कनड़ीपुरवा, जोनामऊ आदि गांवों की 1700 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई संभव हो सकेगी। परियोजना की लागत 103 करोड़ आयी है जिसमे 11 करोड़ लागत का विद्युत सब स्टेशन का निर्माण किया जायेगा। यह परियोजना भूमिगत पाइप लाइन की बनायी जायेगी इसके लिये कुछ जमीन भी किसानों से अधिग्रहण करनी पडेगी उसका मूल्य भी किसानों को देना पडेगा। परियोजना बन जाने से हजारों ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है यहा पर जमीन की उपज बढ़ जायेगी। योजना बनाकर केद्रीय जल आयोग को भेज दी गयी है वही से क्लीन चिट मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### वूमेंस डे और होली का उत्सव बना महिला पुलिस मित्र अभियान



**फतेहपुर।** जनपद के वर्मा चौराहे में स्थित निखार वूमेन्श ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट में निःशुल्क स्वरोजगार परकप्रशिक्षण प्राप्त कर रही बेटियों को एक विचार गोष्ठी के माध्यम से निखार की निदेशक डॉ माधुरी साहू, जिला महिला थाना अध्यक्ष श्रीमती कांति सिंह और उनकी एंटी रोमियो टीम ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा से संबंधित कानून की जानकारी दी। महिलाओं पर हो रहे अपराधों और अत्याचारों को कम कैसे किया जाए? बेटियां अपनी सुरक्षा स्वयं कैसे करें? पुलिस के प्रति बेटियों का विश्वास और मैत्री कैसे कायम हो? इन विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और समस्या का समाधान व निराकरण की दिशा में प्रेरक कदम उठाए गए। एंटी रोमियो टीम ने बालिकाओं और महिलाओं को सेल्फडिफेंस सिखायाऔर आपातकालीन परिस्थितियों में कैसे उसका प्रयोग करें इसका अभ्यास भी कराया।

### ट्रक-कार की भिड़ंत में आधा दर्जन घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के चंदीपुर गांव के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक द्वारा खड़े चार पहिया वाहन में जोरदार टक्कर मारने से चार पहिया वाहन सवार छह लोग घायल हो गए। जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने सरकारी एंबुलेंस दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र ने जफराबाद गाँव निवासी प्रमोद हुसैनगंज थाना क्षेत्र में सपरिवार चार पहिया वाहन से रिश्तेदारी में आया था। आज जब वह सभी वाहन में सवार होकर जा रहे थे उसी समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनके वाहन में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वाहन में सवार प्रमोद की 32 वर्षीय पत्नी मैना देवी, 10 वर्षीय पुत्र राहुल, 8 वर्षीय पुत्र नितिन व प्रमोद की साली व 30 वर्षीय चंद्र भूषण का पुत्र योगेश, 22 वर्षीय अर्जुन सिंह का पुत्र संदीप सभी घायल हो गए। घटना की जानकारी स्थानियों ने सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने योगेश व प्रमोद की साली की हालत गम्भीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

### अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शान्या ने निकाली गौरैया संरक्षण रैली

**रूरा,** कानपुर देहात। प्रकृति का सौन्दर्य अचरज और जैव विविधताओं से भरा हुआ है इसका एक उदाहरण गौरैया भी है गौरैया पक्षी मानव का सहगामी अण्डयुज पक्षी है इसकी लम्बाई सोलह सेण्टीमीटर और वजन बत्तीस ग्राम तक होता है धन्नी के कच्चे घर की जगह पक्के घर बनजाने,मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडिएशन और सीलिंग फैन से कटकर इसकी संख्या लगातार कम होती जा रही है इसके संरक्षण के लिए समाज के लोग कृत्रिम घोंसले एवं दाना पानी की व्यवस्था करने लगे हैं उक्त बात तीन अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तथा भारत सरकार के तेरहवें राष्ट्रीय युवा उत्सव में युवा आदर्श पुरस्कार से पुरस्कृत शान्या ने बच्चों के साथ रैली के रूप में मण्डी समिति रूरा के पास स्वनिर्मित गौरैया का माडल व स्लोगन लिखे पोस्टर के साथ पक्षियों के लिए पानी के परिंडे रखने जाते समय लोगों को जागरूक करते हुए कही।

### बाइक की टक्कर से दो की मौत, एक घायल

फतेहपुर। बकेवर थाना से तीन किलोमीटर दूर हरदासपुर गांव में अनियंत्रित बाइक की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। बाइक सवार एक युवक भी घायल हो गया है। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में ले जाया गया है।हरदासपुर गाँव निवासी सूरजभान 33 वर्ष पुत्र रामशंकर पासवान व श्री राम 43 वर्ष पुत्र इंद्रपाल कुशवाहा बुधवार की शाम लगभग 6 बजे स्टेट हाइवे की पटरी किनारे खड़े होली मिलन कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने दोनों को टक्कर मार दी। जिसमें सूरजभान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और गंभीर रूप से घायल श्री राम जिसको इलाज के लिये कानपुर ले जा रहे थे। उसने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। बाइक सवार सौरभ 20 वर्ष पुत्र छेदीलाल निवासी बकेवर भी घायल हो गया। मृतक सूर्यभान की माँ शांति देवी ने बकेवर थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा अपने खेतों से लौटा था तभी रास्ते पर गांव के ही श्री राम कुशवाहा मिल गए। दोनो एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देने लगे। तभी तेज रफ़्तार अनियंत्रित बाइक ने दोनों को टक्कर मार दी।

### महिलाओं की हो समान भागीदारीः हेमलता पटेल



**फतेहपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की अध्यक्ष हेमलता पटेल ने कहा कि आज संपूर्ण विश्व में महिलाएं अपनी योग्यता व आत्मविश्वास के दम पर स्वयं की पहचान कायम कर रही हैं। संतुलित विकास के लिए यह अति आवश्यक है कि सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं की सामान भागीदारी सुनिश्चित हो। ब्लाक बहुआ के सुजानपुर स्थित गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक संगठन कार्यालय में अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन की प्रमुख पदाधिकारियों व सदस्यों सहित अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। महिला अधिकारों व कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष हेमलता पटेल नें महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि एकता में बहुत ताकत होती है। एकजुट होकर हम बड़ी से बड़ी समस्या का हल निकाल सकते हैं। सच्ची लगन एवं मेहनत से उसे हल भी कर सकते हैं।

### तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त सद्दीक अहमद पुत्र शब्बीर अहमद निवासी बेहनन का पुरवा मजरा सुरवल थाना सरधुवा को एक देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना सरधुवा में आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग भी पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक सत्यमपति त्रिपाठी, आरक्षी अमित सिंह, बब्बू राजा, नरेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, महेन्द्र कुमार, रणविजय, दीपक, मुख्य आरक्षी अब्दुल नईम, महिला आरक्षी रचना प्रजापति आदि मौजूद रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 मार्च, 2023



# रूसी मिसाइलों के हमले पांच यूक्रेनी लोगों की मौत

● कई शहरों को फिर बनाया निशाना

भाषा। कीव

**रूस ने बृहस्पतिवार** को तड़के यूक्रेन के कई शहरों में बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए, जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए है। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र के गवर्नर मक्सिम वोजित्स्की ने बताया कि एक मिसाइल के ज्लोचेव्स्की जिले के एक आवासीय क्षेत्र में गिरने से चार लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बचाव कर्मी मलबे में बचे हुए लोगों की तलाश में जुटे हैं। द्निप्रॉपेतोपवस्क के गवर्नर सेरही लिसाक ने बताया कि क्षेत्र में कई मिसाइल हमले हुए जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए हैं। कीव के मेयर ने दो जिलों में नुकसान की जानकारी दी और खार्कीव और ओडेसा के गवर्नर ने भी आवासीय इमारतों में हमलों की जानकारी दी। उत्तरी शहर चेर्नीहीव में भी विस्फोटों की सूचना मिली है। नीपर, लुत्सक और रीवने शहर में भी ऐसे ही हमलों की खबर है।



## रूस चाहता है चीन से सैन्य सहायता, इस सौदे से चीन को भी फायदा हो सकता है

**बोइसे (अमेरिका)।** फरवरी 2023 के अंत में बाइडेन प्रशासन द्वारा सार्वजनिक की गई जानकारी के अनुसार चीन रूस को हथियार, गोला-बारूद और ड्रोन भेजने पर विचार कर रहा है। चीन की सैन्य सहायता यूक्रेन में रूस के युद्ध का सीधे समर्थन करेगी। अमेरिकी नौसेना द्वारा एक चीनी गुब्बारे को मार गिराए जाने के एक महीने से भी कम समय के बाद यह सार्वजनिक खुलासा हुआ, जो कथित तौर पर जासूसी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था, जिसने अमेरिका और चीन के बीच मौजूदा तनाव को और बढ़ा दिया। यह घटनाक्रम ऐसे समय में आया है जब रूस यूक्रेन पर अपने युद्ध में जान और माल दोनो के नुकसान का सामना कर रहा है। इन असफलताओं ने रूस को मदद लेने के लिए प्रेरित किया है।

## परमाणु संयंत्र को बिजली ग्रिड से जोड़ा गया : अधिकारी

**कीव।** यूक्रेन के बिजली ग्रिड संचालक ने बृहस्पतिवार को बताया कि यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र को दोबारा ग्रिड से जोड़ दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र बृहस्पतिवार तक डीजल चालित जेनरेटर के भरोसे था क्योंकि यूक्रेन के अधिकारियों ने जानकारी दी थी कि रूसी मिसाइल की वजह से पारेषण लाइन को नुकसान पहुंचा है। बिजली ग्रिड संचालक यूक्रेनर्गो ने बताया कि बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है और संयंत्र में जेनरेटर को बंद कर दिया गया है।

## अमेरिका को रूसी बोइंग को जब्त करने का वारंट मिला

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क की एक संघीय अदालत ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों का हवाला देते हुए एक रूसी ऊर्जा कंपनी के स्वामित्व वाले 2.5 करोड़ डॉलर के बोइंग 737 को जब्त करने की मंजूरी दे दी है। अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। विमान का स्वामित्व पीजेएससी रोसनेफ्ट ऑयल कंपनी के पास है, जिसका मुख्यालय मॉस्को में है और इसका नेतृत्व प्रतिबंधित इगोर इवानोविच सेचिन कर रहे हैं। निर्यात नियंत्रण सुधार अधिनियम के उल्लंघन के आधार पर इस विमान को अमेरिका द्वारा जब्त किया जा सकता है। ब्रुकलिन में अमेरिकी अटॉर्नी ब्रेओन पीस ने एक विज्ञप्ति में कहा, आज की प्रवर्तन कार्वाई दर्शाती है कि रूसी कंपनियों और कुलीन वर्गों को यूक्रेन पर गैर-न्यायोचित रूसी हमले के लिए लगाए गए प्रतिबंधों की कीमत चुकानी पड़ेगी।

# अफगानिस्तान का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों के लिए नही किया जाना चाहिए : भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने उम्मीद** जताई है कि अफगानिस्तान का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकवादियों व संगठनों के ठिकानों, प्रशिक्षण या वित्तपोषण के लिए नहीं किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने बुधवार को कहा, अफगानिस्तान के निकटवर्ती पड़ोसी व दीर्घकालिक साझेदार होने के नाते और अफगान लोगों के साथ हमारे मजबूत ऐतिहासिक व सभ्यतागत संबंधों को देखते हुए, देश में शांति और स्थिरता की वापसी सुनिश्चित करने में भारत का प्रत्यक्ष हित है। अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) को



लेकर सुरक्षा परिषद में कंबोज ने कहा कि अगस्त 2021 के सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2593 में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामूहिक दृष्टिकोण को व्यक्त किया गया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की भारत की अध्यक्षता में स्वीकार किया गया था। प्रस्ताव के अनुसार, हम उम्मीद करते हैं कि अफगानिस्तान का उपयोग आतंकवादी गतिविधियों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा घोषित आतंकवादियों व संगठनों के ठिकानों, प्रशिक्षण या वित्तपोषण के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

## अमेरिका : फ्लोरिडा झील के ऊपर दो विमानों के टकराने से चार लोगों की मौत

भाषा। विंटर हेवन (अमेरिका)

**अमेरिका के** मध्य फ्लोरिडा स्थित झील के ऊपर मंगलवार को दो विमानों के टकराने से चार लोगों की मौत हो गई। शेरिफ के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पॉल्क काउंटी शेरिफ ग्रैडी जुड ने बताया कि विंटर हेवन स्थित लेक हार्टरिज के ऊपर यह हादसा हुआ, जहां एक पाइपर जे -3 क्यूब सीप्लेन और चेरोकी पाइपर 161 फिक्स्ड-विंग विमान दोपहर दो बजे के आसपास टकरा गए। शेरिफ ने बताया कि कई बचाव कर्मियों के मुताबिक जहां एक विमान लगभग 21 फीट (6.4 मीटर) पानी के नीचे डूब गया, वहीं दूसरा आंशिक रूप से जलमग्न था। बचावकर्मियों ने विमानों से चार शव निकाले।

## हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक की पत्नी गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग की राष्ट्रीय सुरक्षा पुलिस ने लोकतंत्र समर्थक एक प्रतिष्ठित कार्यकर्ता की पत्नी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। महिला के पति उन नेताओं में शामिल है जो 1989 में लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ताओं के खिलाफ चीन द्वारा की गई कार्वाई को लेकर वार्षिक मोमबत्ती जुलूस का आयोजन करते है। यह जानकारी महिला के करीबी दो लोगो ने दी है। अधिकारियो ने ली चेयुक-यान की पत्नी एलिज़ाबेथ तांग को स्टेनले कारागार के बाहर से गिरफ्तार किया है। उनके करीबी लोगो के मुताबिक, यह साफ नही है कि उन्हे किस आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## पाकिस्तान : जनगणना टीम पर हमला, एक अधिकारी की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत मे जनगणना टीम की सुरक्षा मे तैनात एक पुलिस वैन पर बुधवार को हुए आतंकवादी हमले में एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल जिले में अज्ञात आतंकवादियों ने जनगणना टीम की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस वैन पर गोलीबारी की। अधिकारियो के मुताबिक, गोलीबारी के बाद आतंकवादी घटनास्थल से फरार हो गए। उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस ने क्षेत्र मे व्यापक तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियो बताया कि घायल सुरक्षा अधिकारियो को डेरा इस्माइल के जिला मुख्यालय अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।

## विकास से अब भारत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर अग्रसर : दूत

**जोहानिसबर्ग।** जोहानिसबर्ग में भारतीय महावाणिज्यदूत महेश कुमार ने होली और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम मे कहा कि भारत महिलाओं के विकास के बाद अब, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। भारतीय वाणिज्य दूतावास, सीआईआई इंडिया बिजनेस फोरम, जोहानिसबर्ग चैंबर ऑफ कॉमर्स और रेगेनेसिस बिजनेस स्कूल ने बुधवार की शाम को संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम की मेजबानी की थी। कार्यक्रम के दौरान दस दक्षिण अफ्रीकी और प्रवासी भारतीय महिलाओं को कारोबार या गैर-सरकारी संगठन में उनके उत्कृष्ट योगदान, विशेष रूप से महिलाओं की प्रगति के लिए प्रयासो को लेकर विशेष पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कुमार ने कहा, एनजीओ क्षेत्र मे काम करने वाली महिलाओ के साथ-साथ दोनो देशो मे महिला व्यवसाय उद्यमी बहुत महत्वपूर्ण होती जा रही है।

# इजराइल में सरकारी योजना के खिलाफ प्रदर्शन

● हेलीकॉप्टर से हवाई अड्डा पहुंचे प्रधानमंत्री नेतन्याहू

भाषा। तेल अवीव

**इजराइल में** न्यायपालिका में आमूल-चूल परिवर्तन से संबंधित सरकार के एक विवादित प्रस्ताव के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्रदर्शन हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सड़कों को बंद कर दिया, जिसके चलते प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हेलीकॉप्टर से हवाई अड्डा पहुंचे। विवादास्पद योजना के खिलाफ दो महीने से अधिक समय से जारी देशव्यापी अभियान के तहत बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उस सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर दिया, जिससे नेतन्याहू को विदेश यात्रा के लिए हवाई अड्डा पहुंचना था। बृहस्पतिवार के विरोध प्रदर्शनों के कारण अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के दौरे पर भी असर पड़ा है। प्रदर्शनों के मद्देनजर उनके कार्यक्रम हवाई अड्डे के करीब आयोजित करने की व्यवस्था की गई है। वहीं उत्तरी शहर हाइफा में कुछ लोगों ने छोटी नौकाओं से नौवहन मार्ग अवरुद्ध करने की कोशिश की। कुछ प्रदर्शनकारियों ने न्यायिक परिवर्तनों को गति देने में मदद करने वाले एक रूढ़िवादी विचारक संस्था (थिंक टैंक) के कार्यालयों का घेराव किया। नेतन्याहू के न्यायिक परिवर्तन के प्रस्ताव पर हंगामे से इजराइल में हाल के दौर में सबसे बुरा घरेलू संकट शुरू हो गया है। विरोध प्रदर्शनों में हजारों लोगों के जुटने व हिंसक होने के अलावा पूरे समाज में भी विरोध बढ़ता दिख रहा है। और कानूनी अधिकारियों ने योजना के विनाशकारी प्रभावों पर बात की है। इजराइली सेना भी विरोध से अछूती नहीं दिख रही और उसमें भी इसे लेकर असंतोष दिख रहा है। नेतन्याहू ने लंबे सियासी गतिरोध के बाद दिसंबर के अंत में पद संभाला था और उनके सहयोगियों का कहना है कि इन उपायों का उद्देश्य अदालत पर लगाम लगाना है, जिसने अपनी हद पार की है। आलोचकों का कहना है कि प्रस्तावित बदलाव जांच और संतुलन की व्यवस्था को पलट देगा और इजराइल को सत्तावाद की ओर धकेल देगा। आलोचकों का यह भी कहना है कि भ्रष्टाचार के आरोप झेल रहे नेतन्याहू व्यक्तिगत शिकायतों से व्यथित हैं और बदलाव के माध्यम से आरोपों से बचने का रास्ता खोज सकते हैं।



## इजराइली सेना के हमले में कम से कम तीन फलस्तीनियों की मौत

**यरूशलम।** वेस्ट बैंक में इजराइली सेना की गोलीबारी में कम से कम तीन फलस्तीनी उग्रवादी मारे गए। इजराइली पुलिस ने बताया कि सेना के जवानों ने पास के इलाके में इजराइली सैनिकों पर हुए हमलों में वांछित आरोपियों की तलाश में जाबा गांव में छापेमारी की। पुलिस के मुताबिक, छापे के दौरान संदिग्धों ने इजराइली जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि इजराइली जवानों ने गोलीबारी का माकूल जवाद दिया, जिसमें तीन उग्रवादी मारे गए। ए तीनों उग्रवादी इस्लामिक जिहाद संगठन के सदस्य थे। पुलिस के मुताबिक, इजराइली जवानों ने फलस्तीनी उग्रवादियों के पास से बरामद राइफल, बंदूकों, गोला-बारूद व अन्य सामग्री की तस्वीरें जारी कीं। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइली सैनिकों ने एक सैन्य अभियान के दौरान फलस्तीनियों पर गोली चलाई, जिसमें सुफिया फकूरी (26), नायफ मलायशा (25) और अहमद फशाफशा (22) की मौत हो गई।

## इंडोनेशिया में भूस्खलन के कारण 30 लोगों की मौत, कई अब भी लापता

भाषा। जकार्ता

**इंडोनेशिया के** सुदूर नतुना द्वीप में हुए भीषण भूस्खलन के बाद फैले मलबे से बचावकर्मियों द्वारा और शव बरामद करने के बाद, इस प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा निवारण एजेंसी ने एक बयान में कहा कि दक्षिण चीन सागर के किनारे नतुना क्षेत्र में एक दूरस्थ द्वीप पर जेंटिंग गांव में खोज अभियान चलाया जा रहा है। वहां मूसलाधार बारिश के बाद सोमवार को हुए भूस्खलन में 30 मकान मलबे में दब गए थे। नतुना की खोज एवं बचाव एजेंसी के प्रमुख अब्दुल रहमान ने बताया कि अधिकारियों ने खोज एवं बचाव एजेंसी, पुलिस और सेना के 700 से अधिक बचावकर्मियों को 24 लोगों की तलाश के लिए तैनात किया है, जो अब भी लापता हैं। इन लोगों के भूस्खलन के मलबे में दबे मकानों में फंसे होने की आशंका है। रहमान ने एक वीडियो बयान में कहा, मौसम में सुधार की वजह से हम और शव बरामद कर सके।

## लाहौर में पूर्व पीएम खान, व अन्य के खिलाफ हत्या और आतंकवाद के आरोपों में मामला दर्ज

**लाहौर (पाकिस्तान)।** लाहौर पुलिस ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान और उनकी पार्टी के 400 अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ हत्या तथा आतंकवाद के आरोप में मामला दर्ज किया है। यह मामला पार्टी की रैली के दौरान पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं के टकराव में एक व्यक्ति की मौत और कई अन्य के जख्मी होने के सिलसिले में दर्ज किया गया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ (पीएमएल-एन) नीत गठबंधन की सरकार ने अपने 11 महीने के कार्यकाल में पूर्व प्रधानमंत्री खान के खिलाफ यह 80वां मामला दर्ज कराया है। खान के आवास के बाहर जमा पीटीआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस की बुधवार को की गई कथित कार्वाई में एक कार्यकर्ता की मौत हो गई थी। खान समर्थकों को उनके आवास से न्यायपालिका के समर्थन में रैली निकालनी थी। पुलिस ने पीटीआई के 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए पथराव में 11 पुलिस अधिकारी घायल हो गए। उसमें कहा गया है कि पीटीआई के छह कार्यकर्ता भी जख्मी हुए हैं। पीटीआई के वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी के मृत कार्यकर्ता के परिवार की शिकायत पर पुलिस कर्मियों और उनके आकाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई ,मगर पुलिस ने 70 वर्षीय खान और 400 अन्य के खिलाफ उसकी हत्या के आरोप में मामला दर्ज कर लिया।

Public Notice
My Clients **Rajpal Yadav** & his wife **Sheela Yadav** R/o **WZ-16A, Khyala Village, Near Choupal, New Delhi-110018** has debarred & disowned their Son **Deepanshu Yadav** and his wife **Parul Shokeen** from their movable and immovable properties. My Clients has also severed all their relation with them. If anybody deals with them in any manner they do so at their own risk and responsibility.
Ramesh Chander (Adv),Ch-68, Western Wing,Tis Hazari

PUBLIC NOTICE
Be it known to all concerned that my clients **(1) Suresh Chander Kalra s/o Late Sunder Lal Kalra, (2) Smt. Shashi Kalra w/o Suresh Chander Kalra, r/o B-4/19, IIIrd Floor, Krishna Nagar, Delhi-110051,** vide Public Notice dt. 16.11.2021 disowned and disinherited their son Sumit Kalra from their movable and immovable properties and severed their relations with him. Now, due to change of circumstances, my aforesaid clients hereby withdraw the said legal notice dated 16.11.2021 and all the rights of Sumit Kalra in their movable and immovable properties stands restored and he will inherit their movable and immovable properties to be left by them.
**K.K. GAMBHIR (Advocate)**
**ENRL. NO. D-592/98**
Chamber No. F-205,
KKD Courts, Delhi-110032
Ph. No. 9899553388
**Email:** kapilgambhir@yahoo.co.in
Dated : 04.03.2023

PUBLIC NOTICE
ENTIRE PROPERTY BEARING NO.
C-125, GREATER KAILASH-1, NEW DELHI
Be it known to all concerned that my client, being the absolute owner of the aforementioned subject property, has lost/misplaced the following original documents in respect of the afore stated property:
i)Sale Deed dated 21.03.1964, executed by M/s DLF Housing and Construction Private Limited in favour of Mr. Surinder Kumar Chaudhury and Mr. Rajesh Chaudhury, duly registered as document No.2166 in Additional Book No.1, Volume No. 1110 on pages 100-101, in the office of the Sub-Registrar, New Delhi on 28.03.1964.
ii)Relinquishment Deed dated 15.10.1972, executed by Mrs. Dropati Devi in favour of Mr. Rajesh Chaudhry, duly registered as document No.6921 in Additional Book No.1, Volume No. 3007 on pages 12-13, in the office of the Sub-Registrar, New Delhi on 26.10.1972. An FIR has been lodged in Police Station Karol Bagh, Delhi, bearing complaint No. 27/1989 for the same.
It is notified that any person/body/institution having any sort of right/claim/title/encumbrance/lien/objection/interest on the basis of the aforesaid lost document and/or any other document/act, shall contact or notify the undersigned with valid documentary proof within **Seven (7) days** from the publication hereof, failing which, my client shall freely proceed further to deal with the Subject Property in any manner he/she may deem fit.
**VIDUR AGNIHOTRI**
**(Advocate, D/6333/2021)**
**W-151, G.K-I, N.D.,**
**PH.9999992344, 011-35552664**

# चीनी सशस्त्र बल तेजी से विश्वस्तरीय बनें : चिनफिंग

भाष। बीजिंग

**अमेरिका के साथ बढ़ते** तनाव के बीच राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने चीनी सशस्त्र बलों को और अधिक तेजी से विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप उन्नत बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने युद्ध जीतने के लिए चीनी सेना की एकीकृत राष्ट्रीय रणनीतियों और रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नए कदम उठाने पर भी जोर दिया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख शी चिनफिंग ने बुधवार को यहां वार्षिक संसद सत्र में भाग लेने वाले पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के प्रतिनिधियों की एक बैठक के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि चीनी सशस्त्र बलों को और अधिक तेजी से विश्व स्तरीय मानकों के अनुसार उन्नत बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को युद्ध जीतने के लिए तकनीक और रक्षा विज्ञान के क्षेत्र में मजबूत बनाना आवश्यक है। चीन की राष्ट्रीय सामरिक क्षमताओं को बढ़ाने के लक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए चिनफिंग ने पीएलए प्रतिनिधियों से कहा कि सामरिक खतरों से निपटने के वास्ते देश की समग्र ताकत, संसाधनों और क्षमता को बढ़ाया जाना चाहिए। चिनफिंग ने मूल नवाचार पर ध्यान देने के साथ ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने प्रमुख बुनियादी ढांचे के निर्माण के समन्वय और राष्ट्रीय भंडार के निर्माण में तेजी लाने को कहा। उन्होंने इस मुद्दे पर और अधिक प्रगति का आग्रह करते हुए कहा कि एकीकृत राष्ट्रीय रणनीतियों और रणनीतिक क्षमताओं को मजबूत करने और बढ़ाने से सुधार और नवाचार को गति मिलनी चाहिए।

# अफगानिस्तान में बम धमाके में प्रांतीय गवर्नर सहित तीन की मौत



भाषा। इस्लामाबाद

**अफगानिस्तान के** मजार-ए-शरीफ में बृहस्पतिवार को एक बम धमाके में एक प्रांतीय गवर्नर सहित तीन लोगों की मौत हो गई। तालिबान पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने बताया कि बाल्ख प्रांत की राजधानी मजार-ए-शरीफ में गवर्नर कार्यालय में हुए बम धमाके में प्रांतीय गवर्नर दाऊद मुजमल और दो अन्य लोगों की मौत हो गई। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने कहा कि जांच शुरू कर दी गई है लेकिन उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी। वजीरी के मुताबिक, फिलहाल किसी संगठन ने इस धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, इसके पीछे इस्लामिक स्टेट (आईएस) के क्षेत्रीय सहयोगी इस्लामिक स्टेट इन खोरासन प्रॉविन्स (आईएसकेपी) का हाथ माना जा रहा है, जो तालिबान के मुख्य प्रतिद्वंद्वियों में से एक है। आईएसकेपी ने अगस्त 2021 में तालिबान के फिर से हुकूमत में आने के बाद अफगानिस्तान में हमले तेज कर दिए हैं। तालिबान के गश्ती दल और अल्पसंख्यक शिया समुदाय के लोग उसके निशाने पर रहे हैं।

भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | यशवंत प्लेस सर्विस स्टेशन/ राज कुमार गोयल/ रजनी गोयल/ प्रदीप मेहरा/ LBNOD00005119999 & LBNOD00005311294 | प्लॉट नंबर 163, मोती बाग-II, सत्य निकेतन, दिल्ली-110021/ मार्च 04, 2023 | जून 09, 2022 रु. 4,51,58,484/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
**दिनांक : मार्च 10, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# पृथ्वी के आकार की तरह ग्रह की खोज

● तारे की परिक्रमा करने वाले दो ग्रह में हो सकता है जीवन

भाषा। ईस्ट लांसिंग (अमेरिका)

(द कन्वरसेशन) नासा ने हाल ही में टीओआई-700 नामक एक तारे के रहने योग्य क्षेत्र में पृथ्वी के आकार के एक ग्रह की खोज की घोषणा की। हम दो खगोलशास्त्री हैं जिन्होंने टीओआई-700ई नामक इस ग्रह की खोज का नेतृत्व किया। टीओआई-700ई पृथ्वी से सिर्फ 100 प्रकाश वर्ष दूर है - मनुष्यों के आने-जाने के लिए बहुत दूर - लेकिन हम जानते हैं कि यह आकार में पृथ्वी के समान है, संरचना में इसके चट्टानी होने की संभावना है और संभावित रूप से जीवन का समर्थन कर सकता है। आपने शायद हाल के वर्षों में कई




अन्य एक्सोप्लैनेट खोजों में से कुछ के बारे में सुना है। वास्तव में, टीओआई-700ई सिर्फ टीओआई-700 स्टार सिस्टम में दो संभावित रहने योग्य ग्रहों में से एक है। रहने योग्य ग्रह वे होते हैं जो सतह के तापमान के लिए अपने तारे से ठीक दूरी पर होते हैं जो तरल पानी को बनाए रख सकते हैं। जबकि पृथ्वी से दूर एक नए, संभावित रूप से रहने योग्य ग्रह को खोजना हमेशा रोमांचक होता है, एक्सोप्लैनेट अनुसंधान का ध्यान अधिक ग्रहों की खोज से हट रहा है। इसके बजाय, शोधकर्ता ऐसी प्रणालियों को खोजने और अध्ययन करने के अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो कुछ प्रमुख सवालों के जवाब दे सकें जैसे कि ग्रह कैसे बनते हैं, वे कैसे विकसित होते हैं, और क्या ब्रह्मांड में जीवन मौजूद हो सकता है। टीओआई-700ई इन कई अन्य ग्रहों की खोजों से अलग है क्योंकि यह भविष्य के अध्ययन के लिए उपयुक्त है ।

## खगोलविदों ने कुछ प्रणालियों की भी खोज की है

जैसे टीओआई-700 - जिनके पास अपने तारे के रहने योग्य क्षेत्र में परिक्रमा करने वाले एक से अधिक ग्रह है। हम इन्हे कीस्टोन सिस्टम कहते है। रहने योग्य भाई बहनो की एक जोड़ी टीओआई-700 ने पहली बार तब सुर्खियां बटोरी जब हमारी टीम ने 2020 की शुरुआत में तारे की परिक्रमा करने वाले तीन छोटे ग्रहों की खोज की घोषणा की। नासा के ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वेइंग सैटेलाइट मिशन और स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप के अवलोकनो के संयोजन का उपयोग करके हमने टीओआई-700 से आने वाले प्रकाश की मात्रा में छोटी गिरावट को मापकर इन ग्रहों की खोज की। प्रकाश में ए गिरावट सिस्टम के केंद्र में छोटे, शांत, लाल बौने तारे के सामने से गुजरने वाले ग्रहों के कारण होती है। प्रकाश में परिवर्तनों का सटीक माप लेकर, हम यह निर्धारित करने में सक्षम थे कि कम से कम तीन छोटे ग्रह टीओआई-700 प्रणाली में है, संभावित चौथे के संकेत के साथ। हम यह भी निर्धारित कर सकते है कि तारे से तीसरा ग्रह, टीओआई-700 डी, अपने तारे के रहने योग्य क्षेत्र के भीतर परिक्रमा करता है, जहाँ ग्रह की सतह का तापमान तरल पानी के होने लायक हो सकता है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

**I, Shabeeh Naz, W/o Salman** Faisal, R/o 370/6-A, Zakir Nagar, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025 have changed my name as Shabeeh Naaz for all future purposes.
PD(90293)A

**I, Shailendra Singh S/o** Haribhan Singh R/o C602,AIM Green Avenue, Sector-4, Greater Noida West U.P. have changed my minor son name from Sanidhya Singh to Suryansh Singh for all future purposes.
PD(90294)A

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संजय गुप्ता/ पूजा गुप्ता/ LBGUR00002091679 | फ्लैट नंबर 2122, टावर 2, टाइप-बी, 12वीं मंज़िल, एटीएस ट्रायंफ, सेक्टर-104, हरियाणा, गुड़गाँव/ मार्च 06, 2023 | अक्टूबर 29, 2022 रु. 1,60,40,055/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।
**दिनांक : मार्च 10, 2023**
**स्थान : दिल्ली**
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# फडणवीस ने शिंदे सरकार का पहला बजट पेश किया

● महिलाओं-किसानों को राहत

भाषा। मुंबई



**महाराष्ट्र के** उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एकनाथ शिंदे सरकार का पहला बजट बृहस्पतिवार को पेश किया। सरकार ने कामकाजी महिलाओं को पेशेवर कर में राहत, महिलाओं को राज्य परिवहन निगम की बसों के किराए में आधी छूट और बच्चियों के लिए नई योजना पेश करने के साथ-साथ किसानों को 6,000 रुपए की मदद और एक फसल बीमा योजना का प्रस्ताव दिया है। फडणवीस ने सदन में16,222 करोड़ रुपए के राजकोषीय घाटे के साथ कुल।,72,000 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। किसानों के लिए एक रुपए में फसल बीमा योजना की घोषणा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इससे सरकार पर 3,312 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती फसल बीमा योजना में किसानों को फसल बीमा प्रीमियम का दो प्रतिशत भुगतान करना पड़ता था। अब किसानों को अब एक भी पैसा नहीं देना पड़ेगा क्योंकि प्रीमियम राशि का भुगतान सरकार करेगी। फडणवीस ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा योजना महात्मा फुले जन आरोग्य योजना के दायरे को बढ़ाया गया है। इसे 1.5 लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए करने का प्रस्ताव है। उन्होंने आगे कहा, बजट में नमो शेतकारी महासम्मान योजना का भी प्रस्ताव पेश किया, जिसके अंतर्गत राज्य में प्रत्एक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत मिलने वाले 6,000 रुपए के अलावा अन्य 6,000 रुपए की धनराशि भी प्रतिवर्ष मिलेगी। इससे 1.15 करोड़ किसान परिवारों को लाभ मिलेगा और सरकार पर इसका 6,900 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार पड़ेगा। मुंबई मेट्रोपोलिटन रीजन (एमएमआर) में 50 किलोमीटर का अतिरिक्त मेट्रो नेटवर्क जोड़ा जाएगा। परियोजना में मुंबई मेट्रो लाइन 10 (गैमुख से शिवाजी चौक, मीरा रोड, जिसकी अनुमानित कीमत 4,476 करोड़ रुपए, वडाला से छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, जिसकी अनुमानित कीमत 8,739 करोड़ रुपए और कल्याण से तलोजा, जिसकी अनुमानित कीमत 5,865 करोड़ रुपए) को पूरा किया जाएगा। छत्रपति संभाजी नगर हवाईअड्डा की भूमि के अधिग्रहण के लिए 734 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी, जिसके अलावा नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा का विस्तार किया जा रहा है। शिंदे नीत सरकार का गठन जून 2022 में हुआ था। विधान परिषद में बजट प्रस्ताव राज्य के स्कूली शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर ने पढ़ा।

# सुमालता अंबरीश के भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज

भाषा। बेंगलुरु-विजयापुरा

● बोम्मई ने कहा : बातचीत जारी



**कर्नाटक में** विधानसभा चुनावों से पहले मांड्या सीट से लोकसभा सदस्य सुमालता अंबरीश के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस संबंध में बातचीत चल रही है। खबरों के मुताबिक निर्दलीय सांसद सुमालता शुक्रवार को मांड्या में एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा में शामिल होने के फैसले की घोषणा कर सकती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 12 मार्च को मांड्या की निर्धारित यात्रा से पहले यह घोषणा हो सकती है। मोदी मद्दुर तालुक के गेज्जालगेरे में बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करने और वहां एक जनसभा को संबोधित करने के लिए आएंगे। उनके मांड्या में डेढ़ किलोमीटर लंबे रोड शो में भी हिस्सा लेने की संभावना है। अभिनय से राजनीति में आईं सुमालता के भाजपा में शामिल होने और इस संबंध में संवाददाता सम्मेलन आयोजित करने से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए बोम्मई ने विजयापुरा में पत्रकारों से कहा, प्रक्रिया जारी है, चर्चा चल रही है। इस बात के पर्याप्त संकेत हैं कि वह मई में होने वाला विधानसभा चुनाव लड़ सकती हैं। उनके मांड्या जिले के किसी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने की संभावना है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सी टी रवि ने यादगीर में संवाददाताओं से कहा, आपने इतने समय तक इंतजार किया है, 24 घंटे और कर लीजिए। मुझे जिसके बारे में पता नहीं, मैं उसकी पुष्टि या उससे इनकार नहीं कर सकता। सुमालता (59) अभिनेता से नेता बने एम एच अंबरीश की विधवा हैं।

### कश्मीरी छात्रों को एमबीबीएस सीटें बेचने के मामले में घाटी में ईडी की छापेमारी

**श्रीनगर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पाकिस्तान में कश्मीरी छात्रों को एमबीबीएस सीटें बेचने के मामले में बृहस्पतिवार को हुर्रियत नेताओं के घरों समेत तीन जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनंतनाग में काजी यासिर, यहां बाग-ए-मेहताब इलाके में जम्मू-कश्मीर सॉल्वेशन मूवमेंट के अध्यक्ष जफर भट और अनंतनाग के मट्टन इलाके में मोहम्मद इकबाल ख्वाजा के घरों पर छापे मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ केंद्रीय जांच एजेंसी के कर्मियों ने तीन स्थानों पर एकसाथ छापे मारे।

### नगालैंड में दो दशक बाद शहरी निकाय चुनाव होंगे, 33 फीसदी सीट महिलाओं को

**कोहिमा।** नगालैंड राज्य चुनाव आयोग ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह लगभग दो दशकों के बाद 16 मई को महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने के साथ 39 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के चुनाव कराएगा। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो की अध्यक्षता मे नवगठित नगालैंड मंत्रिमंडल ने मंगलवार को अपनी पहली बैठक मे उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के साथ इस साल मई तक यूएलबी चुनाव कराने पर विचार-विमर्श किया। इसके बाद, राज्य चुनाव आयुक्त (एसईसी) टी. म्हाबेमो यानथन ने घोषणा की कि महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीट आरक्षित करने के साथ राज्य में तीन नगर परिषदो और 36 नगर परिषदो के गठन के लिए चुनाव 16 मई को होंगे। चुनाव कार्यक्रम को अधिसूचित करते हुए उन्होंने कहा कि नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया तीन अप्रैल से शुरू होगी और 10 अप्रैल को समाप्त होगी। नामांकन पत्रों की जांच 12 और 13 अप्रैल को की जाएगी, जबकि नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल है। मतगणना 19 को होगी।

### कर्नाटक में भाजपा एमएलसी कांग्रेस में शामिल हुए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक मे सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) पुत्तन्ना सरकार में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। पुत्तन्ना ने कहा कि उन्होंने परिषद और भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। विधान परिषद के चार बार के सदस्य पुत्तन्ना बेंगलुरु शहरी, बेंगलुरु ग्रामीण और रामनगर जिलों के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उन्हे अक्टूबर 2020 मे परिषद के लिए फिर से चुना गया था और उनका कार्यकाल अक्टूबर 2026 तक समाप्त था। उन्होंने पत्रकारों बातचीत मे आरोप लगाया कि कर्नाटक मे व्याप्त भ्रष्टाचार ने उन्हे यह निर्णय लेने के लिए मजबूर किया। नेता ने कहा, जिस सपने को लेकर मै भाजपा मे शामिल हुआ था, वह पूरा नही हो सका।

# राहुल के बयान को लेकर झूठ फैला रही है भाजपा



भाषा। नई दिल्ली

● माफी मांगे रविशंकर प्रसाद: कांग्रेस

**कांग्रेस ने राहुल** गांधी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले को लेकर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी झूठ फैला रही है जबकि राहुल गांधी ने भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने की बात की है। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद को झूठ बोलने के लिए माफी मांगनी चाहिए तथा सरकार को चीन एवं पाकिस्तान तथा महंगाई और बेरोजगारी को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रसाद अपने सुप्रीमो की तरह बदनाम करने और सरासर झूठ बोलने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने ट्वीट किया, रविशंकर प्रसाद वही कर रहे हैं जो उनके सुप्रीमो करते हैं, यानी विकृत करो, तोड़ो-मरोड़ो, बदनाम करो और सरासर झूठ बोलो। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने प्रसाद पर तंज कसते हुए कहा, इससे ज्यादा कुछ भी दिलचस्प नहीं हो सकता कि सत्तारूढ़ पार्टी के एक बेरोजगार नेता प्रासंगिकता और रोजगार हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जो लोग विपक्षी नेताओं को तोड़ने-मरोड़ने का काम करते हैं वे अपना खुद का पसंदीदा नारा अबकी बार, ट्रंप सरकार भूल गए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने संवाददाताओं से कहा, आज मैंने भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद जी का शर्मनाक और गैर जिम्मेदाराना बयान सुना, जो उन्होंने राहुल जी के लोकतंत्र पर दिए गए वक्तव्य पर दिया। मैं उनका दर्द, विरोधाभास और खबरों में बने रहने की ललक को समझ सकती हूं, लेकिन वह प्रासंगिकता की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी ने लंदन में भारत के लोकतंत्र को लेकर बेहद अहम बात रखी। उन्होंने कहा कि कमजोर होता लोकतंत्र भारत की आंतरिक समस्या है और इसका समाधान भारत को ही करना है। लेकिन हमेशा की तरह भाजपा ने इसे जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया। सुप्रिया ने कहा कि राहुल गांधी जो मुद्दे उठाते हैं, उस पर सरकार को संसद में चर्चा करानी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो जाए। उन्होंने कहा कि रविशंकर प्रसाद को झूठ बोलने के लिए माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि सरकार को चीन और पाकिस्तान तथा महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने विदेशी धरती से भारत में लोकतंत्र की स्थिति और आरएसएस की आलोचना करने के लिए मंगलवार को राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि उसका स्पष्ट विश्वास है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष पूरी तरह से माओवादी विचार प्रक्रिया और अराजक तत्वों की गिरफ्त में हैं।

### सभापति अंपायर और रेफरी होते हैं, सत्तापक्ष के चीयरलीडर नहीं हो सकते: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राहुल गांधी की आलोचना किए जाने को लेकर बृहस्पतिवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्यसभा के सभापति सभी के लिए अंपायर और रेफरी होते हैं, लेकिन वह सत्तापक्ष के चीयरलीडर नहीं हो सकते। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि धनखड़ की टिप्पणियां निराशाजनक हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को पूर्वाग्रह और किसी दल के प्रति झुकाव से मुक्त होना चाहिए। धनखड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की परोक्ष रूप से आलोचना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि विदेशी धरती से यह कहना मिथ्या प्रचार और देश का अपमान है कि भारतीय संसद में माइक बंद कर दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब भारत के पास अभी जी 20 की अध्यक्षता करने का गौरवशाली क्षण है, तो ऐसे समय में एक सांसद द्वारा भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक इकाइयों की छवि धूमिल किए जाने को स्वीकार नहीं किया जा सकता। धनखड़ ने कहा कि वह इस संबंध में अपने संवैधानिक कर्तव्य से विमुख नहीं हो सकते। उपराष्ट्रपति ने राहुल गांधी का नाम नहीं लिया।



पंजाब दौरे पर गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में दर्शन किए

### जयपुर में राष्ट्रीय सेवा संगम में भाग लेंगे आरएसएस प्रमुख

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत सात अप्रैल को राष्ट्रीय सेवा भारती के तत्वाधान में आयोजित तीसरे राष्ट्रीय सेवा संगम के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। राष्ट्रीय सेवा भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष पन्नालाल भंसाली ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा भारती के तत्वाधान में तीसरा राष्ट्रीय सेवा संगम सात से नौ अप्रैल तक जयपुर स्थित केशव विद्यापीठ, जामडोली में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने एक बयान में बताया कि तीसरे राष्ट्रीय सेवा संगम के उद्घाटन समारोह में आरएसएस प्रमुख भागवत भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में देश भर की।,000 से अधिक संस्थाओं के करीब 5,000 प्रतिनिधियों के साथ अनेकों सेवा प्रेमी, प्रसिद्ध उद्योगपति, संत, खेल और कला जगत के गणमान्य लोग सम्मिलित होंगे। इस पंचवर्षीय राष्ट्रीय सम्मेलन का प्रमुख एवं निहित उद्देश्य राष्ट्रीय सेवा भारती से संबंध व संलग्न स्वैच्छिक संस्थाओं के सामूहिक प्रयासों के बीच तालमेल स्थापित कर समरस, सक्षम, स्वाबलंबी एवं आत्मनिर्भर समाज और समृद्ध भारत का निर्माण करना है।

### गया में मोर्टार नहीं दागा गया : सेना

**पटना।** बिहार के गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र में एक गोले (मोर्टार गोले) की चपेट में आकर हुई तीन ग्रामीणों की मौत पर सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को स्पष्ट किया कि जिले के प्रशिक्षण रेंज में एक दिन पहले कोई गोला नहीं दागा गया था। दानापुर छावनी के प्रशासनिक कमांडेंट कर्नल दुष्यंत सिंह चौहान के एक बयान के अनुसार, गया में देउरी डुमरी फायरिंग रेंज में मोर्टार फायरिंग के लिए कोई मंजूरी नहीं दी गई थी। बयान में कहा गया है, यह स्पष्ट किया जाता है कि 8 मार्च, 2023 को देउरी डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज में मोर्टार (गोला) नहीं दागा गया था... एक अधिसूचित फायरिंग रेंज में (गोला दागने के लिए) सभी मंजूरी दैनिक आधार पर स्थानीय नागरिक प्रशासन और पुलिस से, फायरिंग से पहले प्राप्त की जाती हैं। 8 मार्च, 23 को मोर्टार फायरिंग के लिए ऐसी कोई मंजूरी नहीं मांगी गई थी। बयान में अपनी बात की पुष्टि के लिए विस्फोट के प्रभाव से घटना स्थल पर बने गड्ढे की रिपोर्ट और तस्वीरों का हवाला दिया गया है। बयान में कहा गया है, यह देखा गया है कि सोशल मीडिया के कुछ वर्ग जमीन में एक गोल आकार का छेद दिखा रहे हैं जिसे मोर्टार शेल के प्रभाव बिंदु के रूप में दर्शाया गया है।

### भारत चाबहार बंदरगाह के जरिए अफगानिस्तान को 20,000 मीट्रिक टन गेहूं भेजेगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मंगलवार को अफगानिस्तान पर भारत-मध्य एशिया संयुक्त कार्यकारी समूह की पहली बैठक में भारत ने चाबहार बंदरगाह के जरिए अफगानिस्तान को 20,000 मीट्रिक टन गेहूं भेजने का ऐलान किया। इस बैठक में युद्ध से तबाह अफगानिस्तान के हालात पर गहन चर्चा हुई। भारत और पांच मध्य एशियाई देशों ने मंगलवार को कहा कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल किसी तरह की आतंकवादी गतिविधियों के लिए नहीं होना चाहिए। इन देशों ने काबुल में सही मायने में समावेशी राजनीतिक ढांचे के गठन पर जोर दिया, जो महिलाओं समेत सभी अफगानों के अधिकारों का सम्मान करे। एक संयुक्त बयान में कहा गया कि बैठक में सही मायने में समावेशी और प्रतिनिधिक राजनीतिक ढांचे के गठन के महत्व पर जोर दिया गया, जो सभी अफगानों के अधिकारों का सम्मान करे और शिक्षा तक पहुंच सहित महिलाओं, लड़कियों और अल्पसंख्यक समूहों के सदस्यों के समान अधिकार को सुनिश्चित करे। पिछले साल दिसंबर में अफगानिस्तान में महिलाओं के लिए विश्वविद्यालई शिक्षा पर प्रतिबंध लगाने के तालिबान के फैसले की आलोचना करने वाले कई प्रमुख देशों में भारत भी शामिल था।

### मेघालय : संगमा ने विभागों का बंटवारा किया

**शिलांग।** मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा ने बृहस्पतिवार को मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा किया। उन्होंने महत्वपूर्ण विभागों को एनपीपी के पास बरकरार रखा वहीं गठबंधन सहयोगियों को राजनीतिक रूप से कम महत्वपूर्ण माने जाने वाले विभाग दिए। मुख्य सचिव डी पी वाहलांग द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार संगमा ने वित्त, वन, राजनीतिक, कार्मिक, आईटी और खनन एवं भूविज्ञान विभाग अपने पास रखे। दो उप मुख्यमंत्रियों में से एक प्रेस्टोन तिनसोंग को गृह, पीडब्ल्यूडी, जिला परिषद मामलों और संसदीय मामलों के विभाग आवंटित किए गए। एक अन्य उपमुख्यमंत्री एस धर को शहरी मामलों, परिवहन, उद्योग और जेल तथा सुधार सेवाओं का प्रभार दिया गया है। राज्य मंत्रिमंडल में एकमात्र महिला एम अम्परीन लिंगदोह को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानून, सूचना एवं जनसंपर्क और कृषि विभाग दिए गए हैं।

# भाजपा के मुस्लिम संपर्क अभियान को लेकर कश्मीर में मिली-जुली प्रतिक्रिया

भाषा। श्रीनगर

**देशभर में मुसलमानों** के बीच पहुंच बनाने के लिए शुक्रवार को शुरू होने वाले भारतीय जनता पार्टी के संपर्क कार्यक्रम को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया देखी जा रही है। हालांकि इस बात को लेकर सर्वसम्मति है कि घाटी और देश के बाकी हिस्से के बीच दूरी को पाटने की जरूरत है। भाजपा का अल्पसंख्यक मोर्चा 10 मार्च से देशभर में मुस्लिम संपर्क अभियान शुरू करेगा। पार्टी ने पहले चरण के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में फैले 64 जिलों का इसके लिए चयन किया है। जम्मू-कश्मीर के मुफ्ती-ए-आजम नासिर उल इस्लाम ने पीटीआई-भाषा से कहा, जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों के पास बहुत सारे मुद्दे और शिकायतें हैं जिनका वे हल चाहते हैं, इसके अलावा भारत के अन्य हिस्सों में भी मुसलमानों में सुरक्षा की भावना पैदा करने की आवश्यकता है। सत्ता में जो हैं, अगर वे समाधान ढूंढ रहे हैं तो यह स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि हाल में हरियाणा में दो मुस्लिम व्यक्तियों की हत्या जैसी घटनाओं ने समुदाय की भावनाओं को आहत किया है। इस्लाम ने कहा, केंद्र सरकार और कश्मीर घाटी के मुसलमानों के बीच एक दूरी और मतभेद रहा है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद कई दावे किए गए, लेकिन कुछ भी सच नहीं निकला। क्या वे तोड़फोड़ अभियान से लोगों का दिल जीत सकते हैं? वे लोगों को मूर्ख नहीं बना सकते। उन्होंने कहा कि कश्मीर में भाजपा का मुस्लिम संपर्क कार्यक्रम में स्थानीय आबादी की चिंताओं को दूर करने के लिए अगर व्यावहारिक उपाय नहीं किए जाते तो इसे केवल बयानबाजी ही कहा जा सकता है। इस्लाम ने कहा, ए कार्यक्रम खोखली बयानबाजी नहीं होना चाहिए। इसका व्यावहारिक प्रभाव होना चाहिए और उन्हें लोगों तक पहुंचना चाहिए।

# ग्रेटर टिपरालैंड की मांग का कभी समर्थन नहीं करेगी भाजपा : माणिक साहा

भाषा। अगरतला



**त्रिपुरा के** मुख्यमंत्री माणिक साहा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और टिपरा मोथा सुप्रीमो प्रद्योत किशोर देबबर्मा के बीच यहां एक उच्च स्तरीय बैठक के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-नीत सरकार टिपरालैंड या ग्रेटर टिपरालैंड जैसी मांगों का कभी समर्थन नहीं करेगी। ग्रेटर टिपरालैंड की मांग करने वाली क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा ने 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा और 60 सदस्ईय त्रिपुरा विधानसभा में 13 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। मुख्यमंत्री ने कहा, मूल निवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को कैसे ऊपर उठाया जाए, इसे लेकर हमने जनजातीय कल्याण पर चर्चा की। बैठक में वार्ताकार नियुक्त करने का कोई निर्णय नहीं लिया गया, लेकिन जनजातीय कल्याण पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ बैठक के तुरंत बाद, टिपरा मोथा सुप्रीमो ने दावा किया था कि केंद्र सरकार सुधारात्मक उपाय करने के लिए जनजातीय लोगों की समस्याओं के मद्देनजर आधिकारिक तौर पर एक वार्ताकार नियुक्त करेगी।मुख्यमंत्री ने दोहराया कि जनजातीय कल्याण भाजपा-इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) सरकार के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र होगा।

साहा ने कहा कि भाजपा-आईपीएफटी सरकार 2023 के विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जारी दृष्टिकोण पत्र पर काम करेगी।वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा न केवल त्रिपुरा में बल्कि पूरे पूर्वोत्तर में बेहतर प्रदर्शन करेगी।उन्होंने कहा, हमें अगले आम चुनावों में पूर्वोत्तर में 2019 के चुनावों में पार्टी की सीटों की तुलना में अधिक सीटें मिलेंगी। मंत्रिमंडल की पहली बैठक के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिनय भूषण दास को विधानसभा का अस्थाई अध्यक्ष चुना गया था और लेखानुदान पर भी चर्चा हुई।उन्होंने कहा, नए मंत्रियों के विभागों का जल्द ही बंटवारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल में कुछ नए चेहरों को लाना भाजपा सरकार की सामान्य कवायद है। पिछले मंत्रिमंडल के चार सदस्यों को इस बार हटा दिया गया था। चुनाव के बाद हुई हिंसा पर मुख्यमंत्री ने कहा, कुछ खबरें मेरी जानकारी में आ रही हैं। एक निहित स्वार्थी समूह परेशानी पैदा करने की कोशिश कर रहा है। मैंने डीजीपी से स्थिति को मजबूती से संभालने के लिए कहा है।

# मोदी सबसे बड़े कद के नेता : हिमंत

भाषा। गुवाहाटी

● पूर्वोत्तर में राजनीतिक दलों को उनका समर्थन करना ही होगा



**असम के मुख्यमंत्री** हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि पूर्वोत्तर में चुनाव लड़ने वाले सभी राजनीतिक दलों को यह समझ लेना चाहिए कि अंतत: उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का समर्थन करना ही होगा। शर्मा ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि देश के नेताओं में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद सबसे बड़ा है और इस क्षेत्र में हर कोई उन्हें पसंद करता है।

नगालैंड में जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) द्वारा नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) और भाजपा गठबंधन वाली सरकार को समर्थन देने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर में प्रवेश करने से पहले सभी दलों का यह समझ लेना चाहिए कि जल अंतत: समुद्र में ही मिलता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कद सबसे बड़ा है और सभी उन्हें पसंद करते हैं। शर्मा पूर्वोत्तर जनतांत्रिक गठबंधन (एनईडीए) के संयोजक भी हैं।शर्मा ने हालांकि इस सवाल पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि नगालैंड का घटनाक्रम जद (यू) प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी का संकेत है। भाजपा नेता ने तंज करते हुए कहा, मैंने उनके बारे में ज्यादा शोध नहीं किया है। लेकिन नीतीश कुमार को लेकर, आप किसी चीज की गारंटी नहीं दे सकते। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ब्रिटेन दौरे के दौरान पिछले दिनों उनकी टिप्पणियों को लेकर हुए विवादों के लिए शर्मा ने उन्हें आड़े हाथों लिया और दावा किया कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि भारत में उनकी कोई नहीं सुनता। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जानते हैं कि भारत में उन्हें कोई नहीं सुनेगा। इसलिए उन्होंने भारत विरोधी कुछ लोगों को लंदन में जमा किया और उनके समक्ष बोला। असम के मुख्यमंत्री ने कहा, देश के बाहर भाषण देकर पहली बार गांधी ने कुछ बुद्धि का प्रदर्शन किया। इसके लिए हमें उन्हें श्रेय देना चाहिए।

### खरगोन परिक्षेत्र में आए बाघ के हमले में व्यक्ति की मौत

**खरगोन (मप्र)।** महाराष्ट्र के यावल अभयारण्य से मध्यप्रदेश के खरगोन वन मंडल क्षेत्र के चिरिया वन परिक्षेत्र में आए एक बाघ के हमले में घायल हुए व्यक्ति की इलाज के लिए इंदौर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। एक वन अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। वन अधिकारी ने कहा कि यह घटना बुधवार शाम खुशियाली गांव में उस समय हुई, जब बाघ महाराष्ट्र के जलगांव जिले में स्थित यावल वन्यजीव अभयारण्य से मध्य प्रदेश में आ गया। भीकनगांव के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ), वन दिनेश वास्केल ने कहा कि मृतक की पहचान संतोष भास्कर (35) के रूप में हुई है।



कश्मीर के डोडा में भारतीय सेना ने सौ फीट लम्बे तिरंगे की स्थापना की

